www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:13 सूर्यास्त 5:34

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.08 न्यू | 13.05 अधि |
| धर्मशाला | 7.02 न्यू | 20.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72240.26 |
| निफ्टी | 21731.40 |
| सोना 63970 | चांदी 78600 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | रविवार, 31 दिसंबर 2023 | 16 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 13 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |



चंपा के फूलों के बीच बनाया गया था श्रीराम का मंदिर...पेज 3

# श्रीराम मंदिर में लगेगा छह क्विंटल का घंटा, 10 किलोमीटर दूर तक सुनाई देगी आवाज

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** नगरी में 'रामलला' की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में काफी उत्साह है। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए कई दिनों से जोरदार तैयारियां चल रही हैं।





प्राण-प्रतिष्ठा से पहले ही भक्तों ने अयोध्या नगरी में पहुंचना शुरू कर दिया है। वहीं, मूर्तिकार और शिल्पकार मंदिर को भव्य, दिव्य और अलौकिक बनाने के लिए अपनी कला से अयोध्या नगरी को संवारने में लगे हैं। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर बनने वाले मंदिर में रामेश्वरम से भेंट स्वरूप आया छह क्विंटल वजन का एक अद्भुत और विशाल घंटा लगाया जाएगा, जिसकी आवाज मंदिर से 10 किलोमीटर के दायरे में सुनाई देगी।



**613** किलोग्राम वजन का भव्य घंटा

**3.9** फुट चौड़ाई

**4** फीट ऊंचाई

**10** किलोमीटर के करीब पूरे अयोध्या की परिधि, जब घंटा बजेगा तो इसकी गूंज पूरे अयोध्या वासियों को सुनाई देगी





**8** किलोमीटर अयोध्या धाम से अयोध्या छावनी की दूरी

**36** दरवाजे राम मंदिर में होंगे | **18** दरवाजे गर्भगृह के होंगे | दरवाजों पर चढ़ेगी सोने की परत

**03** किलो के करीब सोना हर दरवाजे पर लगेगा। राम मंदिर के दरवाजे सागौन की लकड़ी से तैयार किए जा रहे हैं और ये सोने से जड़े होंगे। इन दरवाजों को हैदराबाद के कारीगरों ने तैयार किया है।

**160** गर्भगृह में और ऊपरी तल में 132 खंभे होंगे

## पूरे मंदिर को तैयार होने में अभी लगेंगे और दो साल

मंदिर परिसर में चारों कोनों पर भगवान सूर्य, माता भगवती, भगवान गणेश और भगवान शंकर को समर्पित मंदिर बनाए जाएंगे। उत्तर दिशा में मां अन्नपूर्णा का मंदिर बनाया जाएगा, तो दक्षिण की ओर बजरंगबली का मंदिर होगा। साथ ही मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त, निषाद राज, माता शबरी और देवी अहिल्या का भी मंदिर होगा। जटायु की मूर्ति भी लगाई जाएगी।

## नागर शैली में तैयार हो रहा राम मंदिर

राम मंदिर करीब ढाई एकड़ में तैयार किया जा रहा है। अगर इसमें 'परिक्रमा पथ' भी जोड़ लिया जाए तो यह पूरा परिसर आठ एकड़ का हो जाता है। मंदिर को परंपरागत नागर शैली में तैयार किया जा रहा है।

**03** मंजिला होगा मंदिर



**162** फुट ऊंचाई होगी

**06** और मंदिर परिसर में मंदिर बनाए जाएंगे

**03** मंजिला राम मंदिर में ग्राउंड फ्लोर के गर्भगृह में श्रीराम बाल स्वरूप में विराजित होंगे। फर्स्ट फ्लोर के गर्भगृह में राम दरबार विराजित होगा।

**392** पिलर राम मंदिर में लगेंगे

## न्यूज शॉर्ट्स

### इंडोनेशिया-सुमात्रा में भूकंप की 5.9 तीव्रता से हिली धरती

**बीजिंग।** उत्तरी सुमात्रा के पश्चिमी तट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 5.9 रही। भूकंप का केंद्र 10.0 किमी की गहराई पर था। इंडोनेशिया के असेह प्रांत में भी 5.9 तीव्रता से भूकंप के झटके लगे। हालांकि, जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### विनेश फोगाट ने भी खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड लौटाए



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) में जारी विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता विनेश फोगाट ने शनिवार को अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार लौटा दिया है। पहलवान विनेश फोगाट सम्मान को वापस लौटाने के लिए कर्तव्य पथ पहुंचीं, लेकिन वह विजय चौक से आगे नहीं जा सकीं। विनेश अपना मेडल कर्तव्य पथ पर ही रखकर चली गईं।

### पुंछ में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। 21 दिसंबर को सेना पर हुए हमले के बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। इसी दौरान तीन पिस्टल, छह पिस्टल मैगजीन, 60 पिस्टल की गोलियां और चार ग्रेनेड जब्त किए गए हैं।

## टॉप स्टोरीज

गोलीकांड, डबल मर्डर और फिरौती की सुर्खियों में रहा बीबीएन ...पेज 2

हिमाचल को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का बजट मंजूर ...पेज 3

राजस्थान सरकार कैबिनेट का विस्तार, 22 मंत्रियों ने ली शपथ ...पेज 16

एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634

ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065



# देश को मिलीं छह वंदे और दो अमृत भारत ट्रेनें

## प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या धाम स्टेशन और महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का किया उद्घाटन

- हवाई अड्डे का भी किया उद्घाटन
- अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी पहली उड़ान
- पीएम का आठ किमी लंबा रोड शो
- 22 जनवरी को राम ज्योति जलाएं और दीपावली मनाएं

एजेंसी, नई दिल्ली

**अयोध्या** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छह वंदे भारत और दो अमृत भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। साथ ही प्रधानमंत्री ने अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का भी उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम ने महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। वहीं, 15 हजार 700 करोड़ के 46 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इससे पहले अयोध्या पहुंचने पर पीएम मोदी ने आठ किलोमीटर लंबा रोड शो किया। पीएम मोदी धनीराम मांझी के घर भी पहुंचे।

प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज अयोध्या में प्रगति का उत्साह है, कुछ दिन बाद परंपरा का उत्सव होगा। मैं भारत के 140 करोड़ देशवासियों से हाथ जोड़कर प्रार्थना कर रहा हूं कि जब 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम विराजमान हों, तब राम ज्योति जलाएं और दीपावली मनाएं। सभी का अयोध्या आना संभव नहीं है। यहां का पूरा कार्यक्रम हो जाने के बाद एक बार परिवार के साथ जरूर आएं। उधर, महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहली उड़ान उतरी। विमान में यात्रा के दौरान जो यात्री शामिल थे, उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल समेत कई बड़े नेता मौजूद थे।



अयोध्या में शनिवार को अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### कहां से चलेंगी वंदे भारत ट्रेनें

| कहां से चलेंगी वंदे भारत ट्रेनें |
|---|
| श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली |
| अमृतसर-दिल्ली |
| कोयंबटूर-बेंगलुरु कैंट |
| मैंगलोर-मडगांव |
| अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल |
| जालना-मुंबई |
| **अमृत भारत ट्रेन** |
| दरभंगा-अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल |
| मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल |

### पीएम ने मांझी के घर पहुंचकर पी चाय

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी अयोध्या में धनीराम मांझी के घर पहुंचे। यहां उन्होंने चाय पी। लोगों ने पीएम के साथ सेल्फी ली। फिर मोदी का काफिला एयरपोर्ट के लिए रवाना हुआ। वहीं, प्रधानमंत्री की जनसभा में एक लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ पहुंची।

### पक्का घर रामलला को ही नहीं, देश के करोड़ों गरीबों को भी मिला

**पीएम** मोदी ने कहा कि आजदी के आंदोलन से जुड़े ऐसे पावन दिवस पर आज हम आजादी के अमृतकाल के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। आज विकसित भारत के निर्माण को गति देने के अभियान को अयोध्या नगरी से नई ऊर्जा मिल रही है। पीएम ने कहा कि दुनिया का कोई भी देश हो, अगर उसे विकास की नई ऊंचाइयों को छूना है, तो उसे अपनी विरासत का ख्याल रखना होगा। रामलला तंबू में थे, आज पक्का घर है, सिर्फ रामलला को ही नहीं बल्कि देश के 400 करोड़ गरीबों को भी पक्का घर दिया गया। आज पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। भारत की मिट्टी के कण-कण और जन-जन का मैं पुजारी हूं। मैं भी उतना ही उत्सुक हूं। ये उत्साह उमंग आज अयोध्या की सड़कों पर नजर आ रहा था।

### बोले- 30 दिसंबर का दिन हमेशा रहा ऐतिहासिक

**पीएम** मोदी ने कहा कि देश के इतिहास में 30 दिसंबर की तारीख बहुत ऐतिहासिक रही है। 1943 में आज के ही दिन नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अंडमान में झंडा फहरा कर भारत की आजादी का जयघोष किया था। आज विकसित भारत के निर्माण को गति देने के अभियान को अयोध्या नगरी से नई ऊर्जा मिल रही है। आज यहां 15,700 करोड़ की 46 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि देशभर के लोगों से मेरी हाथ जोड़ कर प्रार्थना है कि मकर संक्रांति यानी 14 जनवरी से हर छोटे-बड़े तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता का अभियान चलाएं। प्रभु श्रीराम आ रहे हैं तो एक भी मंदिर अस्वच्छ नहीं होना चाहिए।

### मैं भी आपकी तरह ही उत्सुक हूं

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि आज पूरी दुनिया उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रही है। ऐसे में अयोध्यावासियों में अति-उत्साह स्वभाविक है। पीएम ने कह कि भारत की मिट्टी के कण-कण और भारत के जन-जन का मैं पुजारी हूं। मैं भी आपकी तरह ही उत्सुक हूं।

### लता मंगेशकर चौक की सुंदरता देख हुए भाव-विभोर

**अयोध्या** धाम रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के बाद एयरपोर्ट लौटते समय प्रधानमंत्री मोदी लता मंगेशकर चौक गए। पिछले वर्ष लता मंगेशकर की जयंती पर 28 सितंबर को उन्होंने इसका वर्चुअली उद्घाटन किया गया था। चौक पर 14 टन वजनी एवं 40 फुट लंबी वीणा लगाई गई है। पहली बार वीणा के पास पहुंचकर भाव-विभोर हो गए। उन्होंने वीणा की अलौकिक छवि का दीदार किया।



# कनाडा में बैठा गैंगस्टर लखबीर आतंकी घोषित

एजेंसी, चंडीगढ़

**कनाडा** में बैठे पंजाब के गैंगस्टर लखबीर सिंह लांडा को केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने आतंकी घोषित किया है। लांडा के खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े होने के कंफर्म इनपुट होने के बाद यह एक्शन लिया गया है।

33 साल का गैंगस्टर लांडा 2021 में मोहाली में पंजाब पुलिस के इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पर हुए हमले का मास्टरमाइंड है। इसके अलावा पंजाब के पुलिस थानों पर भी ग्रेनेड अटैक करवाने में उसकी साजिश सामने आ चुकी है। लखबीर को पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा का करीबी माना जाता है। गृह मंत्रालय के मुताबिक, लखबीर सिंह संधू उर्फ लांडा कनाडा के एडमोंटन अल्बर्टा में रहता है। वह पंजाब में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए आईईडी, हथियार, विस्फोटक सप्लाई करता है। लखबीर लांडा पंजाब में अमृतसर जिले के तरनतारन स्थित हरिके कस्बा के गांव किरियन का रहने वाला है। वह 2017 में कनाडा भाग गया था।

इसके बाद वह पंजाब में फिरौती और हमले करवाने जैसी आपराधिक गतिविधियां करने लगा। वह पाकिस्तान बैठे आतंकी रिंदा के टच में आया। इसके बाद देश विरोधी साजिशें रचना लगा।



- मोहाली पुलिस हेडक्वार्टर अटैक का है मास्टरमाइंड

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचे डीजीपी कुंडू हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के पालमपुर से संबंध रखने वाले कारोबारी निशांत शर्मा से जुड़े मामले में अब डीजीपी संजय कुंडू सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए हैं। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने इस मामले में बीते दिनों डीजीपी संजय कुंडू और एसपी कांगड़ा को उनकी वर्तमान पोस्टिंग से हटाने के निर्देश दिए थे।



इस मामले में हाई कोर्ट ने चार जनवरी को सुनवाई तय की हुई है। इससे पहले हिमाचल प्रदेश सरकार को डीजीपी और एसपी कांगड़ा को हटाने का फैसला लेना है। इसी बीच संजय कुंडू सुप्रीम कोर्ट पहुंच गए। हालांकि, उनका मामला लिस्टिंग के लिए पेंडिंग है। अब सभी की नजरें हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से लिए जाने वाले अगले फैसले पर हैं।

- हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट दे चुका है पद से हटाने के आदेश
- चार जनवरी से पहले हटाने के लिए कहा था

## टूरिज्म डिपार्टमेंट में कंपनी सिलेक्ट के ट्रेडर में हेराफेरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के टूरिज्म डिपार्टमेंट में पब्लिसिटी के लिए कंपनी को सिलेक्ट करने करने के ट्रेडर में हेराफरी होने का खुलासा हुआ है।

आईएएस पंकज राय की जांच में यह बात सामने आई है और सभी आरोप सही पाए गए हैं। अब टूरिज्म विभाग के सेक्रेटरी देवेश कुमार ने आईएएस एवं हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग के पूर्व निदेशक अमित कश्यप सहित स्क्रूटनी कमेटी के सभी मेंबरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस ज्वॉइंट डायरेक्टर टूरिज्म एंड सीए राखी सिंह, पब्लिसिटी ऑफिसर सुरजीत सिंह और पूर्व डायरेक्टर आईपीआर को नोटिस दिया है और 10 दिन में जवाब देने को कहा गया है। इस कार्रवाई से टूरिज्म डिपार्टमेंट में हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि एचपीटीडीसी के वाइस चेयरमैन को एक लिखित शिकायत मिली थी, जिसमें टेंडर देने में गड़बड़ी के आरोप लगाए गए थे। इसके बाद सरकार ने इसकी जांच आईएएस पंकज राय से करवाई। जांच में खुलासा हुआ है कि कंपनी की गलत ढंग से सिलेक्शन की गई। इसमें कमीशन के लेनदेन की भी आशंका जाहिर की गई।

- जांच में खुलासा, पूर्व डायरेक्टर समेत स्क्रूटनी कमेटी के सभी मेंबरों को नोटिस

**फैसला** हिमाचल प्रदेश में 2918 तक पहुंची ई-वाहनों की संख्या, पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए उठाया कदम

# नए साल से सरकारी विभाग नहीं खरीदेंगे डीजल-पेट्रोल वाहन

अरविंद शर्मा, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने और ई-वाहनों को प्रोत्साहित करने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सभी सरकारी विभागों को एक जनवरी, 2024 से डीजल या पेट्रोल वाहन न खरीदने के निर्देश दिए हैं।



- मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिए निर्देश

उन्होंने कहा कि अति आवश्यक होने पर केवल प्रदेश मंत्रिमंडल की स्वीकृति के बाद ही विभाग पेट्रोल या डीजल वाहनों की खरीद कर सकेंगे। सीएम सुक्खू ने अपने पहले बजट में ही व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए विद्युत चालित वाहन (ई-वाहन) पर राज्य सरकार का विजन स्पष्ट किया और आगे बढ़कर स्वयं भी इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर मिसाल पेश की। आज सरकारी ई-वाहनों की संख्या 185 हो गई है, जबकि प्रदेश में पंजीकृत निजी इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या 2733 तक पहुंच गई है। (अनंत ज्ञान)



### हिमाचल में ई-व्हीकल को बढ़ावा

**सुक्खू** ने कहा कि सरकार हिमाचल में ई-व्हीकल को बढ़ावा दे रही है। परिवहन विभाग पहला ऐसा विभाग है, जिन्होंने ई-वाहन का उपयोग शुरू किया गया और चरणबद्ध तरीके से सभी सरकारी विभागों में इन वाहनों का संचालन सुनिश्चित किया जा रहा है। ई-वाहन केवल एक नई शुरुआत नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। आने वाली पीढ़ियों के लिए हमें पर्यावरण को सुरक्षित बनाना होगा और इसकी शुरुआत आज से ही करनी होगी।

### ई-टैक्सी की खरीद पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी

**सरकारी** विभागों में गाड़ियों की आवश्यकता पूरी करने के लिए राज्य सरकार ने ई-टैक्सी अनुबंध पर लेने की अनुमति प्रदान की है। 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के तहत युवाओं को ई-टैक्सी के परमिट प्रदान किए जा रहे हैं। ई-टैक्सी की खरीद पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है। इन गाड़ियों को घर पर भी चार्ज किया जा सकता है। राज्य सरकार भी चार्जिंग के लिए आधारभूत ढांचा तैयार कर रही है। ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए छह राजमार्गों को ग्रीन कॉरिडोर के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में ई-वाहन चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए परिवहन विभाग ने 54 स्थानों को अंतिम रूप दिया है, जिनमें से कुछ लगभग बनकर तैयार हैं।

### लंबे रूटों पर चलेंगी ई-बसें

**हिमाचल** प्रदेश पथ परिवहन निगम की सभी डीजल गाड़ियों को चरणबद्ध तरीके से ई-बसों में बदला जा रहा है। हाल ही में ई-बसें बनाने वाली कंपनियों के साथ बैठक में हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप गाड़ियां तैयार करने का अनुरोध किया गया है। सीएम सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार लंबे रूटों पर भी ई-बसें चलाने जा रही है। एचआरटीसी के बेड़े में टाइप-एक, दो और तीन ई-बसों को चरणबद्ध तरीके से शामिल किया जा रहा है, ताकि 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल को स्वच्छ व हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके।

## नेतृत्व के लिए भारत की ओर देख रही है दुनिया : अनुराग

एजेंसी, नई दिल्ली

**केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण और खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को 'हमारा संकल्प विकसित भारत' की थीम के साथ भारत सरकार का कैलेंडर 2024 लांच कर दिया। अनुराग ने सरकार की कई उपलब्धियों को याद किया, जिनसे संबंधित तस्वीरें कैलेंडर के पन्नों की शोभा बढ़ा रही हैं। उन्होंने 'हमारा संकल्प विकसित भारत' विषय पर एक प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि 2023 समाप्त होने के साथ ही 2024 अवसरों की एक नई सुबह लेकर आ रहा है। दुनिया भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है, दुनिया नेतृत्व के लिए भारत की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि जिन स्थानों पर भारत की उपस्थिति नगण्य थी, वहां भी भारत अब एक महत्वपूर्ण शक्ति बन चुका है।

- भारत सरकार ने नए साल 2024 का कैलेंडर किया जारी





केंद्र सरकार के 2024 का कैलेंडर जारी करते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

## राम जी का अयोध्या धाम



**अयोध्या** में श्रीराम का मंदिर बनना हर सनातनी के लिए गौरव और अत्यंत खुशी की बात है। सैकड़ों वर्षों के बाद पुनः श्रीराम का मंदिर बन कर तैयार हो रहा है। आज हर हिंदू संगठित होकर राम राज्य की स्थापना के लिए प्रार्थना कर रहा है, ताकि देश को तोड़ने वाली ताकतों से राष्ट्र की रक्षा की जा सके।

**प्रगना शर्मा, समखेतर मंडी।**



**भगवान** श्रीराम का मंदिर बनना पूरे विश्व के लिए गौरव की बात है। सभी धर्म सनातन से ही निकले हैं और सबका संरक्षण भी सनातन की रक्षा से ही संभव है। विश्व की प्रत्येक सभ्यताएं और संस्कृति तब तक सुरक्षित है जब तक सनातन धर्म फल फूल रहा है। भगवान श्रीराम का मंदिर बनना पूरे विश्व के लिए सुखद रहेगा।

**प्रतिभा शर्मा, समखेतर मंडी।**



**अयोध्या** में राम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सभी देशवासियों को बहुत - बहुत बधाई। हिंदू धर्मावलंबी इस दिन को एक पर्व की भांति मनाएंगे। हिंदुओं के आराध्य भगवान श्री राम अयोध्या में राजगद्दी पर विराजमान होने जा रहे हैं। टीवी पर कार्यक्रम को लाइव देखकर स्वयं को उस स्थान पर होने की अनुभूति अवश्य महसूस करेंगे।

**अंजना शर्मा, मैहतपुर**



**इस** पर का काफी समय से इंतजार था। लाखों-करोड़ों हिंदुओं का यह चिरकालीन सपना साकार होने जा रहा है। इस दिन को देश तथा विदेशों में बैठे हिंदू पर्व की तरह मनाएंगे। लोक आस्था के इस पर्व को हर्षित होकर हर भारतीय मना रहा है। देश में इस पल का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

**राजीव मेनन, मैहतपुर**



**अयोध्या** में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर भारत के लोगों को मेरी हार्दिक बधाई। आज हर भारतीय की बहुत पुरानी इच्छा को पूरी हुई है। भगवान राम के धर्म का सार्वभौमिक संदेश न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया के लिए मार्गदर्शक प्रकाश बना हुआ है। इस दिन को हम दिवाली की तरह मनाएंगे।

**पवन कुमार मन्नू, मैहतपुर।**



**अयोध्या** नगरी में बने भव्य श्रीराम मंदिर में जल्द रामलला विराजमान होने वाले हैं। इस अलौकिक और ऐतिहासिक काज में शामिल होना सौभाग्य की बात है। पूरा विश्व श्रीराम मंदिर में प्रभु की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार कर रहा है। हम सब इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे।

**अनिल कुमार, रबोन सोलन।**



**मर्यादा** पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम सनातन धर्म का प्रतीक हैं। उनकी जन्मस्थली अयोध्या में भव्य मंदिर बनने से सनातन धर्म का खोया गौरव लौट आया। मंदिर में प्रभु राम प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा की सभी सनातन प्रेमियों को हार्दिक बधाई।

**सुरेंद्र वर्मा**
**होटल व्यवसायी सोलन।**

## न्यूज ब्रीफ

### बैटरी उद्योग से लाखों की चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**बीबीएन।** बद्दी के लिवगार्ड उद्योग से अढ़ाई लाख रुपए के माल की चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात कंपनी में कार्यरत कामगार युवकों ने बैटरी उद्योग से 51 सिल्ली चोरी कीं, जिनका वजन करीबन 1350 किलोग्राम था। पुलिस को दी शिकायत में कांगड़ा निवासी विकास राणा ने बताया कि वह कंपनी में बतौर एचआर काम करता है। उन्हें बीते दिन सूचना मिली कि कंपनी से करीबन अढ़ाई लाख रुपए का माल चोरी हुआ है। पुलिस ने संदेह के आधार पर कॉन्ट्रेक्टर से पूछताछ तो पता लगा कि कंपनी में कार्यरत कामगारों ने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी को अंजाम दिया। चोरी माल एक स्क्रैप व्यापारी को बेचा। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने पर स्क्रैप डीलर को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान शिवम यादव, अजय, अरविंद, शिवम और स्क्रैप डीलर मनोज के रूप में हुई। डीएसपी बद्दी प्रियंक गुप्ता ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### चंबा थाना पुलिस ने चिट्टे के संग धरे दो युवक



**चंबा।** जिला में नशे तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा छेड़े गए अभिान में पुलिस थाना सदर टीम को एक बार फिर सफलता हाथ लगी है। थाना सदर पुलिस टीम ने चंबा-भरमौर मार्ग पर रजेरा नामक स्थल पर नाके के दौरान एक ऑल्टो गाड़ी से 6.09 ग्राम चिट्टा बरामद करने सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में पुष्टि करते हुए अभिषेक यादव पुलिस अधीक्षक जिला चंबा ने बताया कि पुलिस थाना सदर की टीम ने भरमौर मार्ग पर रजेरा नामक स्थान पर नाका लगाया था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ए/एफ वाहन ऑल्टो के-10 को जांच के लिए जब रोका गया तो उसमें सवार दो युवक घबरा गए, जिन पर पुलिस को शक होने पर जब कार की तलाशी ली तो कार से 6.09 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपियों की पहचान रिंकू पुत्र तिलक राज गांव व डाकघर सिंगी तहसील व जिला चंबा और नागेंद्र सिंह पुत्र देश राज गांव घराणु डाकघर कोहलाड़ी तहसील व जिला चंबा के रूप में की है। दो युवकों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दिया है। जिन्हें न्यायालय में आगामी कार्रवाई के लिए पेश करवाया जाएगा।

### मिस फेम ऑफ इंडिया; मिस क्वीन ऑफ हिमालय, मिस पहाड़न, मिस कांगड़ा आदि कई अवार्ड कर चुकी अपने नाम

# बनखंडी की प्रकृति ने एंकरिंग और मॉडलिंग में कमाया नाम

**अनंत ज्ञान, देहरा**

हिमाचल प्रदेश जिला कांगड़ा के बनखंडी गांव की प्रकृति एक ऐसा नाम है, जिसने छोटी सी उम्र में ही बड़ा मुकाम हासिल किया है। इतनी छोटी सी उम्र में ही उसने कड़ी मेहनत करके पढ़ाई के साथ-साथ कई अवार्ड भी अपने नाम कर लिए हैं।

हाल ही में प्रकृति को चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में क्राउन व ट्रॉफी से नवाजा गया है और इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से एक मात्र प्रकृति की ही सलेक्शन हुई थी। अपने सफर की शुरुआत के बारे में बात करते हुए प्रकृति कहती है कि उसने इस मुकाम पर पहुंचने के लिए बहुत कड़ी मेहनत की है और इस सम्मान को प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान और बहुत गर्व की बात है।



बनखंडी गांव की प्रकति कौंडल अपने परिवार के साथ।

### माता-पिता व गुरु सोनाली को दिया सफलता का श्रेय

**प्रकृति** कौंडल ने बताया कि आज मैं यह मकाम हासिल कर पाई हूं तो इसका पूरा श्रेय मेरे माता-पिता व मेरी गुरु सोनाली शर्मा को जाता है जिन्होंने मुझे मोटीवेट किया और यहां तक पहुंचने में मेरी मदद की।

### 13 वर्ष की उम्र में हासिल किए कई मुकाम

### प्रकृति के नाम हैं कई अवार्ड

**प्रकृति** ने इस छोटी सी उम्र में ही मिस फेम ऑफ इंडिया, मिस क्वीन ऑफ हिमालय, मिस पहाड़न, मिस कांगड़ा, मिस किड्स हुनर हिमाचल, हिमाचल गोट टैलेंट फाइनलिस्ट विनर, लिटिल मिस एंड मास्टरस विनर, द बिग टैलेंट हंट विनर, हिमाचल निडर चैंप्स विनर किड्स फैशन शो, बुलंद आवाज अवार्ड, हिम एक्सीलेंट अवार्ड, बिटिया स्माइल अवार्ड, हिम प्राइड आदि अवार्ड हासिल किए हैं।

### पढ़ाई के साथ मॉडलिंग व एंकरिंग को कंटिन्यू रखना मेरा एकमात्र लक्ष्य

**प्रकृति** ने बताया कि उसने आठ वर्ष की उम्र से मॉडलिंग व डांस करना शुरू किया था और दस वर्ष की उम्र में एंकरिंग करना भी शुरू कर दिया था। इस दौरान कड़ी मेहनत के दम पर उसने ढेरों अवार्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, प्रकृति ने बताया कि वैसे तो मेरी प्राथमिकता मेरी पढ़ाई है पर मेरा एकमात्र लक्ष्य यही है कि मैं अपनी पढ़ाई के साथ-साथ मॉडलिंग व एंकरिंग को भी कंटिन्यू रख सकूं।

### प्रकृति हमारी बेटी नहीं, बेटा है

**प्रकृति** की माता मोनिका ने बताया कि प्रकृति अभी महज 13 वर्ष की है। इस छोटी सी उम्र में ही उसने इतने सारे अवार्ड जीतकर हमें गौरवान्वित किया है।अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर हम काफी गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति पढ़ाई में भी हमेशा प्रथम स्थान पर आती रही है तथा स्कूल में आयोजित होने वाली अन्य प्रतियोगिताओं में भी हमेशा अव्वल ही रहती है। मोनिका ने कहा कि प्रकृति हमारी बेटी नहीं, बल्कि बेटा है और हम हमेशा आगे भी इसी तरह इसका साथ ऐसे ही देते रहेंगे।

### तालाबंदी करने का प्रयास करने पर पुलिस से धक्का-मुक्की, देर शाम तक डटे रहे ग्रामीण

# नाहन में वन विभाग के आरओ कार्यालय पर ग्रामीणों का धावा

## घुमंतू गुर्जरों के खिलाफ एक पखवाड़े से आंदोलन कर रहे थे ग्रामीण

**प्रीति चौहान, पांवटा साहिब**

विधानसभा नाहन के गिरीनगर में ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन शनिवार को वन विभाग के वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालय में तालाबंदी की कोशिश के साथ ही उग्र हो गया। पुलिस और आंदोलनरत ग्रामीणों के बीच खूब धक्का-मुक्की हुई।

ग्रामीणों ने कार्यालय का मुख्य गेट तोड़कर परिसर में प्रवेश तो कर लिया, लेकिन बीच में पुलिस के आ जाने की वजह से वे कार्यालय पर तालाबंदी नहीं कर सके। समचार लिखे जाने तक ग्रामीण आरओ कार्यालय परिसर में ही डटे हुए थे और कार्यालय पर तालाबंदी करने का प्रयास करते रहे। प्रदर्शन में महिलाएं भी काफी संख्या में मौजूद हैं। दरअसल, विधानसभा क्षेत्र नाहन की ग्राम पंचायत पड़दूनी सहित कई पंचायतों के लोग 15 दिन से धरने पर बैठे हैं।



ग्रामीणों को कार्यालय की तालाबंदी करने से रोकते पुलिस कर्मचारी।

यह प्रदर्शन 12 दिसंबर से लगातार घुमंतू गुर्जरों के खिलाफ चला हुआ है। वहीं, ग्रामीणों ने साफ कहा कि कार्यालय के बाहर ही धरना-प्रदर्शन करेंगे, जब तक इस मुद्दे पर कारवाई नहीं होती। ग्रामीण खबर लिखने तक आरओ दफ्तर के बाहर डटे हुए थे। बता दें कि ग्रामीणों ने तीन दिन पहले घोषणा की थी कि शनिवार को वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय में तालाबंदी करेंगे। उसी कड़ी में ग्रामीण तालाबंदी के लिए कार्यालय की ओर बढ़े तो भारी संख्या में मौजूद पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों को रोकने का प्रयास किया। (अनंत ज्ञान)

### सरकार का पुतला फूंका

**इस** क्षेत्र में घुमंतु गुर्जर रहने आए हुए हैं, आरोप है कि उनके यहां अज्ञात लोगों का आना-जाना लगा रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां की जाती हैं, जिनसे परेशान दर्जनों ग्रामीण वन विभाग व जिला प्रशासन के खिलाफ धरने पर बैठे हुए थे। ग्रामीणों ने सरकार का पुतला भी फूंका। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग और वन विभाग की भूमि पर घुमंतू गुर्जरों ने कब्जा किया है, मगर कोई कारवाई नही हो रही है।

# किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर पलटा सरिये से भरा ट्रक

## तेज रफ्तार के चलते पलटा ट्रक, तीन घंटे लगा जाम



किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर पलटा सरिये से भरा ट्रक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर स्थित जगातखाना क्षेत्र के पास सरिये से भरा लोडिड ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। गनीमत यह रही कि इस दौरान कोई बढ़ा हादसा नहीं हुआ, परंतु सड़क पर ट्रक पलटने की वजह से दोनों तरफ से जाम की स्थित पैदा हो गई। ऐसे में फोरलेन तीन घंटे तक पूरी तरह से बाधित हो गया, क्योंकि ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के बीचों बीच पलट गया था।

वहीं, मौके पर पुलिस की टीम भी पहुंच गई और काफी समय बाद लोडिड ट्रक को सड़क सके हटाया गया। जानकारी के अनुसार जगातखाना से बिलासपुर की तरफ जा रहे फोरलेन पर मौजुदा पुल फ्लाईओवर के ऊपर एक बड़ा मालवाहक वाहन ट्रक नं. (एच पी-65-1107) फोरलेन के मध्य में पलटा हुआ था। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक के पीछे लोहा सरिया व लोहे के पाइप व ऐंग्ल थे।

इस दौरान मौके पर दोनों तरफ से आ रही ट्रैफिक पूरी तरह बाधित हो गई थी, क्योंकि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक फोरलेन सड़क के बिलकुल मध्य में तिरछी हालत में पलटा पड़ा था। उधर, बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शिमला के ढली में कार दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**शिमला।** शिमला के ढली में एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, दो युवकों की मौत हो गई। शनिवार को यह हादसा ढली-भट्टाकुफर बाइपास पर प्रभाकर आटोमाबाइल के साथ हुआ है। इस हादसे में कार सड़क से नीचे नीचे नाले में लुढ़क गई। हादसा होते ही आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।




पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। हादसे में युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी के नीचे एक युवक फंस गया था। मृतक की पचान रितिक (22) और प्रियांशु (23) शिमला जिला के चौपाल तहसील के चंबी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मृतकों के शव उनको आईजीएमसी पोर्टमार्टम के लिए लिए भेजा है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। उधर, एसपी शिमला संजीव गांधी ने बताया कि ढली में गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने का मामला सामने आया है। इसमें दो युवकों की मौत हुई है। हादसे की जांच की जा रही है।

### धान खरीद केंद्रों में 26 दिसंबर तक 22897 .95 मीट्रिक टन फसल की बिक्री

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश में पहली बार लक्ष्य से अधिक धान की फसल की खरीद की गई है। प्रदेश में सरकार द्वारा किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ प्रदान करने के लिए धान की खरीद तीन अक्तूबर से 26 दिसंबर 2023 तक की गई।

प्रदेश के 3746 किसानों द्वारा धान की फसल बेचने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाया गया। ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के बाद किसानों नेधान खरीद केंद्रों में 22897.95 मीट्रिक टन धान की फसल की बिक्री की है। खाद्य आपूर्ति विभाग के निदेशक राम कुमार गौतम ने बताया कि प्रदेश में पहली बार निर्धारित लक्ष्य से अधिक धान की खरीद हुई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में धान खरीद के लिए 22 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा था, जबकि किसानों से 22897.95 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई।

धान की खरीद राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड तथा कृषि विभाग की मदद से की गई। किसानों से 50.4 करोड़ रुपए की धान की फसल खरीदी गई है। यह खरीद दस मंडियों के माध्यम से चार जिलों में की गई है। कांगड़ा जिले में अनाज मंडी फतेहपुर और फतेहपुर में रियाली, मीलवां इंदौरा में धान खरीद केंद्र बनाए थे। इसके अलावा सिरमौर जिला में धौलाकुंआ और पोंटा साहिब में धान खरीद केंद्र बनाए गए थे। सोलन जिले के नालागढ़ और बद्दी में धान खरीद के लिए केंद्र बनाए गए और ऊना जिले के रामपुर, टकारला और उद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल में किसानों से धान खरीद के लिए केंद्र बनाए थे। प्रदेश के किसानों से 2203 रुपए प्रति क्विंटल धान की फसल का मूल्य तय किया था।

### मंडी की कुसुम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रचा इतिहास



स्वर्ण पदक के साथ मंडी की कुसुम ठाकुर।

**मंडी।** मंडी की कुसुम ठाकुर ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप के इतिहास में पहली बार हिमाचल प्रदेश को 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक दिलाया। यह प्रतियोगिता ओडिशा भुवनेश्वर में संपन्न हुई। कुसुम ठाकुर देव बाला कामेश्वर बन्यूरी के पुजारी डालू राम पुजारी की बेटी है, जो बैला पंचायत से संबंध रखती हैं। कुसुम ने हाल ही में इंटर कॉलेज एथलेटिक्स चैंपियनशिप, जो कि धर्मशाला में संपन्न हुई थी, उसमें भी नए कीर्तिमान स्थापित किए थे। उसके उपरांत यह जलवा ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दिखा दिया। इसके साथ वह खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम के लिए भी क्वालीफाई कर चुकी है। बता दें वर्तमान में कुसुम वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में शिक्षा प्राप्त कर रही है।

### वुमन सीनियर वनडे के लिए हिमाचल की टीम का चयन

**धर्मशाला।** रांची में होने जा रही बीसीसीआई वुमन सीनियर वन डे क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हिमाचल महिला टीम का चयन कर लिया गया है। टीम की कमान सुषमा वर्मा को सौंपी गई है। 15 सदस्यीय टीम में सुषमा वर्मा के अलावा टीम में हरलीन कौर, नीना चौधरी, शिवानी सिंह, मोनिका देवी, सुष्मिता कुमारी, नितिका चौहान, अनिशा अंसारी, यमुना रानी, प्रीति काहलों, ललिता दत्ता, सोनल ठाकुर, शालिनी कुंडल, प्राची चौहान तथा ज्योति ठाकुर शामिल हैं।



वहीं, टीम के कोच की जिम्मेदारी पवन सेन को दी गई है, जबकि सहायक कोच शिवानी शर्मा को बनाया गया है। वन डे क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मैच में हिमाचल की टीम चार जनवरी को नागालैंड के साथ भिड़ेगी। इसके अलावा हिमाचल छह जनवरी को सिक्किम, आठ जनवरी को केरल, दस जनवरी को आंध्र प्रदेश, 12 जनवरी को बड़ौदा तथा 14 जनवरी को दिल्ली के साथ मैच खेलेगा।

# शक्तिपीठ श्रीनयना देवी जी में शुरू हुआ नववर्ष मेला



नववर्ष मेले के लिए श्रीनयना देवी मंदिर को फूलों से सजाते समाजसेवी।

**अनंत ज्ञान, श्रीनयना देवी जी**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्रीनयना देवी में शनिवार से नववर्ष मेला बड़ी धूमधाम के साथ शुरू हो गया। नववर्ष मेले के चलते मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों और लाइटों से सजाया जा रहा है। इस बार मंदिर की सजावट का कार्य पंजाब की समाज से भी संस्था लुधियाना सेवा सोसायटी द्वारा किया जा रहा है।

यह नववर्ष मेला 30 दिसंबर से लेकर पहली जनवरी तक मनाया जा रहा है, जिसमें पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु माता जी के दर्शनों के लिए पहुंचेंगे। मंदिर न्यासी प्रदीप शर्मा का कहना है कि मंदिर की सजावट का कार्य चल रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासन मंदिर न्यास ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा श्रद्धालुओं की हर सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और यह भी सुनिश्चित किया गया है कि लाइनों में श्री श्रद्धालुओं को माता जी के दर्शन करवाए जाए।

**अलविदा 2023** नए साल का नए जोश के साथ स्वागत करने को तैयार बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के लोग

# गोलीकांड, डबल मर्डर और फिरौती की सुर्खियों में रहा बीबीएन

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र वर्ष 2023 में कई बड़ी अपराधिक घटनाओं से सुर्खियों में रहा। एरिया में कई गोलीकांड, डबल मर्डर और फिरौती समेत कई अपराधिक घटनाएं घटित हुईं। इन घटनाओं से क्षेत्र में काफी दहशत का माहौल भी देखने को मिला।

शहरवासियों को भी इन घटनाओं से सुरक्षा की चिंता सताती रही, लेकिन बद्दी पुलिस ने इन सभी अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों को पकड़ कर बड़ी सफलताएं हासिल कीं। अब जिला बद्दी पुलिस ने इन घटनाओं को देखते हुए नए साल में नई ऊर्जा व रणनीति के साथ अपराध को रोकने की तैयारियां कर ली है। बद्दी पुलिस ने बीबीएन में अपराध को रोकने के लिए पांच हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरा स्थापित कर दिए हैं, ताकि घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों के साथ माहौल खराब करने वाले शरारती तत्वों पर भी पैनी नजर रखी जा सके। इसके अलावा बीबीएन की इंडस्ट्री की सुरक्षा के लिए भी इंडस्ट्री सिक्योरिटी प्लान को पहले से मजबूत करने पर काम किया जा रहा है।

### आपदा के जख्म आज भी हरे



**हिमाचल** में इस बार बरसात कहर बनकर बरसी। इस कहर से औद्योगिक क्षेत्र भी अछूता नहीं रहा। जुलाई माह में हुई भारी बारिश से औद्योगिक क्षेत्र के लाइफ लाइन माना जाने वाला पिंजौर-नालागढ़ एनएच प्रभावित हुआ। एनएच पर चरनियां व बालद नदी पुल टूटे, जिससे इंडस्ट्री की आवाजाही पूरी तरह से बंद रही। अभी भी आपदा के जख्मों से औद्योगिक क्षेत्र उबर नहीं पाया है। पुलों की हालत आज भी वैसी ही है, हालांकि अल्टरनेट मार्गों से आवाजाही चल रही है। आपदा में पहाड़ी पंचायतों के कई गांवों में दरारें आने से सैकड़ों परिवार बेघर हो गए। सबसे ज्यादा नुकसान दून के पहाड़ी क्षेत्र के गांव सील, सुनानी, खाली और माजरी में हुआ यहां से 90 से अधिक परिवार बेघर हुए।




प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवारों को मदद बांटते हंसराज भारद्वाज।

### इन घटनाओं से चर्चाओं में रहा बीबीएन

- पंजैहरा में अवैध माइनिंग को लेकर दो गुटों पर झगड़ा और फायरिंग
- सैणीमाजरा में मेडिकल डिवाइस पार्क में काम को लेकर फायरिंग
- नालागढ़ के रामशहर मार्ग में जालंधर के सगे भाइयों का मर्डर
- बद्दी के होटल व्यापारी से एक करोड़ फिरौती के लिए फायरिंग
- बद्दी में आईसीआईसीआई बैंक एटीएम से 16 लाख की लूट

### समाजसेवी मदद को आए आगे

**दून** में आपदा के दौरान खेड़ा के समाजसेवी हंसराज चंदेल भी मसीहा बनकर उतरे। उन्होंने दून के पहाड़ी क्षेत्र में बेघर व प्रभावित हुए 290 से अधिक परिवारों को प्रति परिवार पांच – पांच हजार रुपए की आर्थिक मदद की, जबकि आपदा से बंद पड़े रास्तों व सड़कों को भी अपने स्तर पर जेसीबी मशीनें बुलाकर खुलवाया।

### उद्योगों को करोड़ों का नुकसान

**आपदा** से आवाजाही बंद हो जाने के चलते उद्योग भी करीबन एक माह तक पूरी तरह से प्रभावित हुए। बीबीएन के उद्योगों करोड़ों रुपए का भारी नुकसान पहुंचा। बाहर से आने वाला कच्चा माल व तैयार माल की सप्लाई पूरी तरह से काफी समय तक बंद रही, जिसके बाद सरकार ने भी बिजली शुल्क में बढ़ोतरी करके उद्योगों को जख्म पर नमक छिड़क दिया। बिजली शुल्क कम करने के लिए उद्योग कई बार सरकार से गुहार लगा चुके हैं।

### द्वार के दोनों ओर गंगा-यमुना की आकृतियां; गर्भ गृह में विराजे हैं श्रीराम-माता सीता साथ में हैं लक्ष्मण और हनुमान

# चंबा में चंपा के फूलों के बीच भगवान श्रीराम का मंदिर

**एमएम डैनियल, चंबा**

भगवान श्रीराम के प्रति चंबा के राजवशंज की अटूट आस्था रही है, जिसके चलते तत्काल शासकों ने राजमहल पिंक पैलेस के समीप सीता-राम मंदिर सहित नगर के बीचों-बीच भी भगवान श्रीराम को समर्पित एक मंदिर का निर्माण करवाया गया, ताकि नगर की आवाम भी श्रीराम के प्रति अपनी आस्था की भावना प्रकट कर सकें। इसके तथ्य आज भी विद्यमान हैं। अयोध्या में आगामी माह भगवान श्रीराम मंदिर का विधिवत आगाज से चंबावासी भी अपने को गदगद मानने सहित श्रीराम का जिक्र आते ही चंबा के शासकों को भी स्मरण करने से नहीं भूल रहे हैं।

गौर हो कि 17वीं शताब्दी में तत्कालीन राजा उदय सिंह ने 1694 से 1720 तक अपने शासककाल में धार्मिक संस्कृति से जुड़े कई आयाम स्थापित किए, जिनमें भव्य मंदिरों का निर्माण भी शामिल है। इसमें भगवान श्रीराम व भगवान शिव सहित कई अन्य देवी-देवतों के अनेक मंदिर निर्मित हुए। चंबा रियासत में मंदिरों के निर्माण से राजवंश की धार्मिक आस्था उजागर करती है। (अनंत ज्ञान)



**1694** से 1720 तक राजा उदय सिंह ने अपने शासककाल में धार्मिक संस्कृति से जुड़े कई आयाम स्थापित किए, जिनमें भव्य मंदिरों का निर्माण भी शामिल है।





### मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित है सीता-राम की प्रतिमा

**चंबा** मुख्यालय के मध्य में वर्तमान समय नगर परिषद कार्यालय व न्यायालय परिसर चंबा के मध्य में शिखर शैली पर आधारित सीता-राम मंदिर स्थित है। माना जाता है कि तत्काल यहां चंपा फूल के वृक्ष मौजूद थे। चंबा के प्रसिद्ध चंपा फूल के वृक्षों मध्य यह मंदिर बनाया गया था। मंदिर के गर्भ गृह में सीता-राम की प्रस्तर प्रतिमा स्थापित है। रामचंद्र मूल नायक हैं तथा सीता माता उनके साथ विराजमान हैं। प्रतिमा की बाईं और हनुमान जी की आकृति है और दूसरी ओर लक्ष्मण खड़े हैं। मंदिर के प्रवेश द्वार की शाखा के ऊपर मध्य में गणेश की आकृति है, जबकि द्वार के दोनों और गंगा-यमुना की आकृतियां उकेरी गई हैं।

### सीता-राम मंदिर मांग रहा है संरक्षण

**रियासतकाल** के पश्चात नगर परिषद कार्यालय व न्यायलय परिसर चंबा के मध्य स्थित सीता-राम मंदिर को पूर्ण रूप से संरक्षण न मिलने के चलते मंदिर पर उकेरी गई शिखर शैली कई स्थलों खराब या खंडित हो रही है, जिससे मंदिर में तत्कालीन उकेरी गई कई कलाकृतियां अथवा नायाब कारीगिरी अब मिटती या धूंधली पड़ती जा रही है, जिससे मंदिर पर अध्ययन करने वाले कई शोधकर्ताओं को इतिहास में विद्यमान कलाकृतियां एवं कई मूर्त देखने को प्राप्त तक नहीं हो रही है।

### कई शोधकर्ता आते हैं अध्ययन करने

**17वीं** शताब्दी का सीता-राम मंदिर अपने में कारीगिरी का नायाब मिसाल पेश करता है। शिखर शैली पर आधारित इन मंदिरों को पुरातत्व विभाग से जुड़े विशेषज्ञ, इतिहासकार, साहित्याकार, शिल्पकार व शोधकर्ता चंबा जिला पहुंचते हैं, जहां शहर मुख्यालय लेकर भरमौर-पांगी, चुराह, भटियात व डलहौजी में स्थित मंदिरों व भवनों को देखने व अध्ययन के लिए पहुंचते हैं, जो कि इन प्राचीन मंदिरों की गाथा एवं महत्व को बयान करती है।

# रेणुका बांध: निर्माण शुरू होने से पहले ही खर्च हो गए 780 करोड़

## ग्रामीणों को सता रहा बड़े बांध के साइड इफेक्ट का डर

**दीपक जोशी, रेणुका जी**

रेणुका बांध का वास्तविक निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही इस प्रोजेक्ट पर अब तक करीब 780 करोड़ खर्च भी हो चुके हैं, जबकि विस्थापित होने वाले 1142 के करीब किसान परिवारों को ऊर्जा निगम द्वारा करीब 447 करोड़ का मुआवजा जारी किया जा चुका है।

इस बांध के बनने के बाद 26 किलोमीटर लंबी झील बनेगी। बांध से डूबने वाले 2,100 हेक्टेयर भूभाग में रहने वाले बंदर, सुअर, लंगूर चूहे, हिरण व खरगोश आदि जंगली जानवर साथ लगते इलाके का रुख करेंगे और किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

जानकारों की मानें तो डैम बनने पर इस पहाड़ी इलाके में भूस्खलन की घटनाएं व सर्दियों मे धुंध भी हो सकती है, हालांकि इस बारे कोई वैज्ञानिक शोध होना शेष है। पिछले 14 साल से हालांकि विस्थापित होने वाले किसानों द्वारा गठित संघर्ष समिति अपनी मागों को मनवाने के लिए बार-बार प्रदर्शन कर रही है, मगर भोले भाले आम लोग अब तक बांध के सामाजिक व पारिस्थितिक प्रभाव से अनिभिज्ञ हैं और काफी लोग राजधानी को पानी पिलाने, पर्यटन विकास व रोजगार मिलने की बात से उत्साहित भी हैं। इस डैम से हालांकि दिल्ली सहित छह राज्यों को एमओयू के मुताबिक 23 क्यूमेक्स पानी दिया जाना है। डीपीआर के मुताबिक परियोजना से दिल्ली की जरूरत का 40 फीसदी पानी उपलब्ध होगा। इतना ही नहीं बरसात समाप्त होने पर रिजर्वायर को धीरे-धीरे खाली किए जाने की सूरत में पानी का दबाव कम होगा और लगातार 40 मेगावाट बिजली उत्पादन भी नहीं हो पाएगा। (अनंत ज्ञान)

### पूरी की जाएंगी विस्थापितों की मांगें




**बांध** प्रबंधन के अधिकारिओं के अनुसार परियोजना निर्माण शुरू होने से पहले ही संगड़ाह-रेणुकाजी-नाहन मार्ग के निर्माण के साथ-साथ विस्थापितों की सभी जायज मांगें भी पूरी की जाएंगी। 1960 के दशक से चर्चिच रेणुकाजी बांध के शिलान्यास से एक तरफ जहां क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह है, वहीं साइड इफेक्ट की चिंता भी है। विडंबना यह भी है कि गिरी नदी के साथ लगते उपमंडल संगड़ाह, पच्छाद, नाहन व पांवटा के दर्जनों गांवों में आज भी पेयजल संकट है। बांध की निर्माण राशि का 90 फीसदी हिस्सा केंद्र सरकार, जबकि दस प्रतिशत छह राज्य वहन करेंगे। जीएम के अनुसार गर्मियों व सर्दी में बेशक नदी में पानी काफी कम है, मगर बरसात में आने वाला पानी इकट्ठा कर कई दिन सप्लाई किया जा सकेगा।

# हिमाचल को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का बजट मंजूर

## चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए 100 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि मंजूर

**अरविंद शर्मा, शिमला**

प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कारगर सिद्ध होगी। प्रदेश भर में आपदा के बाद सड़कों की स्थिति काफी खराब रही। लोक निर्माण का बजट भी सड़कों की स्थिति सुधारने में कम पड़ा। अब विभाग के पास दूसरी योजना से ही सड़कों का सुधार करने के सिवाए कोई चारा नहीं है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय) के तीसरे चरण में सबसे अधिक बजट मंजूर करवाने में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का विधानसभा क्षेत्र जुब्बल कोटखाई सफल रहा। राज्य में चार विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जिनके लिए इस योजना के तहत 100 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि मंजूरी हुई है। इसमें जुब्बल कोटखाई सहित चंबा, द्रंग व रामपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)




### जोगिंद्रनगर के लिए सबसे कम बजट

**पीएमजीएसवाय** के तीसरे चरण में जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए सबसे कम धनराशि मंजूरी हुई है। साथ ही चार विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां के लिए दस करोड़ रुपए से कम धनराशि मंजूरी हुई है। नूरपुर में 5.500 किलोमीटर सड़क के लिए 5.944 करोड़ रुपए, जोगिंद्रनगर में पांच किलोमीटर सड़क के लिए 5.150 करोड़ रुपए, हमीरपुर में 6.164 किलोमीटर सड़क के लिए 9.275 करोड़ रुपए, चौपाल में दस किलोमीटर सड़क के लिए 8.035 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

### दस विधानसभा को मंजूर नहीं हुई धनराशि

**पीएमजीएसवाय** के तीसरे चरण में 58 विधानसभा क्षेत्र के लिए धन राशि मंजूर हुई है। दस विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां के लिए कोई भी धनराशि मंजूरी नहीं हुई है। इसमें चुराह, जस्वां परागपुर, शाहपुर, बैजनाथ, नाचन, सिराज, धर्मपुर, दून, पच्छाद, शिमला शहरी तथा किन्नौर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

### प्रदेश को वर्ष 2023-24 में 2643.01 करोड़ मंजूर

**पीएमजीएसवाय** के तीसरे चरण में हिमाचल को वर्ष 2023-24 में कुल 2643.01 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। इसमें सबसे अधिक 167.878 करोड़ रुपए जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के लिए मंजूर हुए हैं। इससे हलके में 181.955 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह चंबा विधानसभा क्षेत्र में 94.250 किलोमीटर सडक़ के लिए 105.460 करोड़ रुपए, द्रंग में 114.190 किलोमीटर सडक़ के लिए 118.389 करोड़ रुपए तथा रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 104.912 किलोमीटर सडक़ के लिए 103.597 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। इसक अलावा आनी, अर्की, बल्ह, बंजार, बड़सर, भरमौर, भटियात, भोरंज, बिलासपुर सदर, चिंतपूर्णी, चौपाल, डलहौजी, देहरा, धर्मशाला, फतेहपुर, गगरेट, घुमारवीं, हमीरपुर, हरोली, इंदौरा, जयसिंहपुर, ज्वालामुखी, जवाली, झंडुता, जोगिंदर नगर, कांगड़ा, करसोग, कसौली, कसुंपटी, कुल्लू, कुटलैहड़, लाहौल् व स्पिति, मंडी, नदौण, नगरोटा बगवा, नाहन, नालागढ़, नूरपुर, पालमपुर, पांवटासाहिब, परागपुर, रोहड़ू, सरकाघाट, शाहपुर, शिलाई, शिमला ग्रामीण, श्री नैना देवी जी, श्री रेणुका जी, सोलन, सुजानपुर, सुलह, सुंदरनगर, ठियोग व ऊना के लिए भी पी.एम.जी.एस.वाय. के तीसरे चरण में धनराशि मंजूर हुई है।

# कोकसर-कुठ बिहाल में सैलानियों का तांता

## साहसिक गतिविधियों का खूब उठा रहे लुत्फ, स्नो प्वाइंट में पहुंचीं पांच हजार गाड़ियां

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो कुल्लू**

पर्यटन नगरी मनाली के कोकसर व कुठ बिहाल में इन दिनों बर्फ का दीदार करने पहुंच रहे सैलानियों का खूब तांता लगा हुआ है। शनिवार को अटल टनल रोहतांग होकर पर्यटक नॉर्थ पोर्टल और 2200 हजार से अधिक पर्यटक कुठ बिहाली, कोकसर व सिस्सू पहुंचे। सैलानियों ने यहां पर बर्फीली वादियों को निहारा और साथ ही बर्फ के बीच खूब मस्ती की।

शुक्रवार को 5113 वाहन अटल टनल के पार पहुंचे, जबकि शनिवार को वाहनों की संख्या बढ़कर 5500 के पार हो गई। शनिवार को स्नो प्वाइंट में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रही। न्यू ईयर को लेकर पर्यटकों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। सुबह पर्यटक अपने होटलों से लाहौल के लिए निकले। सोलंगनाला से लेकर अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल तक वाहनों की लंबी कतारें लगती रहीं। हालांकि, अधिक देर तक सैलानियों को परेशानी नहीं आई और ट्रैफिक सुचारु रहा। अटल टनल पार करने के बाद काफी संख्या में पर्यटक नॉर्थ पोर्टल के जंखर फलोंग, कुठ बिहाल व कोकसर और सिस्सू पहुंचे। टनल निहारने के बाद पर्यटकों ने कोकसर पहुंच बर्फ का दीदार किया। कुठ बिहाल के मैदान में भी साहसिक गतिविधियों का भी जमकर लुत्फ उठाया। पर्यटकों ने यहां स्कीइंग और ट्यूब राइडिंग का मजा लिया। लाहौल के पर्यटन कारोबारी टशी, पलजोर, सोनम, रोहित व दीपक ने बताया कि घाटी में बिछा सफेद चांदी हर किसी को आकर्षित कर रही है।

उन्होंने बताया कि शनिवार को पर्यटकों ने कोकसर में जिपलाइन तथा जंखर फलोंग में बंजी रॉकेट, जोरबिंग बाल का आनंद लिया। वहीं, दूसरी ओर सैलानियों ने चंद्रा नदी के आसपास यादगार लम्हों को कैमरों में कैद किया। पर्यटकों की बढ़ती आमद देखकर पर्यटन कारोबारी खुश हैं। वहीं, पर्यटन कारोबारी ने कहा कि आने वाले दिनों घाटी में अधिक पर्यटक आएंगे। उधर, एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि लाहौल घाटी में ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु है। उन्होंने कहा कि पांच हजार से अधिक पर्यटक वाहनों ने लाहुल घाटी में दस्तक दी।



बर्फबारी में ट्रैकिंग का मजा लेते सैलानी।



रोहतांग टनल जाने के लिए गाड़ियों की लंबी कतारें।

### नए साल के जश्न को मनाली तैयार

**मनाली**। नववर्ष की पूर्व संध्या के जश्न के लिए सैलानियों का मनाली आना जारी है। नए साल पर मनाली में खास इंतजाम किए गए हैं। ब्यास नदी के तट पर सैलानी मधुर संगीत का लुत्फ उठा पाएंगे। ब्यास के किन्नारे स्थित होटलों ने सैलानियों के स्वागत के लिए तैयारी पूरी कर ली हैं। हिमाचल में क्रिसमस में पिछले साल की अपेक्षा इस बार बाहरी राज्यों से कम पर्यटक आए। पिछले साल क्रिसमस व न्यू ईयर में वाहनों ने तीन हजार का आंकड़ा पार कर लिया था, लेकिन इस बार अभी तक क्रिसमस के दिन ही अढ़ाई हजार वाहन आए हैं। होटल व्यावसायियों का कहना है कि नववर्ष की पूर्व संध्या पर इस बार कारोबार बेहतर रहने की उम्मीद है। उनका कहना है कि सैलानियों का आना लगातार जारी है।

# डीजीपी-एसपी का मामला कोर्ट में विचाराधीन, टिप्पणी करना ठीक नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

डीजीपी और एसपी कांगड़ा को पद से हटाने को लेकर हाई कोर्ट की तरफ से जारी किए गए फरमान पर पूर्व सीएम एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इसे कोर्ट का मामला बताते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

शनिवार को मंडी में एम्पायर एजुकेशन संस्थान के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल होने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में जब उनसे इस विषय को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि डीजीपी सीएम के समक्ष अपना पक्ष रखेंगे, लेकिन यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसलिए इसपर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। जयराम ठाकुर ने सीएम सुक्खू के उस बयान को भी अनुचित बताया कि जिसमें उन्होंने पुलिस से नशे में झूम रहे पर्यटकों को होटल पहुंचाने की बात कही। यह देवभूमि है। यहां पर पर्यटक जश्न मनाने के लिए आएं तो उनका स्वागत है, लेकिन कहीं कोई नशा करके हुड़दंग मचाता है और कानून-व्यवस्था को खराब करता है तो ऐसी हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम का यह बयान किसी भी लिहाज से उचित नहीं है।

### किरतपुर-नेरचौक फोरलेन के उद्घाटन का पीएम मोदी से किया है आग्रह



**जयराम** ठाकुर ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किरतपुर से नेरचौक तक बन चुके फोरलेन प्रोजेक्ट का विधिवत उद्घाटन करने का आग्रह किया है। फोरलेन का यह पैच आज लोगों के लिए सबसे सुविधाजनक मार्ग बनकर उभरा है। इसलिए इसका विधिवत उद्घाटन होना जरूरी है। प्रधानमंत्री कार्यालय से इस संदर्भ में जानकारी मिलने पर उसे सभी के साथ साझा किया जाएगा। इस मौके पर जयराम ठाकुर ने सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामानाएं भी दीं और सभी के लिए मंगलकामना की।

# प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध: डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि दिव्यांगजनों को आवास के लिए ऋण उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजन स्वावलंबन योजना आरंभ की है। इस योजना के तहत दिव्यांगजनों को 50 लाख रुपए तक ऋण प्रदान किया जा रहा है।

यह जानकारी उन्होंनें हिमाचल प्रदेश अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम के निदेशक मंडल की 50वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को व्यक्तिगत उपयोग के लिए उपांतरित (मॉडिफाईड) स्कूटर, बाइक व चौपहिया वाहन खरीदने के लिए भी विशेष ऋण योजना आरंभ की गई है। डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा अभी तक 5296 लाभार्थियों को 153.38 करोड़ रुपए के ऋण प्रदान किए जा चुके हैं।

निगम द्वारा 3381 अल्पसंख्यकों को 93.65 करोड़ रुपए तथा 1876 दिव्यांगजनों को 57.59 करोड़ रुपए के सावधि ऋण प्रदान किए गए हैं। शिक्षा ऋण योजना के तहत अल्पसंख्यक लाभार्थियों को 1.37 करोड़ रुपए तथा दिव्यांगजनों को 77 लाख रुपए ऋण के रूप में प्रदान किए गए हैं।

### नादौन में 28 करोड़ से बनेगा टूरिज्म होटल

**नादौन**। नादौन शहर के साथ 28 करोड़ की लागत से 35 कमरों का टूरिज्म का आलीशान होटल बनेगा, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस खबर को लेकर नादौन में खुशी का महौल है। नादौन कांग्रेस की शहरी इकाई के अध्यक्ष काउंशलर एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के डायरेक्टर शम्मी सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नादौन के लिए यह एक और बड़ी सौगात दी है।

शम्मी सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर टूरिज्म विभाग ने इस दिशा में तेजी से कार्य करना शुरू कर दिया है। टूरिज्म का यह होटल 17 कनाल भूमि में बनेगा, जो मल्टी स्टोरी होगा। इस होटल में स्विमिंग पूल, रेस्टोरेंट, कान्फ्रेंस हॉल, छत पर कैफे व टैंट कैफे आदि मुख्य आकर्षण केंद्र होंगे।

# हिमाचल में जल्द होगा हाइड्रो प्रोजेक्टों से जुड़े एफसीए एफआरए मामलों का निस्तारण



ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जल विद्युत परियोजनाओं से संबंधित एफसीए और एफआरए मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्वीकृतियों संबंधी मामलों के कारण लगभग 11 हजार मेगावाट क्षमता की जल विद्युत परियोजनाएं रुकी हुई हैं।

उन्होंने एफसीए और एफआरए प्रक्रिया को सुगम बनाने के दृष्टिगत वन और ऊर्जा विभाग को एक समिति गठित करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलों में आवश्यक वनीकरण के दृष्टिगत उपायुक्तों और वनमंडलाधिकारियों को भूमि चिन्हित करने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल को आत्मनिर्भर राज्य बनाने के दृष्टिगत जल विद्युत क्षमता का समुचित दोहन सबसे महत्वपूर्ण है। सुक्खू ने कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश व यहां के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले रही है और विद्युत परियोजनाओं में रॉयल्टी बढ़ाने का मामला इसी के दृष्टिगत उठाया गया है। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा के लिए वे शीघ्र ही केंद्रीय विद्युत मंत्री के साथ बैठक करेंगे, ताकि प्रदेश के लिए और अधिक राजस्व सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीति के अनुसार विद्युत परियोजनाओं को पहले 12 वर्षों में 20 प्रतिशत, अगले 18 वर्षों में 30 प्रतिशत व शेष दस वर्षों में 40 प्रतिशत रॉयल्टी राज्य को देने का प्रावधान किया गया है।

### युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के समुचित अवसर

**मुख्यमंत्री** ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के चरण-2 की भी समीक्षा की। इसके तहत राज्य सरकार 100 किलोवाट से 500 किलोवाट क्षमता की सौर विद्युत परियोजनाओं के लिए युवाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही द्वितीय चरण की यह योजना शुरू करेगी, जिससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के समुचित अवसर प्राप्त होंगे। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, अधोसंरचना सलाहकार अनिल कपिल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, निदेशक ऊर्जा हरिकेश मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव विवेक भाटिया, राज्य विद्युत बोर्ड के निदेशक कार्मिक डॉ. अमित कुमार शर्मा, हिम ऊर्जा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुभकरण सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**लक्ष्य** | मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रखा लक्ष्य, बोले- कांग्रेस मजबूत इरादों वाली सरकार

# 2032 तक सबसे समृद्ध राज्य बनेगा हिमाचल प्रदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश में नकदी की कमी से जूझ रही कांग्रेस सरकार ने 2022-23 में अपनी विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए 12,912 करोड़ रुपए का ऋण लिया है और सरकार ने 2032 तक इसे सबसे समृद्ध राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। राजकोषीय समझदारी के लिए एक दीर्घकालिक रोडमैप का लक्ष्य रखते हुए, पहली बार मुख्यमंत्री बने सुखविंद्र सुक्खू का मानना है कि सरकार मजबूत इरादों वाली है और उसके इरादे अच्छे हैं।

सुक्खू ने कहा, हम 2027 तक अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में सफल होंगे और 2032 तक हिमाचल प्रदेश को देश का सबसे समृद्ध राज्य बना देंगे। उनके मुताबिक, कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के एक साल में अर्थव्यवस्था में 20 फीसदी का सुधार हुआ है। सुक्खू ने कहा कि सरकारी विभागों में नौकरी के अवसर प्रदान करने के अलावा सरकार स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा दे रही है और स्टार्ट-अप संस्कृति को प्रोत्साहित कर रही है।

सुक्खू ने कहा कि विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए वादों पर खरा उतरते हुए, सरकार ने युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के पहले चरण की शुरुआत की है। जल्द ही इस योजना का दूसरा और तीसरा चरण भी शुरू किया जाएगा, जिसका उद्देश्य अधिक स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। योजना के पहले चरण के तहत सरकार युवाओं को ई-टैक्सी खरीदने पर 50 फीसदी सबसिडी भी दे रही है और उन्हें एक निश्चित आय भी सुनिश्चित की जाएगी। सुक्खू का कहना है कि सरकार सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रही है और एक निश्चित आय का वादा करते हुए 25 वर्षों तक उनसे बिजली खरीदेगी। एक कदम आगे बढ़ते हुए, मुख्यमंत्री ने इस महीने ऊना जिले के पेखुबेला में हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े 32 मेगावाट के सौर संयंत्र की आधारशिला रखी, जिसे फरवरी 2024 तक पूरा करने की समय सीमा तय की गई। इससे सालाना 661 लाख यूनिट बिजली पैदा होगी। किसानों के लिए, हिमाचल मुख्यमंत्री ने उनकी आर्थिक समृद्धि के लिए आगामी बजट (मार्च 2024 में) में एक योजना का आश्वासन दिया। इससे प्राकृतिक खेती पर आधारित एक निश्चित आय मिलेगी। पर्यटन के क्षेत्र में, मुख्यमंत्री सुक्खू का कहना है कि सरकार अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ठहरने में आसानी, यात्रा के लिए सुरक्षित वातावरण और अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान कर रही है।

उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में लगभग नौ हजार होटल थे और पर्यटकों की आमद को देखते हुए होम स्टे के संचालन को भी विनियमित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इसी माह दुबई का दौरा कर पर्यटन व अन्य क्षेत्रों में निवेश का निमंत्रण दिया था।

### मार्च 2024 तक हो जाएगा गगल एयरपोर्ट के लिए भूमि का अधिग्रहण

**कांगड़ा** जिले के गग्गल में हवाई अड्डे के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के बारे में सुक्खू ने कहा कि यह मार्च तक पूरा हो जाएगा और हर जिला मुख्यालय को हेलिपोर्ट सुविधा से जोड़ा जा रहा है। सुक्खू ने कहा कि जुलाई-अगस्त में प्राकृतिक आपदा और वित्तीय बाधाओं के बावजूद सरकार हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को पटरी पर लाने में सफल रही है। सुक्खू ने कहा, राज्य में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं, जिससे इस साल पर्यटकों की संख्या 1.5 करोड़ से अधिक हो गई है। औद्योगिक निवेश पर सुक्खू ने कहा कि कांगड़ा के कंदरोड़ी में 268 करोड़ रुपए के पेप्सी बॉटलिंग प्लांट की आधारशिला जिले में सबसे बड़ा निवेश होगा और 2,000 से अधिक रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

# नैण-कंडवाड़ी क्षेत्र में विकास कार्यों पर खर्च होंगे 20 करोड़

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कंडवाड़ी में राजीव गांधी डे बोर्डिंग विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है और इसपर साढ़े सात करोड़ रुपए किए जाएंगे। मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने यह जानकारी कंडवाड़ी में एसएम पब्लिक हाई स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में उपस्थित लोगों को अपने संबोधन में दी।

उन्होंने इस अवसर पर विद्यायल के छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यालय के होनहार छात्रों को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुणात्मक और बेहतर शिक्षा सुविधा उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश के सभी 68 हलकों में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है, ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के लिए प्राइमरी विंग के नक्शे लगभग तैयार हो गए हैं और शैक्षणिक सत्र 2025 से कुछ कक्षाएं यहां आरंभ कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि अगले दो महीनों में नैण-कंडवाड़ी क्षेत्र में लगभग 20 करोड़ के विभिन्न विकास कार्य आरंभ होंगे। उन्होंने कहा कि कंडवाड़ी- कलोली माता-रजेहड़ सड़क के निर्माण पर भी साढ़े छह करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं और शीघ्र इसका कार्य आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि नैण में पेयजल समस्या के सुधार के लिये सपेड़ू से पेयजल उपलब्ध करवाने के योजना बनाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र बड़ा सामुदायिक भवन बनाने के लिये उनके अनुरोध पर सांसद आनंद शर्मा द्वारा 30 लाख रुपए उपलब्ध करवाए हैं। शीघ्र ही इस भवन का निर्माण कार्य भी आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में बिजली के सुधार के लिए लोअर नैण में बिजली का सब-स्टेशन लगाया जा रहा है।

### चंदपुर-सपेड़ू-कुलाणी में पुल का काम जोरों पर

**आशीष** बुटेल ने कहा कि पालमपुर से कंडवाड़ी को जोड़ने के लिए वाया चंदपुर सपेड़ू कुलाणी में पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि विधायक प्राथमिकता में लोअर नैण से बनुरी तक सड़क का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में नैण पंचायत के प्रधान गगन कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता लोकिंद्र ठाकुर, राजेश रॉकी सहित छात्र, अध्यापक, अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान बोले सीपीएस किशोरी लाल

# सकड़ी में स्थापित होगा सोलर प्लांट

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव, कृषि, पशुपालन, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास किशोरी लाल ने शनिवार को राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

सीपीएस ने शिक्षा का मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग है और छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत से ही जीवन में लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता और सफलता प्राप्त करने का कोई शॉटकट नहीं होता। किशोरी ने कहा कि चुनावों के समय जो वादे, उन्होंने जनता से किए थे। उन्हें चरणबद्ध पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सकड़ी में आने वाले दिनों में सोलर प्लांट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को 11 हजार रुपए व प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को 5100 रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने शिक्षा व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

इससे पहले विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्र पाल सिंह राणा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र राव, प्रधान बबिता कटोच, उपप्रधान कुलदीप कुमार, मीडिया प्रभारी अमित शर्मा, कुलदीप सोनी, रिटायर्ड बीडीओ संसार चंद राणा, ब्लॉक कांग्रेस सचिव रमेश चड्ढा, अजय गोड, एसएमसी प्रधान विजय कटोच, कृष्ण कटोच, जेई पीडब्ल्यूडी, जल शक्ति व विधुत विभाग विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापक, छात्र, अभिभावक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



सीपीएस किशोरी लाल।

**कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सम्मानित किया, साथ में बच्चों को दिए टिप्स**



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान बच्चों को सम्मानित करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### भवारना के भटालु में 230 ग्राम चरस पकड़ी

**भवारना।** भवारना पुलिस की टीम ने शनिवार सुबह भाटलु में दो लोगों को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार भवारना पुलिस की टीम नियमित गश्त पर डरोह की तरफ जा रही थी। इसी दौरान भाटलु के पास जा रही एक टैक्सी को टीम ने जांच के लिए रोका। टैक्सी में चालक सहित दो लोग सवार थे। पुलिस ने तलाशी के दौरान 230 ग्राम चरस बरामद की। भवारना पुलिस थाना प्रभारी केहर सिंह ठाकुर ने खबर की पुष्टि की है।

### एक जनवरी को नगरोटा में लगेगा रक्तदान शिविर

**नगरोटा बगवां।** नववर्ष 2024 के पावन अवसर पर एक जनवरी सोमवार को नगरोटा सेवियर्स क्लब गांधी ग्राउंड नगरोटा बगवां में रक्तदान शिविर लगाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। यह जानकारी नगरोटा सेवियर्स क्लब के अध्यक्ष वरुण मरवाह ने दी। उन्होंने अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग आकर रक्तदान शिविर में हिस्सा लें।

### डाडासीबा में भंडारा पहली जनवरी को

**डाडासीबा।** डाडासीबा के व्यापारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि डाडासीबा के प्राचीन शक्तिपीठ बाबा भरथरी मंदिर परिसर तालाब के साथ सोमवार पहली जनवरी को स्थानीय व्यापारियों के सहयोग से नव वर्ष के उपलक्ष्य में तीसरे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सुबह दस के करीब कन्या पूजन किया जाएगा। उसके उपरांत 12 बजे के करीब लंगर शुरू किया जाएगा।

### बैठक में 15वें वित्तायोग पर की चर्चा

**धर्मशाला।** जिला परिषद की इस वर्ष की अंतिम त्रैमासिक बैठक जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़ की अध्यक्षता में जिला परिषद के सभागार में आयोजित की गई। इसमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल तथा सचिव जिला परिषद नीलम कटोच, जिला परिषद के सदस्यों तथा पंचायत समिति सदस्यों व विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए सचिव जिला परिषद नीलम कटोच ने बताया कि बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई इसके साथ ही गत बैठक की कार्रवाई की पुष्टि व आय-व्यय के बारे में, मनरेगा सेल्फ के अनुमोदन तथा 15वें वित्तायोग भी चर्चा की गई।

### मूंदला की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**नगरोटा बगवां।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीण विकास खेल एकता मैदान नोरा में खेले जा रहे क्रिकेट ट्रॉफी के मुकाबले के सातवें दिन का मुकाबला मूंदला व मस्सल-11 नगरोटा के बीच हुआ। मूंदला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 140 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मस्सल-11 नगरोटा मात्र 73 रन ही बना कर दूसरे दौर के लिए जगह पक्की करने में असफल रही। दूसरे मुकाबले में नैना देवी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 149 रनों का मूमता-11 को जीत के लिए लक्ष्य दिया। मूमता-11 टीम लक्ष्य का पीछा करते मात्र 92 रनों पर ही सिमट गई।

### नशे से हमेशा दूर रहें छात्र : पठानिया

**नूरपुर।** राजकीय आर्य डिग्री महाविद्यालय नूरपुर में आज कॉलेज छात्रों ने नववर्ष बचत भवन नूरपुर में मनाया । इस कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विक्रम पठानिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नशे से बचाना सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने बताया कि नूरपुर, इंदौरा जैसे क्षेत्रसीमा पर होने के कारण हेरोइन जैसे नशे की गिरफ्त में है और हेरोइन का नशा इतना खतरनाक है कि एक बार अगर कोई इसकी चपेट में आ जाए तो उसका इससे बाहर निकलना बहुत मुश्किल होता है। इसलिए युवाओं को हमेशा नशे से दूर रहना चाहिए ।

### धनराशि जमा करवाने का किया आग्रह

**धर्मशाला।** सामाजिक कार्यकर्ता अतुल भारद्वाज ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण हेतु 30 करोड की धनराशि 31 दिसंबर तक जमा करवाने के आग्रह को पुनः मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व प्रदेश सरकार से किया है। अतुल भारद्वाज ने बताया की शनिवार को एक प्रतिनिधी मंडल पूर्व विधायक सुलह जगजीवन पाल से उनके निवास स्थान खेरा मे जा कर मिला। प्रतिनिधी मंडल को पूर्व विधायक सुलह जगजीवन पाल ने उनकी मांगों का समर्थन करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# सभी स्कूलों का बनेगा आपदा प्रबंधन प्लान, मोबाइल ऐप पर होगा अपलोड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला के सभी स्कूलों का आपदा प्रबंधन प्लान तैयार किया जाएगा, ताकि इसे स्कूल सेफ्टी मोबाइल ऐप पर अपलोड किया जा सके।

इस बाबत शनिवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से धर्मशाला में मिनी सचिवालय के सभागार में खंड प्रारभिक शिक्षा अधिकारियों तथा विद्यालयों के नोडल अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए एडीएम रोहित राठौर ने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक व्यापक स्कूल आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने में स्कूलों की सहायता के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन तैयार की है इस ऐप के माध्यम से स्कूल आपदा प्रबंधन की योजना बना सकेंगे और उसी के अनुरूप मॉकड्रिल का आयोजन कर सकेंगे, जिसकी निगरानी उच्च स्तर पर भी आसानी से की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि आपदा की दृष्टि से विद्यालय अति संवेदनशील जगह होती है जहां पर एक साथ सैकड़ों बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं।

इसलिए विद्यालयों का आपदा प्रबंधन प्लान तैयार करना अत्यंत जरूरी है इसी के दृष्टिगत आपदा को लेकर विद्यार्थियों को भी जागरूक किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में भी आपदा प्रबंधन को लेकर लोगों तक जानकारी पहुंचाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन प्लान को एक माह के भीतर मोबाइल ऐप पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वयक भानु शर्मा ने कार्यशाला को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारियों को आपदा प्रबंधन प्लान तैयार करने तथा उसे स्कूल सेफ्टी मोबाइल ऐप पर अपलोड करने का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया है। नोडल अधिकारी स्कूलों में अन्य प्राधिकृत शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, ताकि सभी स्कूलों का आपदा प्रबंधन प्लान तैयार किया जा सके। इसके साथ बच्चों को भी स्कूल सेफ्टी ऐप के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।

### ऐप के माध्यम से आयोजित होगी मॉकड्रिल

**एडीएम** रोहित राठौर ने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक व्यापक स्कूल आपदा प्रबंधन योजना तैयार करने में स्कूलों की सहायता के लिए एक मोबाइल एप्लिकेशन तैयार की है इस ऐप के माध्यम से स्कूल आपदा प्रबंधन की योजना बना सकेंगे और उसी के अनुरूप मॉकड्रिल का आयोजन कर सकेंगे, जिसकी निगरानी उच्च स्तर पर भी आसानी से की जा सकेगी।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में भगत सिंह हाउस फर्स्ट

## सन्हूं में इंटर हाउस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जमकर बहाया पसीना

**राकेश डोगरा, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सन्हूं में इंटर हाउस प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बलबीर ढडवाल एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता ढडवाल ने शिरकत की। इसमें विभिन्न खेलों का आयोजन करवाया गया, जिसमें बैडमिंटन और वॉलीबाल में भगत सिंह हाउस प्रथम रहा। रस्सा-कस्सी में सुभाष हाउस प्रथम रहा।

म्यूजिकल चेयर रेस में लक्ष्मीबाई हाउस प्रथम रहा। डमरू खेल में भगत सिंह हाउस प्रथम रहा। राम राजा रावण में सुभाष हाउस प्रथम रहा। डॉट गेम का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि बलवीर ढडवाल ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलों का भी बहुत महत्व है।

उन्होंने कहा कि हमें अपने शरीर को तंदुरुस्त रखना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर हम स्वस्थ होंगे तो ही सारे काम ठीक से कर पाएंगे। साथ ही उन्होंने बच्चों को घर के काम में भी अपने माता-पिता का सहयोग करने के लिए नसीहत दी। उनकी धर्मपत्नी सुनीता देवी ने भी अपने विचार रखे।

प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यालय में आगे भी होते रहेंगे। इससे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि हमने विद्यालय में बच्चों को ट्रेक सूट के रूप में नई ड्रेस भी लगवा दी है। राजेश रोशन ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया। एसएमसी प्रधान त्रिलोचन, अश्विनी, निरोत्तम, विश्वजीत, गौरव, विशाल, मुनीश, निशा, वनिता सुरेंद्र, नवीन, अजीत रेणु, अजय, मधु, राकेश, प्रवीण, समशेर, सरिता व संजीव उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



कार्यक्रम के दौरान बच्चों के मॉडल्स देखते हुए मुख्यातिथि।

# घायल ललित कुमार को इलाज के लिए मदद की दरकार

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

कहते हैं जब मुसीबत आती है तो किसी से पूछ कर नहीं आती। विधानसभा जयसिंहपुर की ग्राम पंचायत मंझेड़ा के गांव कच्छेड़ा निवासी ललित कुमार पर भी अचानक मुसीबत इस तरह आई कि आज चलने फिरने में असमर्थ हो गया है।

पांच अगस्त 2023 को अपने घर के आंगन में ही पांव फिसलने से दुर्घटना का शिकार हो गया। बेहोसी की हालत में पत्नी ने पड़ोसियों की मदद से उन्हें टांडा अस्पताल पहुंचाया। ईलाज के दौरान उनके सिर में 33 टांका लगे और रीड की हड्डी भी फ्रेक्चर पाई गई थी। कुछ दिन इलाज करवाने के बाद टांडा अस्पताल से डिस्चार्ज तो कर दिया पर सर में गहरी चोट के कारण वह मानसिक संतुलन भी खो बैठे व चलने फिरने में असमर्थ हो गया। ललित कुमार की पत्नी हीरा देवी ने बताया कि उसके पास जो जमा पूंजी थी वह सारी पति के इलाज में खर्च हो चुकी है और आज हालात यह हैं कि घर में खाने पीने के भी लाले पड़े हैं।

उन्होंने कहा कि उनकी दो बेटियां व एक बेटा है बड़ी बेटी ने बीए की है व दूसरी बेटी 12वीं के बाद कम्प्यूटर कोर्स कर रही थी पर आर्थिक तंगी के कारण कारण कोर्स बीच में ही छोड़ना पड़ा। ललित की माता 75 वर्षीय कौशल्या देवी भी खुद दूसरे के सहारे की मोहताज है।

ललित की पत्नी ने नम आंखों से कहा कि बह खुद बीमार है। आंखों की रोशनी भी कमजोर हो चुकी है हर तीसरे महीने 16000 का इंजेनक्शन लगाना पड़ता है। आमजन से मदद की गुहार लगाई है ताकि वह अपने पति का इलाज करवा सके।

# नए कानून पास करने पर ट्रक यूनियन डमटाल ने किया प्रदर्शन



केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते ट्रक यूनियन डमटाल के सदस्य। इस दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदस्य।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

केंद्र सरकार द्वारा संसद में पास किए हुए नए कानून के विरोध में ट्रक यूनियन डमटाल द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस विरोध प्रदर्शन में ट्रक मालिकों के साथ-साथ ट्रक ड्राइवर चालकों ने भी केंद्र सरकार के खिलाफ नई नारेबाजी कर अपना गुस्सा जाहिर किया। वहीं, जल्द से जल्द ड्राइवर के खिलाफ बनाए गए कानून को वापस लिए जाने की मांग रखी। केंद्र सरकार अगर इन कानून को वापस नहीं लेती है तो ट्रक यूनियन डमटाल एक से तीन तारीख तक चक्का जाम प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर डमटाल ट्रक यूनियन के प्रधान रणजीत सिंह ने बताया कि डमटाल ट्रक यूनियन में लगभग 300 ट्रक है। इन ट्रक चालकों के खिलाफ जो कानून संसद में पारित किए गए हैं। उनके विरोध में डमटाल ट्रक यूनियन एकजुट होकर प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर उपप्रधान अजय मन्हास, जीत सिंह पठानिया, हीरा सिंह के साथ-साथ अन्य ट्रांसपोर्टर उपस्थित रहे।

# लोगों ने जानी केंद्र सरकार की योजनाएं

**डरोह।** भाजपा सुलह विधानसभा ग्राम केंद्र गढ़ के बूथ नंबर 102, 103, 109, और 108 हलदरा में प्रधानमंत्री की योजनाओं का जिन-जिन लोगों को लाभ मिला है, उनसे मुलाकात कर उन्हें आगामी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा बूथ में विस्तारीकरण के प्रति चर्चा की गई। इस दौरान बूथ समिति से यह अग्रह किया गया कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अधिक से अधिक जानकारी जन जन तक पहुंचाई जाए। इस मौके पर भाजपा सुलह मंडल के अध्यक्ष कैप्टन देशराज शर्मा, सोशल प्रमुख व संयोजक विक्रम पटियाल, विस्तारक राजेश्वर सिंह हैप्पी, सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य विजय गुलरिया, ग्राम केंद्र प्रमुख अशोक घारिया, पूर्व प्रधान सांबा संसार चंद, कैप्टन मान चंद राणा, अमर सिंह राणा, राजकुमार व रवि कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नशा तस्करी करने की दोषी महिला को 11 साल की सजा

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

नशीले पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार एक महिला को दोषी पाए जाने पर 11 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा नशा तस्कर महिला को एक लाख रुपए जुर्माना भरने के भी आदेश दिए हैं।

वहीं, जुर्माना न भरने की सूरत में महिला को दो वर्ष अतिरिक्त जेल काटनी होगी। यह सजा जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मशाला कांता वर्मा की अदालत ने सुनाई है। जानकारी के अनुसार पुलिस को तीन फरवरी, 2022 को सूचना मिली थी कि गांव माजरा में सुनीता देवी (48) वर्ष पत्नी सूरज मनी निवासी वार्ड नंबर चार गांव माजरा डाकघर छन्नी तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा अपने मकान स्थित माजरा में प्रतिबंधित कैप्सूल ग्राहकों को बचने का अवैध कारोबार करती है। तलाशी करने पर मकान में रखी अलमारी में पुलिस को कई प्रतिबंधित दवाइयां मिलीं। इसके साथ ही नकदी भी बरामद हुई थी। इस मामले की तफ्तीश एएसआई हमीद मोहम्मद प्रभारी नारकोटिक सेल की ओर से की गई थी। इस मामले में पैरवी जिला न्यायवादी सोहम कौशल ने की और मामले में 26 गवाहों को पेश किया गया। गवाहों के बयानों और पुलिस की ओर से पेश किए गए तथ्यों के आधार पर जिला व सत्र न्यायाधीश कांता वर्मा की अदालत ने आरोपी सुनीता को दोषी करार देते हुए 11 वर्ष का कारावास और एक लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। बहरहाल, नशीले पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार एक महिला को दोषी पाए जाने पर 11 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा नशा तस्कर महिला को एक लाख रुपए जुर्माना भरने के भी आदेश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

**परेशानी** सीमावर्ती इलाका होने पर पुलिस कर्मियों को अपराधियों को पकड़ने में पेश आ रही दिक्कतें

# वाहनों की कमी से जूझ रही जिला नूरपुर पुलिस

**रोशन लाल, इंदौरा**

हिमाचल प्रदेश में सबसे बड़े जिला कांगड़ा को विभाजित कर पुलिस जिला नूरपुर बनाया गया है। पुलिस जिला नूरपुर सीमावर्ती जिला होने के साथ-साथ इस सीमावर्ती पुलिस थानों में आपराधिक गतिविधियां अधिक मात्रा में होती हैं। नूरपुर जिला के अंतर्गत आने वाले थाना डमटाल व थाना इंदौरा के अंतर्गत खनन माफिया, बन माफिया, नशा माफिया के साथ अन्य अपराधी घटनाएं घटित होती रहती हैं।

वहीं, पुलिस को इन सभी गतिविधियों को रोकने के लिए बुलाया जाता है, लेकिन इन पुलिस थानों में पुलिस कर्मचारियों के पास पर्याप्त वाहन मौजूद नहीं हैं। वहीं, जो वाहन मौजूद है वह भी इस इलाके की आपराधिक गतिविधियों को रोकने में पर्याप्त नहीं है। थाना इंदौरा के अंतर्गत पुलिस को जो गाड़ी दी गई है उन गाड़ियों की हालत बेहद खराब है। अगर इस गाड़ी से किसी अपराधी को पकड़ना हो तो यह नामुमकिन सी बात है फिर भी इंदौरा पुलिस इस गाड़ी को प्रयोग कर रही है। दूसरी तरफ खनन माफिया, नशा माफिया, वन माफिया के पास एक से एक हाईटेक गाड़ियां मौजूद हैं, जो कि पलक झपकते ही पुलिस की नजरों से ओझल हो जाते हैं लेकिन फिर भी सीमावर्ती थानों के पुलिस जवान इन अपराधी गतिविधियों को रोकने में जुटे रहते हैं।

अब सरकार, उच्च अधिकारियों को थानों की ओर ध्यान देना चाहिए और नए वाहनों का इंतजाम करना चाहिए। वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बोल हैं कि सरकारी विभाग नहीं ले पाएंगे पेट्रोल व डीजल की गाड़ियां। (अनंत ज्ञान)





पुलिस बस का फाइल फोटो।

### आदेश आने पर उपलब्ध करवा देंगे गाड़ियां

**इस** समस्या को लेकर डीएसपी नूरपुर विशाल वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा इस संबंध में उच्च अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। जैसे ही इस संबंध में आदेश होंगे नई गाड़ियां उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने ने बताया कि आदेश आने का इंतजार है।

### पेट्रोल-डीजल गाड़ियां लेना मना

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बोल है कि सरकारी विभाग नहीं ले पाएंगे पेट्रोल व डीजल की गाड़ियां।

# राजा के तालाब में छह ब्लॉकों के 90 टीचरों ने लिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, जवाली**

जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला के तत्वावधान में राजा का तालाब में जिला स्तरीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का समापन उपप्रधानाचार्य मंजु अत्री की मौजूदगी में हुआ।

मुख्यातिथि शिरकत करते हुए मंजु अत्री ने अध्यापकों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. जोगिंद्र सिंह ने पांच दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा के संदर्भ में जानकारी दी। वहीं, रिसोर्स पर्सन केवल कुमार, नरेंद्र कुमार, सतेंद्र, कपिल मेहरा और विजय धीमान ने प्रशिक्षण के दौरान शिक्षण पद्धति की मूलभूत जानकारी मुहैया करवाई। डॉ. जोगिंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान जवाली, इंदौरा, फतेहपुर, नूरपुर, नगरोटा सूरियां और राजा का तालाब ब्लॉक के 90 अध्यापकों को नई शिक्षा नीति, डिजिटल लर्निंग, आर्ट इंटीग्रेटेड लर्निंग आदि के गुर सिखाए गए। इस दौरान इन अध्यापकों से विभिन्न विषयों एवं अध्यापन से संबंधित क्रिया-कलाप भी करवाए गए। कार्यशाला में भाग लेने वाले अध्यापकों ने भी कहा कि अपने इस प्रशिक्षण के अनुभव को स्कूल में लागू करेंगे।

इस मौके पर सभी अध्यापकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौक पर विजय कुमार, नरेंद्र सिंह, विजय कुमार, रजनीश कुमार, सहदेव जरियाल, अनिल जमवाल, राम कुमार, बंदना कुमारी, सुनील कुमार, इंद्रजीत सिंह, राकेश कुमार, अजय चिप, मनोकामना व अन्य अध्यापक मौजूद रहे। बहरहाल, जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला के तत्वावधान में राजा का तालाब में जिला स्तरीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का समापन उपप्रधानाचार्य मंजु अत्री की मौजूदगी में हुआ।

## हर जगह अनंत ज्ञान


बैजनाथ के लक्की सूद व पंकज राणा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


पूर्व विधायक अरुण कूका अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


पीएनबी बैंक गढ़ जमूला के मैनेजर कुशल कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


केसीसी बैंक गढ़ जमूला के मैनेजर शिव कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


नगरोटा बगवां में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए पाठक ।


बीडीओ बैजनाथ राकेश पटियाल अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


रक्कड़ के अविनाश शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


साई के विजय राणा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


रक्कड़ के लैब टेक्नीशियन पंकज अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


रक्कड़ में तैनात पुलिस कर्मी सचिन राणा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


रक्कड़ से रिटायर्ड टीचर अरविंद अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


रक्कड़ के सुधीर शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


नगरोटा बगवां के कर्ण अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### लब में पेंशनरों को किया सम्मानित

**जवाली।** कांगड़ा पेंशनर्ज संघ जवाली इकाई की एक बैठक छह जनवरी को साई पैलेस लब में होगी। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा करेंगे। जानकारी देते हुए संघ के प्रधान सुखदेव शर्मा व वित्त सचिव शंकर दास ने बताया कि बैठक में 75 वर्ष पूरा कर चुके पेंशनरो तथा पारिवारिक पेंशनरों को सम्मानित किया जाएगा।

### सहकारी सभा का चुनाव 18 जनवरी को

**डाडासीबा।** दी पपलोथर कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित गांव पपलोथर डाकघर नयाड़ तहसील जसवां कांगड़ा हिमाचल प्रदेश का चुनाव 18 जनवरी को होना निश्चित हुआ है तथा नामांकन भरने की तिथि दो जनवरी को है। इसलिए सभा के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि इस चुनाव कार्यक्रम में हिस्सा ले यह जानकारी सभा के सचिव अशोक कुमार ने दी है।

### पुन्नर स्कूल में हुआ शिक्षा संवाद कार्यक्रम

**पालमपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुन्नर में शनिवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या अंजु ठाकुर ने बताया कि इसमें छठीं से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। शिक्षकों ने अभिभावकों को एफए तीन और अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणामों से अवगत करवाया। प्री बोर्ड व मार्च में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के बारे में भी चर्चा की गई। गुणात्मक शिक्षा के लिए विद्यालय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत करवाया गया।

### अध्यापकों ने अभिभावकों से पढ़ाई पर चर्चा की

**पंचरुखी।** राजकीय आदर्श माध्यमिक पाठशाला मझेड़ा में शिक्षा संवाद का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अविभावकों के साथ स्कूल में पढ़ाई को लेकर संवाद किया गया। प्रिंसिपल संजय कुमार व अध्यापकों ने अभिभावकों के साथ स्कूल में चल रही गतिविधियों व पढ़ाई को लेकर विस्तृत चर्चा की। प्रिंसिपल ने सभी अभिभावकों का स्कूल में आने पर धन्यवाद किया।

### 173 वेटर्न खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**धर्मशाला।** धर्मशाला में जिला स्तरीय बैडमिंटन वेटर्न प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान 35 से लेकर 65 प्लस की आयु के लोगों ने खेलों में काफी रुचि दिखाई। टूर्नामेंट में 173 खिलाड़ियों ने भाग लिया। 65 प्लस की आयु के एक, 60 प्लस आयु के 10, 55 तथा 55 प्लस आयु के नौ-नौ, 45 प्लस आयु के 10, 40 प्लस आयु के 11 तथा 35 प्लस आयु के 11 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जबकि महिलाओं में 50 प्लस की एक तथा 45 प्लस की तीन महिलाओं ने टूर्नामेंट में भाग लिया। समापन समारोह में एसपी विजिलेंस धर्मशाला बलवीर ठाकुर ने शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को पुरस्कार बांटे तथा खेलों के प्रति उनके समर्पण भाव की प्रशंसा की।

धवाला ने सरकारी भूमि पर रिजॉर्ट बनाने के लगाए आरोप, होशियार बोले-हमारे गांव खेरियां का ईको सेंसटिव जोन में नाम नहीं

# ईको सेंसटिव जोन पर धवाला-होशियार में जंग

## खुद का रिजॉर्ट जद में आने पर अब लोगों को गुमराह कर रहे देहरा विधायक : धवाला

**अनंत ज्ञान, देहरा**

ईको सेंसटिव जोन मामले ने हिमाचल प्रदेश की राजनीति में खूब हलचल मचा दी है। बीजेपी के बड़े नेताओं में शुमार व पूर्व मंत्री रमेश धवाला ने प्रेस कान्फ्रेंस कर ईको सेंसटिव जोन मामले में रोक लगाने के लिए जहां केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार व्यक्त किया। वहीं, रमेश धवाला ने देहरा के निर्दलीय विधायक पर सरकारी भूमि कब्जाने के आरोप भी लगा दिए।

उन्होंने कहा कि ईको सेंसटिव जोन मामले को तूल देने के पीछे का असल कारण विधायक द्वारा पौंग झील किनारे बनाए गए रिजॉर्ट के नीचे सरकारी जमीन कब्जा करके रखना है। धवाला यहां नहीं रुके उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं है तो विधायक देहरा एक श्वेतपत्र जारी करें और अगर मैंने भी



कहीं एक इंच भूमि पर कब्जा किया है तो वो भी बताए। उन्होंने कहा कि निर्दलीय विधायक होशियार सिंह ने ईको सेंसटिव जोन मामले में आम आदमी को सिर्फ डराने का प्रयास किया गया, जबकि डर तो बड़े मगरमच्छों को अंदर से सता रहा है, जिसके उनके पास तथ्य सबूत मौजूद हैं। धवाला ने कहा कि पिछले दिनों वन विभाग ने दो गरीब परिवारों के घर तोड़ दिए क्योंकि वो घर वन विभाग की जमीन पर बने थे।

### क्या है ईको सेंसटिव जोन

**पौंग** बांध जलाशय में ईको सेंसटिव जोन बनाने की घोषणा 2023 में की गई थी। यह घोषणा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा की गई थी। इस अधिसूचना के अनुसार, पौंग बांध वन्यजीव अभयारण्य की सीमाओं से लगे हुए एक किलोमीटर के क्षेत्र को पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया गया है। ईको सेंसटिव जोन में होटल, रिसॉर्ट या किसी भी प्रकार के प्रदूषणकारी उद्योग का निर्माण। ओवरहेड इलेक्ट्रिक, संचार टावर लगाना, वन संसाधनों का दोहन व प्रदूषणकारी गतिविधियां प्रतिबंधित होती हैं।

## धवाला जी, बोलने से पहले सोच लिया करो और तथ्यों पर बात किया करो : होशियार

**अनंत ज्ञान, देहरा**

ईको सेंसटिव जोन का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले बीजेपी के नेता व पूर्व मंत्री रमेश धवाला ने प्रेस कान्फ्रेंस कर विधायक होशियार सिंह को घेरा तो वहीं कांग्रेस नेता नरदेव कंवर ने भी विधायक पर लोगों को गुमराह करके अपना स्वार्थ साधने का आरोप लगाए थे।

अब आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू होने पर देहरा के विधायक होशियार सिंह ने भी सामने आकर आक्रामक पलटवार किया है। ईको सेंसटिव जोन मामले में रोक लगाने के लिए जहां केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का विधायक ने आभार व्यक्त किया, वहीं रमेश धवाला पर जुबानी ताबड़तोड़ हमला किया। विधायक होशियार सिंह ने शनिवार को लोक



निर्माण विभाग विश्राम गृह देहरा में प्रेस वार्ता कर ईको सेंसटिव जोन पर भाजपा नेता व पूर्व मंत्री रमेश धवाला द्वारा लगाए गए आरोपों को नकारते हुए कहा कि जहां पर रिजॉर्ट बना है वो उनकी अपनी भूमि है और हाई कोर्ट के आदेशों पर कैमरों की निगरानी में डीसी की अध्यक्षता में निशानदेही भी हो चुकी है। निशानदेही के बाद तीन कनाल भूमि हमारी और निकल आई है। उन्होंने कहा कि हमारे गांव खेरियां का ईको सेंसटिव जोन में नाम तक नहीं है। हम सिर्फ अपने लोगों के हितों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। विधायक ने धवाला पर तंज कसते हुए कहा कि धवाला जी बोलने से पहले सोच लिया करो और तथ्यों पर बात किया करो जिसके बारे में जानकारी नहीं है, उस पर ना बोलें और अपने साथ समझदार लोगों को चलाएं।

वहीं लोकसभा चुनावों में किस पार्टी का साथ देने के बारे में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जो देहरा की जनता तय करेगी, उसी का साथ देंगे। वहीं उन्होंने सांसद की तुलना खोते से करते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों में मोदी के नाम पर वोट पड़ेंगे, खोते को भी टिकट मिलेगी तो वो भी जीत जाएगा।

## गोमा के मंत्री बनने से चंगरधार क्षेत्र में बढ़ी डिग्री कॉलेज खुलने की उम्मीद

**अजय पाल, पंचरुखी**

हिमाचल सरकार में नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री यादविंद्र गोमा से विधानसभा जयसिंहपुर के चंगरधार क्षेत्र की जनता में डिग्री कॉलेज खुलने की उम्मीद बढ़ गई है। गोमा का पैतृक गांव भी चंगरधार इलाके में होने के चलते क्षेत्र के लोगों का इनके प्रति लगाव है।

इसलिए चुनावों में गोमा की जीत के लिए चंगरधार की जनता का विशेष योगदान रहता है। युवा व मिलननसार होने के नाते भी गोमा की युवाओं में अच्छी पकड़ है। यादविंद्र गोमा जब वीरभद्र सरकार में विधायक थे उस समय भी इन्होंने विधानसभा जयसिंहपुर में विकास की कोई कमी नहीं रखी थी। विधानसभा क्षेत्र के चंगरधार इलाके में भी शिक्षा, स्वास्थ्य व सड़कों को अपग्रेड करके बहुत सारे विकासकार्य किए थे।

इसमें खासकर भुआणा स्कूल में नए भवन का निर्माण करवाना, मझेड़ा स्कूल में साइंस की कक्षाएं विठाना व स्कूल के भवन का निर्माण करवाना, मझेड़ा व भुआणा में स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करवाना, भम्बेड़ से मल्ली वाया डोडनबली श्मशानघाट के लिए तीन करोड़ की लागत से नाबार्ड के तहत धन उपलब्ध करवाना व ओर भी बहुत से विकास कार्य करवाए थे। (अनंत ज्ञान)

### गोमा से जगी लोगों की आस

**अब** यादविंद्र गोमा के हिमाचल सरकार में मंत्री बनने से चंगरधार क्षेत्र के लोगों में डिग्री कॉलेज खुलने की आस बढ़ गई है। इलाके के लोगों ने मंत्री से मांग की है कि चंगरधार क्षेत्र डिग्री कॉलेज खोला जाए, ताकि चंगरधार क्षेत्र से कोई भी बच्चा उच्च शिक्षा प्राप्त करने से बंचित न रहे।



### क्षेत्र में कॉलेज न होने पर शिक्षा से वंचित रह रहे छात्र

**वर्षो** से चंगरधार इलाके में लोगों की सबसे बड़ी मांग डिग्री कॉलेज व आईटीआई खोलने की है। लगभग 15 पंचायतों के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने या टेक्निकल पढ़ाई के लिए बीस से चालीस किलोमीटर तक का सफर करके पालमपुर जाना पड़ता है। इस इलाके में चालीस प्रतिशत लोग मेहनत मजदूरी करके अपना गुजारा करते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक न होने से उनके लिए बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए दूर भेजना संभव नहीं हो पाता है। इसके कारण बहुत सारे गरीब बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने से बंचित रह जाते हैं। खासकर लड़कियों को बहुत असुविधा होती है। इससे छात्रों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना।


नगरोटा बगवां। राजकीय उच्च विद्यालय बंदल में शनिवार को वार्षिक परितोषितक वितरण समारोह मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान सतपाल ने शिरकत की। इस समारोह में मुख्य अध्यापक ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और बच्चों को उनकी वर्ष भर में की गई उपलब्धियों पर सम्मानित किया गया तथा बच्चों ने इस समारोह में रंगारंग प्रस्तुतियां दी।

## हिम साई ज्योति स्कूल में नाटक किए प्रस्तुत

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

हिम साई ज्योति पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिनबढ़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राज्य पेंशन कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष घनश्याम शर्मा बतौर मुख्यातिथि व बीडीसी मेंबर कुसमलता तथा पूर्व बीडीसी मेंबर प्रताप चंद बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे। स्कूल के चेयरमैन हेम राज मोरेना ने मुख्यातिथि को शॉल टोपी पहनाकर सम्मानित किया। समारोह में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की। झांसी की रानी, बागवान व पुलवामा हमले के ऊपर किए नाटक मंचन ने कार्यक्रम में आए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुतियां देते हिम साई ज्योति स्कूल के छात्र।

## नूरपुर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर शुरू

**नूरपुर।** राजकीय महाविद्यालय नूरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का सात दिवसीय वार्षिक शिविर शुरू हुआ। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने किया। उद्घाटन का शुभारंभ देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुरजीत सिंह ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और शिविर के दौरान किए जाने वाले कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्थानीय रास्तों की मरम्मत, पेड़ों की छंटाई, सफाई अभियान के अलावा, स्वयंसेवक स्वच्छता, नशीली दवाओं के दुरुपयोग और सड़क सुरक्षा के मुद्दों पर समाज के साथ बातचीत करेंगे। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवियों को समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास में सुधार लाने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रोफेसर संजय कुमार जसरोटिया, प्रोफेसर मनजीत सिंह, डॉ. दिलजीत सिंह, प्रोफेसर सीमा ओहरी भी उपस्थित रहे।

## सुलयाली स्कूल में सजी प्रतियोगिताएं विजेता खिलाड़ियों पर बरसे इनाम


शिक्षा संवाद कार्यक्रम में भाग लेते सुल्याली स्कूल के छात्र।

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

सरकार के दिशानिर्देश के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुलयाली में बैग फ्री दिवस व शिक्षा संवाद दिवस मनाया गया।

इसमें पहली कक्षा से लेकर जमा दो कक्षा तक सभी छात्र-छात्राओं ने इस में भाग लिया और स्कूल बने गांधी हाउस, टैगोर हाउस, विक्रम बत्रा और सुभाष हाउस में विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं करवाई जा रहे हैं। इनमें माइनर से मेजर खेलों के अंतर्गत वालीबाल, बैडमिंटन, स्पून रेस, रस्साकसी, मटका फोड़ म्यूजिकल चेयर इत्यादि करवाई जा रही है तथा शिक्षा संवाद करवाया जा रहा है। प्रतियोगिता में विजेता रही सभी टीमों व खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य करतार चंद ने बच्चों में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए और उनमें तनावमुक्त वातावरण लाने के लिए सरकार द्वारा बैग फ्री व शिक्षा संवाद डे मनाया जा रहा है और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का होना अति आवश्यक होता है। पांचवीं कक्षा छात्रा राखी ने कहा कि मैं पांचवीं कक्षा की छात्रा हूं आज हमारे स्कूल में एक्टिविटी डे है और हमे अलग-अलग तरह के खेल खेलाई जा रही है हमें मुझे मजा आ रहा है।

## धर्मशाला में बेरोजगार युवतियों को दिया ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला जिला कांगड़ा द्वारा बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार की ओर अग्रसर करने के लिए 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर एवं दस दिवसीय बांस व बैंत निर्मित करने निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक कुलदीप कुमार कौशल ने बतौर मुख्यातिथि प्रतिभागियों का मागदर्शन करते हुए कहा कि प्रशिक्षित युवाओं तथा युवतियों को स्वरोजगार आरंभ करने के लिए बैंक की ओर से हरसंभव मदद की जा रही है तथा पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से नियमित तौर पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण सस्थान की निदेशक गरिमा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि बताया कि प्रशिक्षण शिविर में जिला कांगडा की 55 महिला प्रशिक्षणाथियों ने भाग लिया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे प्रशिक्षणार्थियों ने स्किल डेवेलपमेंट के साथ जूट बैग के बारे मे विस्तार से जानकारी हासिल की है।

उन्होंने बताया कि संस्थान की ओर से शीघ्र ही दस दिवसीय डेयर फार्मिंग, तीस दिवसीय कटिंग टेलरिंग, दस दिवसीय मधुमक्खी पालन के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवक एवं युवतियां नजदीक गर्वमेंट कॉलेज ऑडिटोरियम सिविल लाईन धर्मशाला, पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कांगड़ा मे संपर्क कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए संस्थान के निदेशक गरिमा के मोबाइल नंबर 9418883050 एवं ऑफिस नंबर 01892227122 पर संपर्क कर सकते हैं।


धर्मशाला में ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण लेने पहुंची युवतियां।

**समारोह** वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में छात्रों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

## बलभाल स्कूल में 'भेडां तेरियां ओ' गाने पर धमाल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

जिला कांगड़ा के छोर पर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय अपर बलभाल में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

समारोह का आगाज सरस्वती मां के आगे दीप प्रज्वलित कर और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस समारोह में कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र मनकोटिया बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। मुख्यातिथि को स्कूल प्रधानाचार्य सतबीर सिंह ठाकुर और स्टाफ सदस्यों ने शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि के सामने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी तथा स्कूल में बच्चों के द्वारा पढ़ाई सहित अन्य गतिविधियों में स्कूल का नाम रोशन किए जाने को लेकर अवगत करवाया। स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें बच्चों ने पहाड़ी नाटी, मोबाइल के दुष्प्रभाव पर लघु नाटक, भांगड़ा, हिंदी, पंजाबी, हरियाणवी व पहाड़ी गानों पर एक से बढक़र एक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। वहीं, बावन गज का दामन पहर मटक के चलूंगी, भेडां तेरियां ओ गानों सहित गिद्दे को दर्शकों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम से पूर्व मुख्यातिथि सुरेंद्र सिंह मनकोटिय ने स्कूल के लिए तीन कमरों एक बरामदे के लिए 34.24 लाख रुपए की लागत से निर्मित तीन कमरों के निर्माण का भूमि पूजन किया। मुख्यातिथि सुरेंद्र मनकोटिया ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।


कार्यक्रम के दौरान डांस पर धमाल मचाती बलभाग स्कूल की छात्राएं।

## 'भगवान राम केवल भाजपा के नहीं हैं, पूरी दुनिया के हैं'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**


कर्ण सिंह पठानिया।

जिला कांगड़ा कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष कर्ण सिंह पठानिया ने भाजपा को झूठ बोलने वाली पार्टी करार दिया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के नजदीक आते ही भाजपा नेताओं ने झूठ बोलकर जनता से वोट की राजनीति का खेल खेलना शुरू कर दिया है।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर को लेकर भी भाजपा रातनीति पर उतर आई है। राम के केवल भाजपा के नही हैं पूरे देश के हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। इसलिए मंदिर की ओट में जनता से वोट लेने की कोशिश कर रही है। इसी के साथ लोकसभा चुनाव-24 से पहले भाजपा एक बार फिर राम नाम की गूंज राजनीति के गलियारें में उठने में लगी हुई है। कर्ण सिंह पठानिया ने कहा कि देश की संसद से 142 सांसदों का एकसाथ निलंबन दुर्भाग्यपूर्ण घटना रही है। विश्व में ऐसा किसी भी देश में नहीं हुआ है। आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर मोदी सरकार पूरी तरह डरी हुई है। केंद्र की भाजपा सरकार ने पांच साल के कार्यकाल में ईडी, सीबीआई, आयकर टीम का जमकर दुरुपयोग किया है। मोदी सरकार सच बात को सुनना नहीं चाहती है। हिमाचल में आपदा राहत पैकज को लेकर कर्ण सिंह पठानिया ने भाजपा नेताओं को लताड़ लगाते हुए कहा कि झूठ बोलने की भी एक मर्यादा होती है।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



मोहल्ला कश्मीरी निवासी प्रवीण आनंद अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुईं।


वरिष्ठ अधिवक्ता मदन रावत अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



एसडीएम चंबा अरुण शर्मा को अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र सौंपते एमएम डैनियल ब्यूरो प्रभारी चंबा।


अधिवक्ता राजीव रत्न अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


पंचायत साहो के वरिष्ठ पत्रकार अनूप राणा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



हरदासपुरा वार्ड निवासी रामेश्वर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


अपर जुलाकड़ी निवासी जगदीश शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



मत्स्य विभाग गैर सरकारी सदस्य जितेंद्र मैहरा दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।

संरक्षण के लिए नहीं उठाए जा रहे ठोस कदम; अस्तित्व को खो रही विरासत, भाषा एवं संस्कृति विभाग के प्रयास भी नाकाफी

# चंबा के कई लोकनृत्य आज तरस रहे हैं खुद की पहचान को

**आरके रांगड़ा, चंबा**

स्थानीय संस्कृति एवं सभ्यता की पहचान से अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात हो चुके चंबा जिला के लोकनृत्य आज खुद ही अपनी पहचान को तरसते नजर आ रहे हैं। गत कुछ वर्षों से चंबा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले लोकनृत्य अपने प्राचीन नाम के स्थान पर क्षेत्र के नाम से अधिक जाने जा रहे है।

लोकनृत्य संरक्षण के प्रति भाषा एवं संस्कृति विभाग से लेकर महाविद्यालय व विद्यालयों में आयोजित लोकनृत्य प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त अन्य कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा सके हैं जिससे लोकनृत्य की यह विरासत अपने मूल अस्तित्व को खोती जा रही है। चंबा मुख्यालय में हर वर्ग के लोग जुड़ने के कारण यहां घुरेई प्राचीन नृत्य को छोड़ अन्य क्षेत्रों में फरमाए जाने वाले लोकनृत्यों की लड़ी देखने को मिलती है। जिनमें गद्दी, ढंढास, गद्दी नाटी, ढंगी, ढंढके पाराचिनार समुदाय लोकनृत्य, तिल चौड़ी, रु चि, गिद्दा, धुमसुरू, धमाल सहित अन्य कई लोकनृत्य किए जाते हैं। जबकि चंबा मुख्यालय के साथ लगते सिल्लाघ्राट व साहो क्षेत्रों में बसने वाले गुज्जर समुदाय द्वारा गोजरी, तलवार, गतका खेल नृत्य, दोपली, दुपटा लोकनृत्य किए जाते हैं। उक्त लोकनृत्यों को सरल भाषा में अक्सर लोग चंबयाली नृत्य के नाम की संज्ञा ही प्रदान करते है। भटियात तहसील में गद्दी, भटियाली, डंढारस, गद्दी नाटी, घोराई, छिझोटी, ढंगी, घुरेई, गिद्दा, जमाकड़ा लोकनृत्यों सहित यहां बसने वाले गोरखा समुदाय के लोगों द्वारा फरमाया जाने वाला लोकनृत्य झोरे, खियाली व सोरटी लोकनृत्य प्रमुख है। सलूणी व चुराह तहसीलों में नाट लोकनृत्य, घुरेई लोकनृत्य, जातरी व गिद्दा लोकनृत्य किए जाते हैं। पांगी तहसील में नाचन घुरेई, शैण लोक नृत्य प्रसिद्ध है। भरमौर तहसील में लोकनृत्य की जन्मदाता जनजातीय क्षेत्र भरमौर के गद्दी लोकनृत्य को दर्जा प्राप्त है। रियासतकाल में चंबा रियासत की तत्कालीन राजधानी भरमौर में प्राचीन लोकनृत्य की उत्पति सातवीं शताब्दी से पूर्व हो गई थी। जबकि क्षेत्र में लोकनृत्यों में ढंढारस, गादी नाटी, ढंगी, धुरेई व गिद्दा प्रमुख लोकनृत्यों में से एक है। जनजातीय क्षेत्र भरमौर का लोकनृत्य में पहने जाने वाली लोक वेशभूषा चौला-डोरा गद्दी समुदाय के लोगों का लिबास व संस्कृति को पहचान देता है। (अनंत ज्ञान)


जनजातीय क्षेत्र भरमौर की गद्दी नाटी।

### देश-विदेश में दिलाई पहचान

जिला चंबा से संबंध रखने वाले भवन शर्मा लोकनृत्य पेशकश की कड़ी में यूरोप में आयोजित अंतरराष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में जिला के गद्दी व घुरेई नृत्य की प्रस्तुति दे ख्याति प्राप्त कर चुके है। जबकि लोककला मंचों में स्नातक धर्म नाटक मंडल इंग्लैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय लोकनृत्य में चुराह के लोकनृत्य में घुरेई लोकनृत्य, जिला के अन्य क्षेत्रों से संबंधी लोकनृत्य की पेशकश दें जिला की लोक संस्कृति को विदेशों में पहचान दिला चुके है। जिन्हें यूनेस्को संस्था ने आज भी याद रखा है।

### भाषा एवं संस्कृति विभाग प्रदान करता है मंच

तुकेष शर्मा, डीएलओ भाषा एवं संस्कृति विभाग चंबा का कहना है कि जिला चंबा के पारंपरिक मेले, त्योहारों, पर्वों सहित अन्य कई मंचों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय लोकनृत्य जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे इसे नई पीढ़ी से अवगत करवाने सहित इसे संरक्षण मिल पाए। जिसमें कई लोकनृत्य से जुड़े समूहों को विशेष आमंत्रण देकर बुलाया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्य किसी तरह की कोई योजना नहीं है।

# पारंपरिक उत्पादों की मार्केटिंग के लिए उठाए जाएं प्रभावी कदम

## शहरी आजीविका मिशन के उद्यमिता विकास कार्यक्रम के दौरान बोले डीसी अपूर्व देवगन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो , चंबा**

स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित किए गए चंबा के स्थानीय व पारंपरिक उत्पादों की मार्केटिंग के लिए और प्रभावी आवश्यक कदम उठाए जाएं। ये निर्देश उपायुक्त अपूर्व देवगन ने डीआरडीए सम्मेलन हाल में स्वयं सहायता समूहों के लिए दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत आयोजित पांच दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के समापन अवसर में बतौर मुख्यातिथि कही।

कार्यशाला में नगर परिषद चंबा के अंतर्गत आने वाले 36 स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया। उपायुक्त ने उत्पादों की बिक्री के लिए चलो चंबा व सोन चिरैया ब्रांड के नाम से बिक्री केंद्र स्थापित करने के लिए नगर परिषद चंबा के अधिकारियों को निर्देशित किया ताकि पारंपरिक उत्पादों को बिक्री करने के लिए और अधिक आसानी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि इन उत्पादों की ब्रांडिंग और पैकेजिंग के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। उपायुक्त ने सभी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अपने संबंधित वार्ड क्षेत्र में सूखा व गीला कचरा अलग-अलग कर सफाई कर्मचारियों को देने के प्रति जागरूक करने को भी कहा। इस दौरान उपायुक्त ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए और महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण ओपी ठाकुर, तहसीलदार एवं कार्यवाहक कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद संदीप कुमार, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन समन्वयक रुचि महाजन व श्याम सहित नगर परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे।


स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्पादों का अवलोकन करते डीसी।

### बचाव कार्यों में युवा स्वयंसेवकों की भूमिका अहम

**चंबा।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्य में युवा स्वयंसेवकों की भूमिका अहम है। यह बात उन्होंने बचत भवन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चंबा के तत्वावधान में क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया पहल को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान युवा प्रथम प्रतिक्रिया के लिए तैयार रहें। इसी के मध्य नजर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में युवाओं को बेसिक लाइफ सेविंग स्किल के बारे में प्रशिक्षित किया गया है ताकि राहत एवं बचाव कार्यों को और सुगम बनाया जा सके। इस दौरान उपायुक्त ने नगर परिषद चंबा के तहत 45 युवा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस दौरान जिला राजस्व अधिकारी जगदीश, तहसीलदार चंबा संदीप कुमार व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से जिला समन्वयक आशीष सेमवाल मौजूद रहे।

### थल्ली स्कूल के छात्रों को इनाम बांटे

**भरमौर।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय थल्ली सियुका में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह तथा शिक्षा संवाद का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस मौके पर पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। सबसे पहले पाठशाला प्रभारी नेक राज ने वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया व प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने बाले बच्चों को इनाम देकर सम्मानित किया और। इसके बाद शिक्षा संवाद शुरू हुआ और शैक्षणिक सत्र 2023-24 के कार्य पर अध्यक्ष महोदय ने अपने विचार रखे। बच्चों की पढ़ाई का मुद्दा भी इस शिक्षा संवाद का मुख्य हिस्सा रहा क्योंकि पिछले लगभग डेढ़ साल से 44 बच्चों की जिम्मेदारी एक ही शिक्षक के सहारे है। समस्त समिति सदस्यों ने उक्त पाठशाला में एक जेबीटी अध्यापक भेजने का सरकार व विभाग से आग्रह किया। एसएमसी अध्यक्ष ने सरकार से जल्द से जल्द एसएमसी अध्यापकों के लिए स्थायी नीति बनाने की भी मांग इस शिक्षा संवाद में कही। इस अवसर पर मिष्ठान का भी प्रबंध किया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### मदन बने जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष


जिला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी।

**चंबा।** जिला बार एसोसिएशन का चुनाव जिला न्यायालय में हुआ। इसकी अध्यक्षता चुनावी कमेटी में अधिवक्ता देवेंद्र सिंह, किरन चौणा, अशोक ठाकुर, जय सिंह, विनीत गुप्ता, ओपी भारद्वाज, लतीफ मोहम्मद द्वारा की गई। जिला बार एसोशिएशन चुनाव में प्रधान पद की लिए दो नामांकन अधिवक्ता मदन रावत व टीसी शर्मा ने दाखिल किए। जबकि महासचिव पद के लिए अधिवक्ता नवीन ठाकुर और गौरव शर्मा ने नामांकन भरे। चुनाव में मतदान में अधिवक्ता मदन रावत को 91 और टीसी शर्मा को 36 वोट पड़े। जिसके परिणामस्वरूप अधिवक्ता मदन रावत विजयी रहे। वहीं महासचिव पद पर अधिवक्ता गौरव शर्मा को 68 और नवीन ठाकुर को 58 मत पड़े। कपिल भूषण को प्रवक्ता और संजीव शर्मा को प्रेस सचिव नियुक्त किया। जिला बार एसोसिएशन चंबा के लगातार दूसरी बार अधिवक्ता मदन रावत अध्यक्ष पद की कमान प्राप्त हुई।

### शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी

**भरमौर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल गरोला में शनिवार को शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। इस संवाद में विद्यालय के अध्यापकों, बच्चों व अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य मेहर सिंह ने अभिभावकों को बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बच्चों से शीतकालीन अवकाश के दौरान घर में पढ़ाई को लगातार जारी रखने का आह्वान किया ताकि मार्च महीने में होने वाली बोर्ड की परीक्षा में बच्चे स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान पवन शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर छठी से लेकर आठवीं कक्षा तक के बच्चों का वार्षिक परिणाम भी घोषित किया गया। छठी कक्षा में आशीष कुमार प्रथम स्थान पर रहे तो चिराग कुमार ने दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह सातवीं कक्षा में आयुष कुमार प्रथम, आकर्षित दूसरे स्थान पर रहे। आठवीं कक्षा में तनीषा भारद्वाज प्रथम व अक्षित ठाकुर द्वितीय स्थान पर रहे।

### विधायक डॉ. जनक राज ने बांटे चश्मे

**भरमौर।** दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में विधानसभा क्षेत्र भरमौर में लगाए गए मुफ्त नेत्र चिकित्सा कैंप में जिन लोगों को चश्मे नहीं मिले थे उन लोगों को भरमौर के विधायक डॉक्टर जनक राज ने शनिवार को चश्में बांटे। इस कड़ी में शनिवार को विधायक ने भरमौर के खणी, गरोला व दुर्गेठी में लोगों को मुफ्त चश्में बांटे। इस मौके पर विधायक डॉक्टर जनकराज ने लोगों की मांगों को सुना व कुछ मांगों को मौके पर ही निपटाया।

### शलेला बाड़ी स्कूल ने मनाया समारोह

**तीसा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला शलेला बाड़ी में वार्षिक समारोह मनाया गया। जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया अध्यक्ष हाशु शेख ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की इस दौरान स्कूल में पहुंचने पर अभिभावकों एवं स्कूल के समय स्टाफ ने हाशु शेख का स्वागत किया और वार्षिक रिपोर्ट पेश की। इस दौरान हाशु शेख ने बच्चों की पढ़ाई के बारे में भी जानकारी ली और बच्चों के साथ सीधा संवाद किया। हाशु शेख के साथ आए हुए स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष युसूफ, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष आरिफ शेख, यूथ कांग्रेस के सचिव यासीन, जान मोहम्मद, शब्बीर अहमद, जन्म सिंह जसोदू एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया कल ककीरा में

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया पहली जनवरी को ककीरा में स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग संस्थान ककीरा के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी विभागीय प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष के जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार पठानिया पहली जनवरी को दोपहर बाद ग्राम पंचायत घटासनी में तुलाड़ से कुडेरा संपर्क मार्ग का भूमि पूजन भी करेंगे।

दो जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष मुख्य सड़क धुलारा से गांव मलहेतरा के लिए संपर्क मार्ग का शिलान्यास करने के उपरांत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुलारा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता भी करेंगे।

उसके उपरांत ग्राम पंचायत गोला में शहीद जगदीश चंद लिंक रोड का भूमि पूजन करेंगे। तीन जनवरी को कुलदीप सिंह पठानिया मोरठू से भेड़ खड्ड संपर्क मार्ग का भूमि पूजन करने के साथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मोरठू के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। चार जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष कैहलू से रैणा संपर्क मार्ग का भूमि पूजन करेंगे और राजकीय उच्च पाठशाला डगोह के नव निर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। जबकि पांच जनवरी को किड्स कैंप पब्लिक स्कूल चुवाड़ी के सिल्वर जुबली समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।



### काहरी स्कूल में शिक्षा संवाद

**चुवाड़ी।** राजकीय उच्च विद्यालय काहरी में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत प्रधान शालू शर्मा विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहीं। शिक्षा संवाद का संचालन करते हुए विद्यालय के मुख्याध्यापक हंस राज शर्मा ने पठन पाठन को प्रभावी बनाने के लिए अध्यापकों व अभिभावकों से भरपूर सहयोग का आह्वान किया। इसके साथ ही उपस्थित अभिभावकों के साथ छात्रों की प्रगति रिपोर्ट साझा की गई और टीचिंग लर्निंग में आने वाली बाधाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों में ओम प्रकाश वार्ड कहारी एवं मदन कुमार वार्ड दुमेला ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। मंच संचालक कस्तूरी लाल ने सभी उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रों का तनाव मुक्त रहना आवश्यक

## चनेड़ स्कूल में करियर परामर्श कार्यक्रम में बोले डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चनेड़ में शनिवार को भविष्य सेतु पहल के अंतर्गत करियर परामर्श व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यार्थियों को सिविल सेवाओं की परीक्षा उत्तीर्ण करने से संबंधित टिप्स दिए।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है कि वे तनाव मुक्त होकर ही परीक्षा की तैयारी करें। तनाव लेने से आपकी क्षमता और प्रदर्शन दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य ऊंचा रखने और मन के अंदर के भय को समाप्त करने के टिप्स भी दिए। अपूर्व देवगन ने कहा कि विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए वही विषय चुनें जिसमें रुचि हो। लक्ष्य निर्धारित कर कठिन परिश्रम में जुट जाएं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को भी शांत किया। इसके अतिरिक्त यंग प्रोफेशनल तनु कुमारी ने विद्यार्थियों को श्रम एवं रोजगार विभाग और हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया। पुलिस विभाग की ओर से मनोहर ने विद्यार्थियों को पुलिस व आर्मी भर्ती से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. माधव, सहायक प्रबंधक विशाल राणा, मधु, डीएस जरियाल, राजेश कुमार और सत्या देवी ने विद्यार्थियो को जानकारियां दी। इससे पूर्व मेजबान स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने उपायुक्त अपूर्व देवगन को सम्मानित भी किया। इस मौके पर विद्यार्थियों सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


चनेड़ स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र मुख्यातिथि के साथ।

### राजस्व लोक अदालत चार से

**चंबा।** जिला राजस्व अधिकारी ने बताया कि जिला में सरकार द्वारा निर्धारित चार और पांच जनवरी को पुनः राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुनः राजस्व लोक अदालत सभी तहसील व उपतहसील स्तर पर चिन्हित स्थानों पर विशेष शिविर आयोजित कर जिला में लंबित इंतकाल व तकसीमों के मामलों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि तहसील व उपतहसील पर कार्यरत सहायक समाहर्ता प्रथम और द्वितीय श्रेणी के निपटाए गए मामलों को सरकार को भेजना सुनिश्चित करेंगे। तहसील चंबा के तहत चार जनवरी को कानूनगो भवन गुदियाल स्थित बरौर व पटवार भवन साच स्थित ओबड़ी, पांच जनवरी को पटवार भवन चंबा -एक व पटवार भवन हरिपुर में इंतकाल व तकसीम के मामले निपटाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि उपतहसील स्तर पर उपतहसील कार्यालय पुखरी, धरवाला, भलेई और तेलका में शिविर होंगे।

**कार्यक्रम** भलई स्कूल में सड़क सुरक्षा दिवस पर करवाई प्रतियोगिताएं

# प्रश्नोत्तरी में पटेल सदन रहा प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सुंडला**

शिक्षा खंड सुंडला के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भलेई में प्रधानाचार्य गुरबचन ठाकुर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों और इनके उल्लंघन से संभावित खतरों की जानकारियां उपलब्ध करवाई गई। इस कार्यक्रम को संचालित करने में गैर सरकारी संस्था प्रेरणा दि इंस्पिरेशन द्वारा विभिन्न सदनों की प्रतियोगिताएं करवाई गई और संस्था द्वारा बच्चों को परिवहन संबंधी जानकारी दी गई।

प्रेरणा दि इंस्पिरेशन के संचालक दीपक भाटिया ने अपने बहुमूल्य विचारों से सड़क सुरक्षा और उससे संबंधित विचार रखे। इस कार्यक्रम में भाषण, चित्रकला, नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता वरिष्ठ और कनिष्ठ वर्ग तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में पटेल सदन प्रथम, सुभाष व आजाद सदन द्वितीय तथा भगत सदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में सुभाष सदन ने पहला, पटेल ने दूसरा तथा आजाद सदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

नारा लेखन में निर्जला ने पहला, तनीषा ने दूसरा व यातिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में तमन्ना ने पहला किरण ने दूसरा व कार्तिक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में पटेल सदन ने पहला, भगत सदन ने दूसरा व आजाद सदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय पाठशाला का स्टाफ तथा परिवहन विभाग से राजेश कुमार, पुलिस प्रशासन से ब्रंगाल चौकी प्रभारी अनुभव शर्मा, हेंड कांस्टेबल चमन सिंह, महिला कांस्टेबल आशा कुमारी, प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था से दीपक भाटिया, सोनू व मुश्ताक मौजूद रहे।



भलेई स्कूल में सड़क सुरक्षा दिवस पर प्रेरणा दि इंस्पिरेशन संस्था की ओर से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

### सरकारी योजनाओं का करें प्रचार-प्रसार

**चंबा।** बाल विकास परियोजना चंबा और मैहला में शनिवार को एसडीएम अरुण शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के लिए गठित समिति की मासिक बैठक का आयोजन उनके कार्यालय कक्ष में किया गया। बैठक में एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की पात्रता और दिए जा रहे लाभों की जानकारी के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएं ताकि कोई भी पात्र इस योजना से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए ताकि सभी पात्र योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में सीडीपीओ मैहला अनुराधा, खंड चिकित्सा अधिकारी पुखरी डॉ. अनुराधा, वृत्त सुपरवाइजर अनिता कुमारी, शिक्षा विभाग के बीईईओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा और मंडी नगर निगम के मेयर वीरेंद्र भट्ट अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।



ग्राम पंचायत बालीचौकी के वार्ड पंच नीके राम अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



सराज भाजपा के कोषाध्यक्ष धनी राम अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



बालीचौकी की महिला व्यावसायी खिरा ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ती हुई।



सराज मंडल कांग्रेस के अध्यक्ष टेक सिंह चौहान अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



सराज वैली एजुकेशन सोसायटी के प्रबंध निदेशक गौरव ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते हुए।



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राकेश वालिया अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।



जिला श्रम अधिकारी मंडी भावना शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।



गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज करसोग के छात्र अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



स्टूडेंट साइबर कैफे ममेल के संचालक तिजेंद्र अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



सोनी कॉस्मेटिक ममेल के संचालक उदय अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



महेश सब्जी भंडार ममेल के संचालक महेश अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



भंडारणू में बागबान विवेक ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



शर्मा स्वीट्स ममेल के संचालक विवेक अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



ममेल निवासी नेत राम अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते हुए।



दोस्त कैफे ममेल के संचालक मुकेश शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



बालीचौकी में व्यावसायी मदन लाल ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।

# मंडी में सुरंगों की सुरक्षा व्यवस्था जांची

## संयुक्त निरीक्षण समिति ने किया निरीक्षण, श्रमिकों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल की ली जानकारी

**अनिल शर्मा, मंडी**

मंडी जिले में फोरलेन परियोजना में निर्माणाधीन सुरंगों में सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच को लेकर गठित संयुक्त निरीक्षण समिति ने अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (एडीएम) डॉ. मदन कुमार की अध्यक्षता में निर्माणाधीन सुरंगों का निरीक्षण किया।

उन्होंने शनिवार को मौके पर जाकर निर्माणाधीन सुरंगों का सुरक्षा की दृष्टि से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वहां कार्यरत कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए उपलब्ध सुरक्षा प्रोटोकोल की जानकारी ली और उससे जुड़ी संपूर्ण व्यवस्था को बारीकी से जांचा। इस समिति में एडीएम के साथ एएसपी सागर चंद शर्मा, एनएचएआई के परियोजना निदेशक वरुण चारी, आईआईटी मंडी से विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ. आर प्रसन्ना एवं उनके सहयोगी, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता डीसी नेगी, सुरंग विशेषज्ञ हिमांशु कपूर शामिल रहे।

इसके अलावा एनएचएआई के अधिकारी, सुरंगों के निर्माण में लगी कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। डॉ. मदन कुमार ने बताया कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) के निर्देशानुसार समिति ने मंडी जिला में फोरलेन पर निर्माणाधीन सुरंगों में सुरक्षा एवं बचाव मानकों के अनुपालन को लेकर निरीक्षण किया है। वहां वर्तमान में सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल से जुड़े हर पहलू को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था को जांचा गया है। समिति सशक्त सुरक्षा प्रबंधों व उपायों के साथ ही निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों व सुझावों के संबंध में जल्द ही अपनी रिपोर्ट तैयार कर एसडीएमए को भेजेगी। (अनंत ज्ञान)



निर्माणाधीन सुरंगों में सुरक्षा प्रोटोकाल का निरीक्षण करते संयुक्त निरीक्षण समिति के सदस्य।

### हादसों की न हो पुनरावृत्ति

गौर हो कि पिछले दिनों उत्तराखंड के उत्तरकाशी में हुए सिलक्यारा सुरंग हादसे के दृष्टिगत निर्माणाधीन सुरंगों में सुरक्षा प्रोटोकाल का निरीक्षण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि आगे कहीं भी इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। इसी उद्देश्य के साथ संयुक्त निरीक्षण समिति ने शनिवार को निरीक्षण की शुरुआत मंडी में वृंदावनी बाइपास सुरंग से की। उसके उपरांत सौलीखड्ड और पंडोह के समीप निर्माणाधीन सुरंगों का निरीक्षण किया। उन्होंने फोरलेन पर सुरंगों की योजना, डिजाइन, निर्माण, सुरक्षा और रखरखाव की समीक्षा की। किसी आपदा अथवा हादसे के दौरान आपातकालीन योजना के संबंध में भी कंपनी प्रबंधन से जानकारी ली।

## अवाहधार में दो पानी की मोटरें चोरी

**गोहर।** गोहर उपमंडल मुख्यालय से सटे बासा पंचायत के अवाहधार गांव से एक साथ पानी की दो मोटरें चोरी होने का समाचार है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवाहधार गांव निवासी पवन कुमार व दीपु पुत्र गंगाराम निवासी ने पुलिस थाना गोहर में शिकायत दर्ज करवाई है कि उन्होंने खेतों की सिंचाई के लिए घर के साथ ही नाले से खेतों की सिंचाई के लिए अलग-अलग क्रम्पटन कंपनी की मोटरें लगाई हुई थी। गत 28 दिसंबर की रात को कुछ अज्ञात लोगों ने दोनों मोटरें वहां से चुरा ली है। 29 तारीख की सुबह जब खेतों में पानी की सिंचाई के लिए मोटर का स्विच ऑन किया मगर काफी देर तक पानी न आया तो दोनों भाई नाले में मोटर चेक करने गए, मगर मोटे वहां से गायब पाई गई। थाना प्रभारी गोहर लाल सिंह ठाकुर ने बताया कि बासा के दो लोगों की कंप्लेंट आई है। उन्होंने बासा स्थित ट्रिनिटी स्कूल में लगे कैमरों से सीसीटीवी फुटेज निकालने के लिए टीम भेजी है।

# विधायक ने जांची ट्रैफिक व्यवस्था

## बैरिकेड हटाने के दिए आदेश, नई व्यवस्था होगी लागू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी के आईटीआई चौक पर लगातार आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए शनिवार को सदर विधायक अनिल शर्मा ने खुद मौके पर जाकर ट्रैफिक व्यवस्था जांची।

इस दौरान उन्होंने वहां लगाए गए अत्याधिक बैरीकेड को हटा कर वहां चौक की तरह ट्रैफिक व्यवस्था करने को लेकर ट्रैफिक पुलिस को आदेश दिए। बैरिकेड हटाने के बाद अब अस्थायी चौक बना कर ट्रैफिक को सुचारु किया गया है। सदर विधायक ने नई ट्रैफिक व्यवस्था को काफी समय वहां खुद खड़े होकर परखा। शहर से बाहर निकलने वाली गाड़ियों को इस चौक पर मुड़ने के किए काफी लंबे जाम से गुजरना पड़ता है। बार-बार विधायक तक इसकी शिकायत लोगों के माध्यम से आ रही थी। उसी के समाधान के लिए विधायक ने स्वयं मोर्चा संभाला और ट्रैफिक पुलिस की सहायता से इस नए ट्रैफिक प्लान को लागू किया। उन्होंने कहा कि बार-बार लोग इस ट्रैफिक समस्या को लेकर मुझसे संपर्क कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों को भी बार-बार कहा गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। इसलिए ट्रैफिक व्यवस्था को बदलना पड़ा। विधायक अनिल शर्मा ने उम्मीद जताई कि अब लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी।

इस मौके पर नगर निगम मंडी के मेयर वीरेंद्र भट्ट, पार्षद, मीडिया प्रभारी हिमांशु शर्मा, टैक्सी और ऑटो यूनियन के सदस्य, ट्रैफिक पुलिस के जवान और नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।



मंडी के आईटीआई चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था जांचते विधायक अनिल शर्मा।

## बागवानों को दिए जाएंगे गुणवत्ता वाले फलदार पौधे

**करसोग।** उद्यान विभाग करसोग क्षेत्र के बागवानों को शरद ऋतु के दौरान पौधरोपण के लिए सेब, नाशपाती, खुमानी सहित विभिन्न प्रजातियों के उच्च गुणवत्ता वाले फलदार पौधे उपलब्ध करवाएगा। बागवानों को ये फलदार पौधे उद्यान विभाग के चुराग स्थित कार्यालय में पहली जनवरी से वितरित किए जाएंगे। उद्यान विकास अधिकारी करसोग डॉक्टर चमेली नेगी ने बताया कि सेब, नाशपाती, खुमानी सहित विभिन्न फलदार पौधों की पहली खेप विभाग के चुराग स्थित कार्यालय में पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि ये फलदार पौधे करसोग क्षेत्र के बागवानों व विभिन्न क्लस्टरों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर वितरित किए जाएंगे। विषय विशेषज्ञ उद्यान करसोग डॉक्टर जगदीश वर्मा ने बागवानों से आग्रह किया है कि वे फलदार पौधे प्राप्त करने के लिए उद्यान विभाग करसोग से संपर्क कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### नरोला में श्रीमद्भागवत कथा का रसपान



श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करती महिलाएं।

**मंडी।** बलद्वाड़ा के नरोला गांव में तारा देवी प ी स्व. ठाकुर दास द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा ब्यास जितेंद्र आचार्य अपनी मधुर वाणी से भक्तों को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का रसपान करवा रहे हैं। नरोला गांव की आवाज कमेटी के सदस्यों कै. जगदीश वर्मा, बलकराम, कालीदास, महंत राम चंदेल, जगदीश चंद्र, बलदेव सिंह, इंद्र देव व कई अन्य सदस्यों ने कथा का रसपान किया।

### बगला स्कूल में जागरूक किए छात्र

**मंडी।** भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगला में वित्तीय शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी भारत राज आनंद, वित्तीय साक्षरता समन्वयक हरि सिंह कौंडल ने वित्तीय लेनदेन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड के बारे में भी जागरूक किया।

### रिवालसर में छात्रों को दिए करियर टिप्स



राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में करियर काउंसलिंग सेमिनार में मौजूद गणमान्य।

**मंडी।** राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में 30 छात्रों के लिए शनिवार को करियर काउंसलिंग सैल व कॉमर्स सोसायटी की ओर से करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें करियर काउंसलिंग और गाइडेंस के तहत एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। सेमिनार में प्रो.यशपाल ने छात्रों को विभिन्न सेक्टर और विभागों में करियर के अवसरों के बारे में जानकारी दी। सैल के इंचार्ज प्रो.मनोज कुमार ने करियर काउंसलिंग और गाइडेंस सैल के महत्व व उद्देश्यों के बारे में छात्रों को जागरूक किया। प्राचार्य डॉ. केसी कश्यप ने सैल और सोसायटी की ओर से छात्रों को अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कॉमर्स सोसायटी की सेक्रेटरी अंकिता, अध्यक्ष साहिल शर्मा, डॉ. ओपी ठाकुर, प्रो. ब्रजनंदन कपूर, डॉ. यादवेंदर कुमार, प्रो. अंजली परमार, प्रो. कुलदीप कुमार, प्रो. रमणीक शर्मा, लाइब्रेरियन खेम चंद सहित गैर शिक्षित वर्ग तथा छात्र उपस्थित रहे।

## विधायक के घर पहुंची अक्षत कलश यात्रा

**लडभड़ोल।** श्रीराम जन्म भूमि पर रामलला का भव्य मंदिर बनने के बाद 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देशभर में आयोजित की जा रही अक्षत कलश यात्रा शनिवार को जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा के घर गोलवां में पहुंची। श्रीराम कलश का गोलवां में विधायक प्रकाश राणा ने परिवार संग पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ जोगिंद्रनगर भाजपा मंडल के अध्यक्ष अजय सकलानी भी मौजूद रहे। विधायक प्रकाश राणा ने अपनी धर्मपत्नी रीमा राणा के साथ मिलकर पूजा-अर्चना की और उसके साथ राम महिमा का गुणगान किया। प्रकाश राणा ने कहा कि भारत में पहले भी कई प्रधानमंत्री रहे लेकिन यह सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं जिन्होंने राम मंदिर के निर्माण के लिए अथक प्रयास किया और उनके प्रयासों की बदौलत राम मंदिर बनकर तैयार हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्य की प्रशंसा विदेशों में भी हो रही है।

# अंपायर एजुकेशन के वार्षिक समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री ने छात्रों को बांटे इनाम



कार्यक्रम के दौरान अंपायर एजुकेशन के एमडी श्रवण कुमार मुख्यातिथि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंपायर एजुकेशन मंडी की ओर से वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह शनिवार को मनाया गया। इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिकत की। अंपायर एजुकेशन के एमडी श्रवण कुमार ने मुख्यातिथि को टोपी, शॉल देकर सम्मानित किया। जयराम ठाकुर ने वहां उपस्थित सभी महानुभावों और अंपायर एजुकेशन में पड़ने वाले छात्र-छात्राओं को नए वर्ष की बधाई व शुभकामानाएं दी।

जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा नौजवानों को स्किल कोर्स करने के लिए कई योजनाएं चलाई है। जो मुफ्त में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण देती है ताकि युवा अपने पैरों पर खड़े हो सके। जयराम ठाकुर ने बबिता को श्रेष्ठ शिक्षक व प्रिया को ओ लेवल प्रथम सत्र पुरस्कार, प्रियांशु द्वितीय सत्र, स्टेनोग्राफी विषय में अंकिता, टैली में अश्वनी, विमला, रक्षा व अन्य छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए।

### समैला स्कूल में सालाना समारोह की धूम

**सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समैला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में पवन ठाकुर महासचिव प्रदेश कांग्रेस समिति ने शिरकत की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी, एवं मुख्यातिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## खुड्डी स्कूल में छात्रों को इनाम बांटे

**लडभड़ोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खुड्डी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर लडभड़ोल तहसीलदार उर्मिला सुमन ने शिरकत की। इस दौरान मुख्यातिथि को स्कूल प्रधानाचार्य मान सिंह ठाकुर ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य मान सिंह ठाकुर ने पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को इनाम बांटे। इस मौके पर एसएमसी प्रधान कुलदीप ठाकुर, ग्राम पंचायत खुड्डी प्रधान सिकंदरा ठाकुर और स्थानीय महिला मंडल सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।



समारोह के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

## भराडपट्ट-पंजालग में शिक्षा संवाद कार्यक्रम

**लडभड़ोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराडपट्ट में शनिवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य रमेश कटोच ने की। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान बबली देवी व उनकी कार्यकारिणी सहित अन्य अभिभावकों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य रमेश कटोच ने इस अवसर पर शिक्षा संवाद सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही पाठशाला के जर्जर हो चुके भवन की रिपेयरिंग के बारे में भी चर्चा की गई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंजालग में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य देशराज की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान देशराज व अन्य ने भाग लिया। इस दौरान शिक्षा के संबंधित बिंदुओं पर अभिभावकों द्वारा चर्चा की गई। स्कूल प्रधानाचार्य देशराज ने बताया कि इस एसएमसी के शिक्षा संवाद कार्यक्रम में विद्यालय के विकास बिंदुओं पर चर्चा की और स्वास्थ्य के बारे में बताया गया।

**कार्यक्रम** वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि ने किया सम्मानित

# वैदिक स्कूल शानन के होनहार नवाजे

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

वैदिक पब्लिक स्कूल शानन ने शनिवार को वार्षिक समारोह मनाया। समारोह में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि के स्कूल पहुंचने पर स्कूल के निदेशक मेघ सिंह सहित समस्त स्कूल की कार्यकारिणी द्वारा उन्हें पुष्प गुच्छ, शॉल एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य कंचन ठाकुर ने बताया कि शनिवार को समारोह में नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि आने वाले समय में वैदिक पब्लिक स्कूल में टिंकरिंग लैब तथा एनसीसी विंग खुल सकती है, उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल को आर्ट्स तथा कॉमर्स की मान्यता भी इसी साल में मिल चुकी है। इस दौरान बच्चों द्वारा पेश किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उपस्थित लोगों ने लुत्फ उठाया। मुख्यातिथि जीवन ठाकुर ने बच्चों द्वारा पेश किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। मुख्यातिथि ने इस दौरान बारहवीं कक्षा में कुमारी कनिका को हिमाचल शिक्षा बोर्ड में 8वां स्थान प्राप्त करने पर, पीयूष को 15वां स्थान, दसवीं कक्षा में गौरव को पहला तथा रूहानी को दूसरा स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया। स्पेस ओलंपियाड में तीन बच्चों अर्णव, उत्कर्ष और ब्रह्मजोत को गोल्ड मेडल हासिल करने पर पुरस्कृत किया। (अनंत ज्ञान)



समारोह के दौरान मुख्यातिथि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सचिव जीवन ठाकुर को सम्मानित करते आयोजक।

### ओजस पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह

**मंडी।** ओजस पब्लिक स्कूल साईगलू में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन जिला परिषद सदस्य कमलेश कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अध्यापक पवन कुमार ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को कहा कि शिक्षा के बिना एक अच्छे नागरिक की परिकल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर कसाण पंचायत की प्रधान भिंतरा देवी, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

# संधोल स्कूल में सालाना जलसा, छात्रों ने जमाया रंग



कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देते प्रधानाचार्य।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संधोल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश प्रशासनिक अधिकारी ओशिन शर्मा ने की और कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य विषेश जमवाल ने की। सान्वी व उसकी सहेलियों ने शानदार पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं श्रेया एवं उनके साथियों ने हरियाणवी नृत्य पेश किया। कार्यक्रम में प्रीति व उनके साथियों ने मंडी जिला का प्रसिद्ध लुड्डी नृत्य बड़ी खूबसूरती से पेश किया। इसके अलावा नशे पर चोट करती हुई अमित व साथियों ने एक लघु नाटिका ने सबको आकृषित किया। मुख्यातिथि ने स्कूल के होनहारों को इनाम भी बांटे।

## गाड़ियों से शुल्क वसूली लगाएगी पर्यटन को पंख

**पर्यटन** के क्षेत्र में हिमाचल अपनी विशेष पहचान बना रहा है। देवभूमि की खूबसूरत वादियों को निहारने के लिए बहुत बड़ी तादाद में पर्यटक दूर-दूर से यहां आते हैं। लाहौल-स्पीति जिले में भी पर्यटक अब बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं, जिससे यहां काफी मात्रा में कचरा जमा हो रहा है। सीवरेज व्यवस्था हांफ जाती है। जिला लाहौल-स्पीति के खंड के विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) ने इन समस्याओं से पार पाने के लिए एक विशेष योजना को अमलीजामा पहनाया है। यहां साडा क्षेत्र में प्रवेश करते ही काजा और ताबो में पहाड़ी इलाके से आने वाली गाड़ियों को अब शुल्क अदा करना होगा। साडा एक ओर जहां शुल्क के नाम पर जमा हो रही राशि से ठोस कूड़ा प्रबंधन और सीवरेज प्रबंधन जैसी अन्य सुविधाएं मुहैया करवाएगा तो वहीं, वह अपनी आय में भी बढ़ोतरी करेगा। यानी साडा इस कसरत से एक पंथ दो काज करेगा। सफाई की सफाई और ऊपर से कमाई। साडा यह नियम नए साल में पहली जनवरी से लागू कर देगा। साडा डेवलपमेंट फीस के लिए समदो में एक बैरियर स्थापित करने जा रहा है। काजा के एसडीएम ने पिछले माह हुई बैठक में शुल्क वसूली का फैसला लिया था। तर्क दिया गया था कि काजा और ताबो में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में यहां ठोस प्रबंधन और सीवरेज प्रबंधन के साथ अन्य सुविधाओं के लिए फीस वसूली जानी चाहिए। विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण वित्तीय संकट से भी है, लेकिन इस नई तरकीब से उसकी समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी। राहत की बात यह है कि स्पीति में पंजीकृत निजी गाड़ियों और स्थानीय निवासियों से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं वसूला जाएगा। इसके अलावा स्पीति के साथ लगते जिला किन्नौर के सुमरा गांव के स्थानीय निवासियों की निजी गाड़ियों से भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। गर्मियों में जब काजा-मनाली रोड खुलेगा, तब एक बैरियर लोसर में भी बनाया जाएगा। लोसर बैरियर में पहली जून से फीस वसूली की तैयारी है। फीस इकट्ठी करने के लिए आउटसोर्स पर कर्मचारी भी नियुक्त किए जाएंगे। जब तक आउटसोर्स कर्मचारी नहीं मिल जाते तब तक यह काम लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी ही संभालेंगे। दोपहिया वाहन जैसे बाइक, स्कूटर और स्कूटी के लिए सौ रुपए, गाड़ी के लिए दो सौ रुपए, एसयूवी और एमबीयूवी क्लास गाड़ी के लिए तीन सौ रुपए, जबकि बस और ट्रक से चार सौ रुपए फीस वसूली जाएगी। स्पीति में पंजीकृत टैक्सी गाड़ियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यहां के टैक्सी चालक साल भर का पास बनवा सकेंगे। इनमें छोटी गाड़ियों के लिए एक हजार पांच सौ रुपए, जबकि मैक्सी और ट्रैवल के लिए दो ज्ञात पांच सौ रुपए की फीस तय की गई है। स्पीति में बाहरी गाड़ियों से वसूले जाने वाली फीस का इस्तेमाल सार्वजनिक शौचालय के निर्माण , सोलर लाइट, सीसीटीवी कैमरा, साइन बोर्ड, स्ट्रीट लाइट और सूचना पट्ट पर होगा। इसके अलावा यहां स्थानीय पंचायत के ठोस कूड़ा प्रबंधन और सीवरेज के लिए भी इस फीस का इस्तेमाल होगा। इसी फीस से स्पीति में नदी के किनारे पर्यटकों के लिए केंद्र खोलने की भी योजना है। स्पीति में नेचर पार्क, ईको टूरिज्म एंड वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन के कामों को भी इस चीज से प्रोत्साहित करने का प्लान भी बनाया गया है। साडा की यह योजना सिरे चढ़ जाती है तो निश्चित रूप से उसे बहुत ज्यादा फायदा होगा और वह इस पैसे से विकास के नए आयाम स्थापित कर सकता है बशर्ते इस जमा हुए पैसे का दुरुपयोग न हो। अगर इन दुर्गम इलाकों में पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तो वे यहां बार-बार आना चाहेंगे। इससे हिमाचल के पर्यटन को जहां पंख लगेंगे तो वहीं सरकार को भी अपना राजस्व बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# देश की सुरक्षा के लिए खतरा अवैध रोहिंग्या शरणार्थी

**रोहिंग्या लगातार देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होते रहे हैं। कुछ समय पूर्व यूपी पुलिस की एटीएस ने एक रोहिंग्या को गिरफ्तार किया, जो देश में अन्य रोहिंग्या लोगों को दाखिल करवाने और उनके फर्जी पहचान पत्र बनाने का काम करता था। एक आरोपी शाहिद को अलीगढ़ से और उसके दूसरे भाई फारुख उर्फ हसन को नोएडा से गिरफ्तार किया था। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के रुस्तमपुर तिगरी में भी दर्जन से अधिक रोहिंग्या के वोटर आईडी कार्ड बनाने का मामला सामने आ चुका है। कुछ समय पहले रहमान नाम के एक आतंकी को गिरफ्तार किया गया था, जिस पर रोहिंग्या मुसलमानों को भर्ती कर देश विरोधी वारदात को अंजाम देने में शामिल पाया गया था।**

**जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने रोहिंग्या को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। बीते शनिवार को प्रशासन के एक्शन के बाद बड़ी संख्या में रोहिंग्या परिवार सड़कों पर आ गए, जिन्हें बाद में मौलाना आजाद स्टेडियम के अंदर ले जाया गया। यहां पर उनके दस्तावेजों की जांच की गई। जम्मू के 30 स्थानों पर इन परिवारों के ठिकाने हैं और यह लोग कई प्रकार के आपराधिक गतिविधियों में शामिल हैं। 50 से अधिक मामलों में प्राथमिकी दर्ज है, वहीं अवैध रूप से सीमा पार करने का मामला भी इन लोगों पर चलाया गया है। हैरानी की बात है कि वर्ष 1994 में जम्मू में मात्र एक रोहिंग्या परिवार था। वर्तमान में वहां करीब 10,000 रोहिंग्या लोग वहां रहते हैं। म्यांमार से बांग्लादेश के रास्ते मालदा होते हुए दिल्ली से जम्मू पहुंचे ये परिवार अब देश के लिए सिरदर्द बन चुके हैं।**



लेखिका
प्रियंका ठाकुर
गृहिणी
बरठीं, जिला : बिलासपुर

**देश** की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। विविधता में एकता हमारे देश की पहचान है। यहां हर धर्म-समुदाय के लोग आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ रहते हैं। विभिन्न धर्मों से संबंध रखने के बावजूद देश की एकता और अखंडता का लोहा पूरा विश्व मानता है। दुनिया जानती है कि किसी भी प्रकार के संकट के समय भारत में रहने वाले तमाम धर्मों के लोगों ने एकजुट होकर उस समस्या का सामना किया है। वर्तमान में देश के सामने रोहिंग्या नामक बड़ी समस्या खड़ी हो चुकी है। बीते समय में उनकी भारतवर्ष में अवैध रूप से हुई एंट्री और सरकारों की गई अनदेखी आज बड़ी समस्या बन चुकी है। वर्तमान में देश के लिए सिरदर्द बन चुके रोहिंग्या के कई प्रकार कि संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। जिस प्रकार की हरकतों को इन लोगों ने अपने और दूसरे मुल्कों में अंजाम दिया है, उसे देखते हुए इन्हें अपने मुल्क में कोई भी शरण देने के लिए तैयार नहीं होगा।

देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए भारत में बड़ी संख्या में पहुंच चुके रोहिंग्या शरणार्थी एक खतरा बन चुके हैं। ये लोग देश के विभिन्न हिस्सों में अपना डेरा जमा चुके हैं। देश के जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, हैदराबाद, राजस्थान, आगरा, अगरतला, कोलकाता, पश्चिम बंगाल और असम जैसे स्थानों में अपना डेरा जमा चुके रोहिंग्या मुसलमानों में से कई संदिग्ध गतिविधियों में शामिल हैं, जिससे सुरक्षा एजेंसियां और भारत सरकार सतर्क हो गई हैं। अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या को लेकर कार्रवाई भी शुरू की जा चुकी है।

हालांकि, हमारे ही कुछ अपनों ने आर्टिकल-14 जो हमें समानता का अधिकार देता है और आर्टिकल-21 जो जीने का अधिकार देता है, का हवाला देकर इन रोहिंगियों के पक्ष में दलील दी। वहीं, भारत सरकार ने इन्हें देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए खतरा बताया है। यह रोहिंग्या आतंकी संगठनों जैसे इस्लामिक स्टेट, आईएसआई या कट्टर अलगाववादी संगठनों के संपर्क में आकर गुमराह हो सकते हैं। इसी कारण वे देश को नुकसान पहुंचा सकते हैं। बांग्लादेश और म्यांमार में रोहिंग्या और आईएसआई की एक बड़ी साजिश का खुलासा हो चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए हम यह मान सकते हैं कि इनके कारनामे देश के लिए कभी भी बड़े खतरे को रूप ले सकते हैं। बांग्लादेश के काक्स बाजार में रोहिंग्या का एक कैंप है। वहां बढ़ते अपराधों से परेशान बांग्लादेश सरकार ने 800 सदस्यों का एक विशेष पुलिस दल तैयार कर इन पर निगरानी रखने और किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना में इनके शामिल होने पर कारवाई करने का फैसला किया है। छह लाख से अधिक रोहिंग्या बांग्लादेश में शरण ले चुके हैं, लेकिन वर्तमान में ये रोहिंग्या बांग्लादेश सरकार के लिए सिरदर्द बन चुके हैं। रोहिंग्या का पड़ोसी देशों में किए अपराधों के प्रति अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर इनका समर्थन करना घटिया मानसिकता और देश के प्रति कुछ एक स्वार्थी संगठनों की संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है।



म्यांमार में 90 फीसदी आबादी बौद्ध धर्म को मानने वालों की है, जबकि 10 फीसदी वहां रोहिंग्या मुस्लिम रहते हैं। बौद्ध धर्म को मानने वालों को शांति का पुजारी माना जाता है। जानकारी के मुताबिक, रोहिंग्या ने म्यांमार में अपनी एक अलग सेना बनाकर बौद्ध धर्म के लोगों को मारना शुरू कर दिया। फलस्वरूप बौद्ध धर्म के लोगों का गुस्सा भड़क गया, जो रोहिंग्या परिवारों पर उतरा। इसी कारण इन रोहिंग्या परिवारों का म्यांमार से पलायन शुरू हो गया था। वे म्यांमार छोड़कर पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर हो गए, लेकिन जिस देश में उन्होने शरण ली बाद में ये उसी देश के लिए सिरदर्द बनते चले गए। वर्तमान में भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों में करीब 46,000 रोहिंग्या रहते हैं। वर्ष 1994 में एक रोहिंग्या परिवार जम्मू पहुंचा था। वर्तमान में अकेले जम्मू में ही करीब 2513 परिवारों के करीब 10,000 रोहिंग्या शरणार्थी रह रहे हैं। जम्मू में बसे इन रोहिंग्या परिवारों को एक साजिश के रूप में भी देखा जा रहा है। जम्मू के भटिंडी इलाके में इन्होंने वर्मा मार्केट बनाकर अपना कारोबार शुरू कर दिया है। बताया जाता है कि जम्मू में रोहिंग्या मुसलमानों को बसाने के लिए एक एनजीओ का सहारा लिया गया। एनजीओ को संयुक्त अरब अमीरात और पाकिस्तान से हवाला के जरिए फंडिंग होने के सुबूत भी मिले हैं। इन लोगों को पश्चिम बंगाल के मालदा व अन्य शरणार्थी शिविरों से एक साजिश के तहत लाया गया। जम्मू के सुजुवां में 48 रोहिंग्या परिवारों के 206 लोग और नगरोटा में 16 कोर मुख्यालय के इलाके में करीब 250 रोहिंग्या रहते हैं। इन लोगों की राष्ट्रीयता की पहचान को लेकर कार्रवाई शुरू हो चुकी है।

रोहिंग्या लगातार देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होते रहे हैं। कुछ समय पूर्व यूपी पुलिस की एटीएस ने एक रोहिंग्या को गिरफ्तार किया, जो देश में अन्य रोहिंग्या लोगों को दाखिल करवाने और उनके फर्जी पहचान पत्र बनाने का काम करता था। एक आरोपी शाहिद को अलीगढ़ से और उसके दूसरे भाई फारुख उर्फ हसन को नोएडा से गिरफ्तार किया था। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के रुस्तमपुर तिगरी में भी दर्जन से अधिक रोहिंग्या के वोटर आईडी कार्ड बनाने का मामला सामने आ चुका है। कुछ समय पहले रहमान नाम के एक आतंकी को गिरफ्तार किया गया था, जिस पर रोहिंग्या मुसलमानों को भर्ती कर देश विरोधी वारदात को अंजाम देने में शामिल पाया गया था। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने रोहिंग्या को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। बीते शनिवार को प्रशासन के एक्शन के बाद बड़ी संख्या में रोहिंग्या परिवार सड़कों पर आ गए, जिन्हें बाद में मौलाना आजाद स्टेडियम के अंदर ले जाया गया। यहां पर उनके दस्तावेजों की जांच की गई।

जम्मू के 30 स्थानों पर इन परिवारों के ठिकाने हैं और यह लोग कई प्रकार के आपराधिक गतिविधियों में शामिल हैं। 50 से अधिक मामलों में प्राथमिकी दर्ज है, वहीं अवैध रूप से सीमा पार करने का मामला भी इन लोगों पर चलाया गया है। हैरानी की बात है कि वर्ष 1994 में जम्मू में मात्र एक रोहिंग्या परिवार था। वर्तमान में वहां करीब 10,000 रोहिंग्या लोग वहां रहते हैं। म्यांमार से बांग्लादेश के रास्ते मालदा होते हुए दिल्ली से जम्मू पहुंचे ये परिवार अब देश के लिए सिरदर्द बन चुके हैं। इतना लंबा सफर तय करने के बावजूद क्या प्रशासन कुंभकर्णी नींद सोता रहा। इस सारे प्रकरण में कई मजहबी एनजीओ भी शक के दायरे में हैं। समय पर कार्रवाई नहीं होने के कारण प्रश्न यह उठता है कि क्या देश में इनकी अवैध घुसपैठ किसी राजनीतिक लाभ के लिए करवाई गई है। अगर हां तो यह देश की जनता के साथ बड़ा धोखा है और अगर नहीं तो इन्हें जल्द देश से बाहर करना चाहिए।

## बोलता है कैमरा...



**गोहर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मौवी सेरी की छात्रा सरिता ठाकुर ने दिल्ली के प्रयागराज स्टेडियम में आयोजित स्टाइल कुश्ती में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसी पाठशाला की दो अन्य छात्राओं कविता ने फ्री स्टाइल कुश्ती में 62 किलोग्राम व सृष्टि ठाकुर ने शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में राज्य स्तर की प्रतियोगिता में बेहतरी प्रदर्शन किया। पाठशाला में पहुंचने पर तीनों छात्रों का फूल माला व ढोल नगाड़ों के साथ स्कूल स्टाफ ने स्वागत किया।

## प्रेरक कथा



## दूसरों की मदद

**एक** सेमिनार में 200 लोगों ने हिस्सा लिया। प्रवक्ता ने वहां बैठे हर व्यक्ति को एक गुब्बारा दिया और उसपे अपना नाम लिखने को कहा। वहां बैठे सभी लोगों ने गुब्बारे पे अपना-अपना नाम लिख दिया। प्रवक्ता ने उन गुब्बारों को लिया और एक कमरे में रख दिया। फिर प्रवक्ता ने सभी लोगों से कहा, 'आप लोग उस कमरे में जाइए और पांच मिनट के अंदर अपने नाम का गुब्बारा लेके आइये।'

सभी लोग कमरे के अंदर गए और एक-दूसरे को धक्का देते हुए अपने नाम का गुब्बारा ढूंढने लगे। नतीजा यह हुआ कि पांच मिनट बीत गए, पर किसी को भी अपने नाम का गुब्बारा नहीं मिला। प्रवक्ता ने फिर कहा, 'अंदर जाओ और कोई भी गुब्बारा मिले, उसे उठा लो और उसपे जिसका नाम लिखा है उसे दे दो।' 5 मिनट से भी कम समय से सबके पास अपने नाम का गुब्बारा आ गया। इस कहानी से यह सीख मिलती है कि अपनी भलाई के बारे में ही नहीं सोचना चाहिए। दूसरों की मदद करने से भी हमारा काम आसान हो सकता है।

# अपराधों से जूझती देश की आधी आबादी

**राष्ट्रीय** अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभर कर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना भी दावा करे, वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है।



लेखक
योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार।

**आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर क्राइम, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायतें दर्ज कीं। सर्वाधिक शिकायतें गरिमा के साथ जीने के अधिकार को लेकर दर्ज की गई, उसके बाद घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार की शिकायतें हैं। दिल्ली में 'निर्भया कांड' के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम कसने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए, उससे लगा था कि समाज में संवेदनशीलता बढ़ेगी ।**

उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध में दिल्ली लगातार तीसरे साल 19 महानगरों में सबसे आगे है। सभी राजनीतिक दल चुनावों में घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों पर एनसीआरबी के आंकड़ों से साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। विडंबना है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपित निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों की 31.4 फीसदी क्रूरता, 19.2 फीसदी अपहरण, 18.7 फीसदी बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसदी बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान, 3690 मामले उत्तर प्रदेश, 3029 मध्य प्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए। दिल्ली और राजस्थान जहां महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित राज्य हैं, वहीं दहेज के लिए जान लेने वालों में पहले स्थान पर उत्तर प्रदेश और दूसरे पर बिहार है। उत्तर प्रदेश में दहेज के लिए 2138 और बिहार में 1057 महिलाओं की हत्या कर दी गई, जबकि मध्य प्रदेश में 518, राजस्थान में 451 और दिल्ली में 131 महिलाओं की हत्या दहेज के लिए की गई। 'एनसीआरबी' के अनुसार, प्रति एक लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसदी से बढ़ कर 2022 में 66 फीसदी हो गई, जिसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए। ये 2021 के 43,414 मामलों की तुलना में 12.3 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम दावों, वादों और नारों के बाद भी आखिर देश में ऐसे अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? कितनी चिंतनीय स्थिति है कि जिस भारतीय संस्कृति में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है, वहीं नारी घर में भी सुरक्षित नहीं है। परिजनों के हाथों घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, झूठी शान के लिए हत्या, बलात्कार और सहजीवन में जान गंवाने के मामले में स्थिति काफी दयनीय है। यह कितनी बड़ी विडंबना है कि महिलाएं न परिवार में, न आस-पड़ोस में और न ही बाहर के वातावरण में खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़े देखें तो 2023 के 19 सितंबर तक ही महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल 20,693 शिकायतें मिलीं, जिनके इस वर्ष के अंत तक बढ़ने की संभावना है। वर्ष 2022 में आयोग को 30,957 शिकायतें मिली थीं, जो 2014 के बाद सर्वाधिक थीं। वर्ष 2014 में 30,906 और 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 30 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली थीं।

आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर क्राइम, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायतें दर्ज कीं। सर्वाधिक शिकायतें गरिमा के साथ जीने के अधिकार को लेकर दर्ज की गई, उसके बाद घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार की शिकायतें हैं। दिल्ली में 'निर्भया कांड' के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम कसने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए, उससे लगा था कि समाज में संवेदनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों के हौसले पस्त होंगे, पर शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले सामने न आते हों। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैर-जिम्मेदाराना रवैया दिखता है। यह निश्चित रूप से कानून-व्यवस्था और पुलिस-प्रशासन की उदासीनता का ही नतीजा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों में शायद ही कभी खौफ दिखता हो।

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सरकार की नकेल



## ब्लॉगर

लेखक : राजेश कुमार चौहान
हमीरपुर, मो: 9023693142

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

**केंद्र सरकार ने** इसी साल सोशल मीडिया, ओटीटी और डिजिटल न्यूज प्लेटफार्म पर अफवाहें फैलाने और झूठ का प्रसार करने वालों पर नकेल कसने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। भविष्य में यह दिशा-निर्देश कितने कारगर साबित होंगे यह तो आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन सोशल मीडिया पर कंट्रोल के लिए सरकार का यह बहुत ही सराहनीय कदम है। आज देश का हर आदमी किसी न किसी वजह से सोशल मीडिया से जुड़ा हुआ है। सोशल मीडिया से जानकारियों के अलावा कई काम कर रहा है। वहीं, कई शरारती तत्व सोशल मीडिया का गलत प्रयोग भी कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर इस तरह के कंट्रोल के लिए शरारती तत्वों पर नकेल कसना जरूरी है। कई बार सरकार को आंदोलन या प्रदर्शन के दौरान इंटरनेट पर पाबंदी मजबूरवश लगानी पड़ती है, जिससे देश को आर्थिक नुकसान होता है और आमजन को परेशानी होती है। टेक्नोलॉजी का उचित प्रयोग किया जाए, तो वो लाभकारी सिद्ध होती है और दुरुपयोग हानिकारक। एक गंदी मछली सारे तालाब को गंदा कर देती है। इसी तरह कुछ शरारती तत्वों ने सोशल साइट्स का दुरुपयोग करके इनकी उपयोगिता को उचित कामों के लिए कम कर दिया है। सरकार की गलत नीतियों की आलोचना या किसी समस्या के लिए उसको कुंभकर्णी नींद से जगाने के लिए अब तो लोग सोशल साइट्स का भी सहारा लेने लगे हैं।

कुछ लोग फेक न्यूज या मनगढ़ंत तथ्यों को भी सोशल साइट्स पर शेयर कर देते हैं, वो गलत है। जो लोग अफवाहें या भ्रांतिया सोशल मीडिया पर फैलाते हैं, उन पर शिकंजा कसने के लिए भी सरकार को कुछ प्रयास करने चाहिए, ताकि कोई अफवाह किसी के लिए मुसीबत न बने। अगर किसी को कोई अफवाह सोशल मीडिया पर नजर आती है, तो उसकी शिकायत तुरंत संबंधित सोशल मीडिया के हेल्प डेस्क, मीडिया और पुलिस को देनी चाहिए। ऐसा नहीं है कि सोशल मीडिया पर जो परोसा जाता है, वो सारा ही खराब या गलत हो, क्योंकि आज सोशल मीडिया पर डॉक्टर, आयुर्वेद और अन्य विभिन्न पेशे के माहिर अपने अनुभव पेश करते हैं, जो कि किसी के काम भी आ सकता है। सोशल मीडिया पर बहुत सी संस्थाओं, न्यूज पेपर और न्यूज चैनलों ने अपने पेज बनाए हैं, जहां अफवाहें नहीं हकीकत पोस्ट की जाती है।

सोशल मीडिया का प्रयोग करने वालों को उन्हीं पर भरोसा करना चाहिए। आज डिजिटल प्लेटफार्म समाज के हर हिस्से से जुड़ गया है। कई बिजनेस डिजिटल प्लेटफार्म पर किए जा रहे हैं। आधुनिक युग में डिजिटल प्लेटफार्म कई लोगों के लिए मददगार भी साबित हो रहा है, लेकिन इन सकारात्मक पहलुओं के लिए कुछ नकरात्मक पहलू भी है, जिनसे सतर्क रहने की आवश्यकता भी है।

## आपका पत्र

**भारतीय** संस्कृति में वृक्षों एवं वन्यजीव प्राणियों की रक्षा करने एवं उनका संरक्षण करने के लिए सर्वस्व बलिदान करने का संदेश सदियों से हमें बताया जाता आ रहा है, पर आज भौतिकवाद की चकाचौंध में मानव कुदरत के साथ छेड़छाड़ करके न केवल खुद का जीवन संकट में डाल रहा है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी विरासत में प्रदूषण से भरा वातावरण दे रहा है। इस बरसात ने प्रदेश को करोड़ों का नुकसान दिया और कई जिंदगियां लील लीं। आपदा में सब कुछ गंवाने के बाद भले ही नदी-नालों को दोषी ठहरा दिया जाता हो, लेकिन इसके पीछे कहीं न कहीं मानव ही जिम्मेदार है। नदी-नालों में अतिक्रमण कर हो रहे निर्माण पानी के बहाव का रास्ता रोकेंगे, तो जाहिर तौर पर कुदरत की नाराजगी भी तबाही की राह खोलेगी। सुरक्षित भविष्य के लिए हमें सुरक्षित प्रकृति के बारे में सोचना होगा। मानव को आत्ममंथन करना होगा कि कहीं वह विकास की अंधीदौड़ में विनाश की ओर तो नहीं बढ़ता जा रहा है, इसलिए जरूरी है कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में केवल चिंतन तक ही सीमित न रह कर धरातल स्तर पर प्रयास करने होंगे। अगर इंसान प्रकृति को लेकर सचेत नहीं हुआ तो मानव जीवन का अस्तित्व भी खतरे में आ सकता है।

–**अविनाश, कुल्लू।**

यह कॉलम आपके लिए है। कृपया अपनी समस्याएं व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



डीएफओ कुल्लू एंजल चौहान को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट करती हुई जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति की प्रभारी कमलेश वर्मा। उन्होंने अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



आसिफ खान निवासी कुल्लू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



माया राम निवासी खराहल अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



विद्युत बोर्ड कुल्लू सर्किल के अधीक्षण अभियंता आरएस ठाकुर को अनंत ज्ञान समाचार पत्र की प्रति भेंट करती हुई जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति की प्रभारी कमलेश वर्मा।



प्रेम चंद कपूर निवासी अपर सुल्तानपुर कुल्लू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



गोकल राम भाटिया निवासी मंडी ढालपुर में फुर्सत के समय अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित सूद व उनके साथ वरिष्ठ पत्रकार धर्म चंद यादव अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



चुन्नी लाल निवासी सेउबाग अनंत ज्ञान समाचार पढ़ते हुए।



अतुल निवासी कुल्लू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



रोहित शर्मा, कुल्लू में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



उत्तम शर्मा, निवासी ढालपुर कुल्लू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# चीन से सटे गांवों में अब आधारभूत सुविधाएं होंगी सुदृढ़

## वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत 14 प्रोजेक्ट को केंद्र से मिली मंजूरी, खर्च होंगे 3.87 करोड़

**कमलेश वर्मा, काजा**

चीन से सटे जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति उपमंडल के लोगों को अब आधारभूत सुविधाओं की कमी नहीं खलेगी, न ही अब आधारभूत सुविधाओं के अभाव में यहां के लोग दूसरी जगह पलायन करेंगे। इन लोगों को अधिक से अधिक आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाने, लोगों का पलायन रोकने और लोगों की आर्थिकी को मजबूत करने के उद्देश्य से वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत 14 प्रोजेक्ट को केंद्र से मंजूरी मिली है।

केंद्र सरकार ने सीमांत क्षेत्रों के लिए आधारभूत ढांचा, संस्कृति को बढ़ावा देने, आत्म-निर्भर, पलायन रोकने की दिशा के लिए यह प्रोजेक्ट शुरू किया है। जिसके तहत स्पीति उपमंडल में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत 2023-24 के लिए 14 प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल चुकी है। इन 14 प्रोजेक्ट पर कुल 3.87 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। स्पीति के एक साथ 14 प्रोजेक्टों को केंद्रीय गृह मंत्रालय से मूंजरी मिल गई है।

ऐसे में अब लंबे समय से जिन प्रोजेक्ट के लिए वित्तीय आभाव की कमी आड़े आ रही रही थी उन्हें इन प्रोजेक्टों में शामिल किया गया है। स्पीति प्रशासन ने 20 गांवों के लिए कई प्रोजेक्ट बनाए हैं। इन्हीं में से फिलहाल प्रथम चरण में 14 प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली है। स्पीति प्रशासन ही उक्त प्रोजेक्ट के सारी प्रक्रियाएं जल्द से जल्द पूरी करेगा। एडीसी काजा राहुल जैन के अनुसार जिन 14 प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली है, उनकी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दे दिए गए हैं। सभी प्रोजेक्ट का कार्य निर्धारित समय में पूरा करने पर विशेष ध्यान किया जाएगा। अभी केवल 3.87 करोड़ के प्रोजेक्टों को मंजूरी मिली है। (अनंत ज्ञान)



जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति उपमंडल का एक गांव। (फाइल फोटो)

### क्या है वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम

**यह** केंद्रीय वित्तपोषित कार्यक्रम है जिसकी घोषणा 2022-23 में की गई है। इस कार्यक्रम के तहत उत्तर सीमावर्ती गांवों को विकसित करने के लिए और बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए किया गया है। इसी कार्यक्रम के तहत स्पीति के सीमा से सटे गांव में बेहतर सुविधाएं और पलायन रोकने के लिए 20 गांवों का चयन किया गया है।

### इन कार्यों को मिली मंजूरी

**हिक्किम** में पोस्ट आफिस के नजदीक 60 लाख रुपए की लागत से कैफेटेरिया निर्माण, शौचालय, कबबोर्ड स्टोन, 10 स्ट्रीट लाइट निर्माण कार्य, हिक्किम में 25 लाख रुपए की लागत से तीन गजीबों का निर्माण कार्य, हल गांव में 12 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक हॉल और सीजीआई से निर्मित छत निर्माण कार्य, हल गांव में 10 लाख रुपए की लागत से पारंपरित शैली में मुख्य गेट का निर्माण कार्य, कौरिक में 45 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य, काजा में 20 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य, काजा खास में 20 लाख रुपए की लागत से जिंग का सौंदर्यीकरण, किब्बर में 30 लाख रुपए की लागत से मेडिटेशन सेंटर कम टूरिस्ट इंफोरमेशन सेंटर का निर्माण, किब्बर से चिचिम्म मार्ग पांच लाख रुपए की लागत से मरम्मत करना, चिचिम्म पुल के साथ 30 लाख रुपए की लागत से क्यूबिकल ग्लास हाउस निर्माण कार्य, क्यामो में 35 लाख रुपए की लागत से बहुउद्देशीय भवन का निर्माण कार्य, गेचांग लिदांग में 35 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य,हिक्किम में 15 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक हॉल का निर्माण कार्य, शेगो में 45 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक हॉल का निर्माण कार्य किया जाएगा।

**पहले** स्पीति में बार्डर एरिया डेवलपमेंट प्रोग्राम चलता था, जिसकी जगह हर वाइब्रेंट विलेट प्रोग्राम शुरू हुआ है। लंबे समय से इस प्रोग्राम में प्रोजेक्टों को मंजूरी नहीं मिल रही थी। यह मामला प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल के समक्ष उठाया। इसके बाद अब जब 14 प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली है। इसके लिए केंद्र सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार। स्पीति प्रशासन ने बेहतरीन तरीके से आवश्यक प्रोजेक्ट तैयार किए हैं। उन्हें भी बधाई।

-रवि ठाकुर, विधायक लाहौल-स्पीति



## कुर्सी पर उठाकर अस्पताल लाई जा रही महिला की रास्ते में मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

प्राकृतिक आपदा के कारण छह माह से बंद पड़ी सड़क के दुरुस्त न होने का खामियाजा जिला कुल्लू की दनोगी पंचायत की एक महिला को भुगतना पड़ा है। दरअसल, ग्राम पंचायत दनोगी पंचायत में जहां पर गांव शाड़ व शाहट की सड़क छह महीने से खराब है। सड़क बंद होने के कारण लोगों को पैदल ही सफर करना पड़ रहा है।

शनिवार को गांव की एक बीमार महिला पुष्पा देवी को कुर्सी में उठा कर अस्पताल लाया जा रहा था लेकिन महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। जिसके चलते अब ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग रखी है की मात्र 50 मीटर टूटी हुई सड़क को ठीक किया जाए, ताकि छोटे वाहन गांव तक पहुंच सके। गौर रहे कि विकास खंड भुंतर के तहत आने वाली इस पंचायत में यह सड़क छन्नी खोड़ पुल से दो किलोमीटर की लंबाई तक बनी हुई है और यह सड़क मात्र 50 मीटर क्षतिग्रस्त है। लोक निर्माण विभाग को इस बारे सूचित भी किया गया है, लेकिन अभी तक इस सड़क के मरम्मत नहीं हो पाई है। ऐसे में गांव में एक महिला के बीमार होने पर लोगों के द्वारा उसे पालकी में लाया जा रहा था कि उसने आधे रास्ते में दम तोड़ दिया। महिला को कुर्सी पर उठाते हुए एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।



कुर्सी पर उठा कर मरीज को अस्पताल ले जाते लोग।

## एनएसएस स्वयंसेवियों ने की साफ-सफाई

**सैंज।** सैंज के राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शनिवार को हुआ। इस मौके पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो. गोविंद राम सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रदीप कुमार ने विशेष शिविर की रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि इस शिविर में 25 स्वयंसेवियों ने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े रिसोर्स पर्सन से जानकारियां हासिल कीं।

उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान कॉलेज के अस्थायी परिसर, सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैंज सहित आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया, जिसमें आम लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ साफ-सफाई भी की। कार्यक्रम अधिकारी ने शिविर के सफल आयोजन व सहयोग के लिए शिक्षक वर्ग व स्वयंसेवी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर स्टूडेंट्स को नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ समृद्धि की दिशा में मार्ग-दर्शन करने का एक अच्छा माध्यम बनेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पैराग्लाइडिंग लैंडिंग में पायलट कर रहे लापरवाही

**कुल्लू।** इन दिनों कुल्लू मुख्यालय के ढालपुर मैदान में पीज से हर रोज पर्यटकों के साथ पैराग्लाइडिंग की साहसिक गतिविधियां करवाई जा रही है। शनिवार को दोपहर बाद करीब दो बजे एक पैराग्लाइडिंग पर्यटक सहित ढालपुर लैंड होने जा रहा है किंतु लैंडिंग के दौरान पायलट ग्लाइडर को सही जगह पर लैंड नहीं कर पाया और ग्लाइडर लैंड होने से पहले ढालपुर मैदान में स्थित के स्ट्रीट लाइट के पास जाकर अटक गया, हालांकि गनीमत यह रही कि ग्लाइडर स्ट्रीट लाइट से टकराने से बच गया। बड़ी मशक्कत के साथ ग्लाइडर के पैराशूट को निकाला गया।



स्ट्रीट लाइट में अटके ग्लाइडर को उतारते लोग।

### कार्निवाल का हिस्सा बनें पर्यटक

**कुल्लू।** मनाली प्रशासन ने 31 दिसंबर को लेकर सैलानियों से अपील की है कि मनाली में दो से छह जनवरी तक आयोजित होने वाले कार्निवाल का हिस्सा बनें। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाए जा रहे कार्निवाल की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मनु रंगशला में पर्यटकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। साथ ही पर्यटकों के मनोरंजन के लिए माल रोड मनाली में भी स्टेज बनाया गया है। इस स्टेज में सुबह 10 बजे से शाम 10 बजे तक कार्यक्रम चलते रहेंगे। देश व प्रदेश भर से 24 टीमें कार्निवाल की शोभा बढ़ाने मनाली पहुंच रही है। एसडीएम ने कहा कि नववर्ष की संध्या को खास बनाने के लिए 31 दिसंबर को दिन के समय महानाटी, जबकि शाम के समय माल रोड में डीजे की व्यवस्था की गई है। एक जनवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनाली पहुंच रहे हैं। दो जनवरी को मुख्यमंत्री माता हिडिंबा की पूजा-अर्चना कर झांकियों को झंडी देंगे। वर्ष 2024 की शुरुआत भी मुख्यमंत्री मनाली को करोड़ों की सौगात देकर करेंगे। वहीं क्लब हाउस में आज मनाली क्वीन भी चुनी जाएगी। इसके साथ बेस्ट डांसिंग कपल का चयन कया जाएगा। इसके साथ ही बेस्ट कपल डांसिग, लेमन डांस, वेलून डांस के विजेता पर्यटक पुरस्कृत किए जाएंगे।

### सराहनीय कार्यों के लिए दो युवक सम्मानित

**पतलीकूहल।** युवा शक्ति क्लब डोभा ने शनिवार को गांव के दो युवकों को पूरे साल सामाजिक कार्यों में बेहतरीन कार्य करने के लिए गांव के दो युवकों पवन नेगी और कार्तिक ठाकुर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। युवक मंडल के प्रधान अमित आर्य ने कहा कि युवक मंडल पूरे वर्ष विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य करता है जैसे गोशाला में पल रहे पशुओं को घास दान करना, वन में पौधरोपण करना आदि। युवक मंडल ने खखनाल अनाथ आश्रम में आग लगने की घटना के पश्चात गांव में धनराशि एकत्र कर दान की थी। युवा मंडल द्वारा पूरे साल चलने वाली गतिविधियों में गांव के जो युवक बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं उन्हें युवा शक्ति क्लब हर वर्ष सम्मानित करता है। इस अवसर पर युवा शक्ति क्लब के उपप्रधान अमर ठाकुर, सचिव सुनील, सहसचिव पवन नेगी, कोषाध्यक्ष मोनू कपूर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### टीबी उन्मूलन के लिए आईआरएल की टीम का कुल्लू दौरा

**पतलीकूहल।** डायग्नोस्टिक मैडिकल सेंटर (डीएमसी) एक चिकित्सा सुविधा है जहां विभिन्न चिकित्सा स्थितियों और बीमारियों के निदान के लिए नैदानिक परीक्षण और प्रक्रियाएं की जाती हैं। ये केंद्र आमतौर पर विभिन्न नैदानिक परीक्षण, जैसे इमेजिंग परीक्षण, प्रयोगशाला परीक्षण और अन्य विशेष परीक्षण करने के लिए उन्नत चिकित्सा प्रौद्योगिकियों और उपकरणों से लैस होते हैं। आजकल जिला कुल्लू में इंटर-मीडिएट संदर्भ प्रयोगशाला (आईआरएल) धर्मपुर सोलन से राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक चिकित्सक की टीम जिला कुल्लू के डायग्नोस्टिक सेंटर में किए जाने वाले स्वास्थ्य नमूने का निरिक्षण व टीबी संबंधी मरीजों के बारे में जानकारी दे रही है। इस कार्यक्रम के तहत पतलीकूहल सीएचसी का भी दौरा किया व डीएमसी कर्मचारी से टीबी सैंपल की प्रक्रिया से रू-ब-रू हुए। आईआरएल टीम की हैड डॉ. शिरपा शर्मा व डा. चारू ने बताया की इन दिनों देश और प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## हारी टीम से मैच करवाने की एसडीएम को दी शिकायत

**कुल्लू।** कुल्लू के ढालपुर में आयोजित हो रहे राजा वीरभद्र सिंह मेमोरियल सीजन-दो क्रिकेट टूर्नामेंट में आयोजकों पर हारी हुई टीम के साथ मैच करवाने का आरोप लगा है। आयोजकों पर आरोप है कि उन्होंने सेमीफाइनल में मनाली की कार्तिक क्रिकेट क्लब टीम का मैच हारी हुई टीम के साथ करवाया। कार्तिक क्रिकेट क्लब मनाली की टीम ने एसडीएम कुल्लू को देश लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि इस प्रतियोगिता का संचालन सही तरीके से नहीं किया जा रहा है यहां टीमों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। आरोप पत्र में कहा है कि 29 दिसंबर को जब हमारी टीम का मैच रनपाल टीम के साथ तय हुआ और मैच खेलने के लिए टॉस भी हुआ। इसी बीच पता चला कि रनपाल टीम इससे पहले खेले गए मैच में हार चुकी है। ऐसे में जब आयोजकों के समक्ष इसका विरोध किया तो आयोजन किसी भी सूरत में बात मानने को तैयार नहीं हुए ऐसे में हमारी टीम विरोध करते हुए मैदान से बाहर आ गई।

कार्तिक क्रिकेट क्लब मनाली की टीम ने बताया कि जी हरि हुई रनपाल टीम के साथ उनका मैच करवाया जा रहा था वह 13 दिसंबर को हुए मैच में हार चुकी है और इसका फेसबुक लाइव वीडियो भी शिकायत पत्र के साथ एसडीएम कुल्लू को सौंप दिया है। ऐसे में कार्तिक क्रिकेट क्लब मनाली की टीम के खिलाड़ियों ने एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला से मांग की है कि इस मामले की छानबीन की जाए और आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

उधर, एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने इस संबंध में कहा कि आयोजकों को तटस्थ और पारदर्शी तरीके से मैच करवाने के आदेश जारी किए गए हैं अगर इसमें कोताही सामने आती है तो उसे आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

## नववर्ष के आगमन पर बंजार घाटी में लग रहा जाम



एनएच 305 पर औट से लेकर जलोड़ी के बीच लगे जाम का दृश्य।

**शीला कौल, बंजार**

नववर्ष की आगमन को लेकर जहां पूरा देश प्रदेश जिले तैयार है। बंजार उपमंडल के अंर्तगत गुजरने वाले एनएच 305 सड़क मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए बंजार पुलिस के जवान भी चप्पे-चप्पे पर मौजूद है। बंजार से लेकर जलोड़ी तक सहित तीर्थन घाटी में पुलिस के जवान ट्रैफिक व्यस्था को संभाल रहे है ताकि बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को ट्रैफिक समस्या का सामना न करना पड़े।

एनएच 305 सड़क का ओट से लेकर जलोड़ी तक संकरा है। नववर्ष के चलते इस संकरे सड़क पर पर्यटक वाहनों की संख्या बढ़ गई है। तीर्थन फलाचन सहित जीभी सोझा में बाहु में पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है, फिर भी बंजार पुलिस ट्रैफिक के जवानों के द्वारा वाहनों को दो तरफ निकालने के लिए कड़ी व्यवस्था की गई है। डीएसपी बंजार शेर सिंह ठाकुर सहित थाना प्रभारी रामलाल ठाकुर ने बताया कि बंजार से लेकर जिभी सोझा तंग जगहों पर ट्रैफिक के जवानों सहित होमगार्ड पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। थाना प्रभारी राम लाल ठाकुर ने बताया कि बंजार पुलिस द्वारा लोगों के लिए एडवाइजरी भी जारी की गई है कि अपने निजी वाहनों को सड़क के किनारे पार्क न करे। (अनंत ज्ञान)

## चंद्रा नदी में थार उतारने की पुरानी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**कमलेश वर्मा, केलांग**

लाहौल-स्पीति की चंद्रा नदी में कुछ दिन पहले पर्यटक द्वारा थार गाड़ी नदी में उतारने का वीडियो वायरल हुआ था। हालांकि लाहौल-स्पीति पुलिस ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए इस वाहन का 3500 रुपए का चालान काटा था, लेकिन शनिवार को एक बार फिर से ऐसी ही थार की अलग एंगल से एक और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। जिसमें तीन थार गाड़ी नदी में उतरी हुई दिखाई दे रही है।

इस वीडियो में जहां एक थार नदी में है, जबकि वीडियो बनाने वाला व्यक्ति बोल रहा है कि जहां पर यह थार है वहां पर हमारी थार भी होनी चाहिए। यह यहां अच्छी नहीं लग रही है और अब हम इसको भी नदी में लेकर जा रहे हैं। साथ ही वह पत्थरों में गाड़ी लगने से किसी हादसे को लेकर भी घबरा रहा है। वहीं, दूसरी ओर यह भी कह रहा है कि कुछ तूफानी करते हैं। वीडियो में पहले एक और बाद में तीन वाहन जिनमें दो थार जबकि एक अन्य वाहन नदी में दिख रहे हैं। सोशल मीडिया में वायरल हो रही इस वीडियो में 'लाहुल में नदी में हुए थार स्टंट' लिखा है।

गौर रहे कि लाहौल-स्पीति की चंद्रभागा नदी में गत कुछ दिन पहले एक सैलानी ने अपनी थार गाड़ी ही नदी में उतार दी थी जिसकी सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुई। लाहौल-स्पीति पुलिस ने वीडियो वायरल होने के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए इस वाहन के मालिक के खिलाफ यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 3500 रुपए का चालान काटा था। लेकिन शनिवार को फिर से एक और वीडियो वायरल हो रही है। उधर, जिला लाहौल-स्पीति पुलिस दावा कर रही है कि यह पुरानी वीडियो है।

एसपी लाहुल मयंक चौधरी ने बताया कि यह वीडियो पुरानी है और गाड़ी का चालान भी काटा गया है। उन्होंने सैलानियों से अपील की है कि जिला में आपका स्वागत है लेकिन यातायात नियमों का पालन करें और पुलिस का भी सहयोग करें। (अनंत ज्ञान)



लाहौल-स्पीति की चंद्रा नदी में दिखाई दे रही थार।

**सक्रियता**

## लोकसभा चुनाव के पहले बंजार में महिला कांग्रेस ने दिखाई अपनी ताकत

# लारजी में महिला कांग्रेस ने किया शक्ति प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देश में आगामी लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही कांग्रेस ने अपनी फौज को जीत का मूलमंत्र देकर एक्टिव कर दिया है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद बंजार विधानसभा क्षेत्र में महिला कांग्रेस ने शनिवार को पंचायत भवन लारजी में पहली विशाल बैठक का आयोजन कर बंजार में महिला शक्ति की ताकत को दिखाया है।

बंजार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पिंगला भंडारी की अध्यक्षता में शनिवार को बंजार विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से महिलाएं अपनी कुल्लवी वेशभूषा में जहां बैठक में शिरकत करने लारजी पहुंची, वहीं बंजार महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पिंगला भंडारी

### भंडारी की अध्यक्षता में सैकड़ों महिलाओं ने लिया भाग

की अध्यक्षता में महिलाओं ने अपनी ताकत दिखाई और कांग्रेस हाईकमान को यह दिखाने की कोशिश कि बंजार में मातृ शक्ति किसी से काम नहीं।

बता दें कि पार्टी हाईकमान के निर्देश पर महिला कांग्रेस बंजार की अध्यक्ष पिंगला भंडारी ने एक दिन के समय में शानदार बैठक का आयोजन कर सभी को चौका दिया है। जिसकी बंजार कांग्रेस अध्यक्ष तेजा ठाकुर, एपीएमसी कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति के अध्यक्ष राम सिंह मियां, बंजार कांग्रेस प्रभारी मनु शर्मा सहित सभी कांग्रेस नेताओं ने पिंगला भंडारी की जमकर तारीफ की है। पिंगला भंडारी ने भी अपने शीर्ष नेतृत्व को भरोसा दिलाते हुए कहा कि बे कभी भी कांग्रेस हाईकमान के प्यार को नहीं टूटने दूंगी। पिंगला भंडारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश की महिलाओं को कांग्रेस की सरकार में हमेशा सम्मान मिला है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चुनाव के दौरान अपनी गारंटी पत्र में महिलाओं को 1500 देने की बात कही है, जिसकी शुरुआत मुख्यमंत्री ने लाहौल-स्पीति से की है और जल्द प्रदेश की सभी महिलाओं को 1500 मिलेंगे। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने अपने चुनावी वादों में 15-15 लाख देने की बात कही थी, लेकिन अभी तक देश के एक भी परिवार को 15 लाख रुपए नहीं मिला है, जिसका देश की जनता बेसब्री से इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को झुठे वादों का खमियाजा भुगतान पड़ेगा और देश की जनता भाजपा को अलविदा कर केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाएगी।




बैठक में उपस्थित महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पिंगला भंडारी व अन्य।

### बैठक कर हाईकमान को दिया संदेश

**बहरहाल** आगामी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बंजारा की महिला कांग्रेस ने अपनी ताकत दिखाई है और पंचायत भवन लारजी में एक विशाल बैठक कर कांग्रेस हाईकमान को संदेश दिया है कि बंजार की मातृ शक्ति किसी से कम नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर में निकाली अक्षत कलश यात्रा



जिला मुख्यालय बिलासपुर में अक्षत कलश यात्रा के आयोजन पर मौजूद लोग।

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिला मुख्यालय पर शनिवार को विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में नगर पूजित अक्षत कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस यात्रा का शुभारंभ औद्योगिक क्षेत्र में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से हुआ। इसके बाद गायत्री मंदिर, गुरुद्वारा चौक, चंपा पार्क, बस स्टैंड, विश्वकर्मा मंदिर, हनुमान मंदिर उर वाल्मीकि मंदिर से होते हुए श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर डियारा सेक्टर में इस यात्रा का समापन हुआ। इस यात्रा में सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरा शहर राम नाम के उद्घोष से गूंज उठा। साथ ही राम भजनों से भी माहौल भक्तिमय बना रहा। शहर में जगह-जगह लोगों ने अपने घरों से फूलों की बारिश की।

### भारतीय सेना की कार्यप्रणाली को जाना



घुमारवीं कॉलेज की एनसीसी आर्मी सेना की कार्यप्रणाली को जानते हुए।

**घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद घुमारवीं कॉलेज की एनसीसी आर्मी विंग यूनिट चार एचपीआई कंपनी, हमीरपुर के चार विद्यार्थी सीनियर अंडर ऑफिसर शिवम रनौत, कैडेट गुलशन और कैडेट साहिल कुमार ने 15 कुमाऊं रेजिमेंट की ओर से 17 से 28 दिसंबर तक आयोजित आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया। यह कैंप पठानकोट में आयोजित किया गया था। प्राचार्य राम कृष्ण ने सभी कैडेट्स को इस उपलब्धि पर बधाई दी। कैडेट्स ने बताया कि इस कैंप के दौरान उन्हें भारतीय सेना की कार्यप्रणाली को नजदीक से जानने का मौका मिला। यह एक नेशनल कैंप था, जिसमें एनसीसी शिमला ग्रुप से पांच कंपनियों के 58 कैडेट्स ने भाग लिया। इस कैंप में सीनियर अंडर ऑफिसर शिवम रनौत को शिमला ग्रुप के सीनियर के रूप में चुना गया था। इस कैंप के दौरान कैडेट्स को भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट से लेकर लेफ्टिनेंट जनरल तक के अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का मौका मिला।

### सकारात्मक सोच चरित्र निर्माण का आधार



नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली में मौजूद स्वयंसेवी।

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के 6वें दिन नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय से प्राचार्य प्रो. नीना वासुदेवा ने रैली को रवाना किया। स्वयंसेवियों ने मेन मार्केट बिलासपुर गुरुद्वारा चौक से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक जागरूकता रैली को आयोजित किया। तत्पश्चात् शहीद स्मारक में नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा ली। वहां से महाविद्यालय तक छात्रों के नारों से बिलासपुर शहर गूंज उठा। व्याख्यान सत्र में सदर थाने से रूप कथानिया ने छात्रों को जीवन में अध्ययन, अभ्यास और नैतिकता इच्छा शक्ति और सकारात्मक सोच से जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है और हमें हमेशा हर परिस्थिति में जीवन में कुछ न कुछ सीखते रहना है। उन्होंने छात्रों की ओर से आयोजित की गई रैली और अन्य गतिविधियों की सराहना की।

# घुमारवीं के विकास के लिए लोग अपना सहयोग भी करें प्रदान

## राजेश धर्माणी ने लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस में सुनी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं को आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करना तथा जन समस्याओं के तत्काल प्रभाव से निवारण को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों की उपलब्धता और तत्परता आवश्यक है।

कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाउस घुमारवीं में लोगों से मिलने व जन समस्याओं को सुनने के उपरांत अपने संबोधन में कही। घुमारवीं के विकास के लिए लोग अपना सहयोग भी प्रदान करें, ताकि विधानसभा के प्रत्येक वर्ग के लोगों का विकास हो सके। विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाना सुनिश्चित हो, इसके लिए विभागीय अधिकारी गंभीरता के साथ



कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी लोगों की जनसमस्याएं सुनते हुए।

प्रयास करें। 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना आरंभ कर चुनावी गारंटी को पूरा किया गया है, जिसमें युवाओं को ई-टैक्सी की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। युवाओं को रोजगार सुनिश्चित करने के लिए ई-टैक्सियों को सरकारी स्थान में लगाने का प्रावधान किया गया है।

हरित हिमाचल बनाने की संकल्पनाओं के माध्यम से प्रदूषण मुक्त हिमाचल के निर्माण के लिए युवाओं को ई-वाहनों के चार्जिंग स्टेशन के लिए भी 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

### राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जाएंगे

प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा की दिशा में व्यापक सुधार के लिए तकनीकी शिक्षा के विद्यार्थियों को एक प्रतिशत ब्याज पर 20 लाख रुपए तक का ऋण दिया जाएगा। सभी विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से लैस राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जाएंगे, जिसके अंतर्गत 18 स्कूल शीघ्र खोले जा रहे हैं। प्रदेश में 2050 उत्कृष्ट पाठशाला, स्थापित की जाएंगी तथा सभी सरकारी स्कूलों में प्रौद्योगिकी और डाटा संचालन प्रणाली लागू करने का निर्णय सरकार की ओर से लिया गया है।

# नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश चहुंमुखी विकास कर रहा



लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर सदर मंडल भाजपा की बैठक में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर मंडल भाजपा ने अगले साल प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके मद्देनजर शनिवार को मंडल भाजपा की नई कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई।

मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सदर के विधायक त्रिलोक त्रिलोक जम्वाल ने मुख्यातिथि, जबकि पार्टी के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान और विस्तारक श्यामलाल ढटवालिया ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक में विस्तारक योजना को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत प्रत्येक बूथ पर बैठकें आयोजित करके युवा, महिला, किसान व अनुसूचित-जाति समेत सभी मोर्चों के साथ पांच-पांच नए सदस्य जोड़े जाएंगे। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में देश चहुंमुखी विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मोदी सरकार ने हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई हैं। आयुष्मान भारत, जनधन, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री आवास तथा जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं से करोड़ों लोग लाभांवित हो रहे हैं।

## 169 अल्पसंख्यक आवेदकों को मिला कौशल भत्ता

**बिलासपुर।** जिला मुख्यालय के बचत भवन में अल्पसंख्यक के कल्याण के लिए आरंभ किए गए प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने की। इस योजना के अंतर्गत बिलासपुर के अल्पसंख्यकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का विशेष लाभ दिया जा रहा है।

**15 आंगनबाड़ी केंद्रों का किया जा रहा संचालन**

तकनीकी शिक्षा के माध्यम से कौशल उन्नयन के अंतर्गत वर्तमान तिमाही में जिले में कुल 169 अल्पसंख्यक आवेदकों को कौशल भत्ता प्रदान किया जा रहा है, जबकि बिलासपुर के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 45 अल्पसंख्यक छात्र तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिले में कुल 529 अल्पसंख्यकों को सात करोड़ 25 लाख रुपए का ऋण आर्थिक क्रियाकलापों के लिए अभिवृद्धि ऋण सहायता योजना के अंतर्गत प्रदान किया गया है। बिलासपुर में कुल 10 अल्पसंख्यकों को निजी क्षेत्र में रोजगार मुहैया करवाया गया। 111 आंगनबाड़ी केंद्रों में से अल्पसंख्यक जनसंख्या वाले क्षेत्र में 15 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है, जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के 241 बच्चे पंजीकृत हैं तथा तीन से छह वर्ष आयु वर्ग के 68 बच्चे प्री स्कूल शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मेधावी छात्रों के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए 47 छात्रों ने आवेदन किया, जबकि बेगम हजरत महल छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत दो छात्रों का आवेदन सत्यापित किया गया है।

# 'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' प्रस्तुति से मोह लिया दर्शकों का मन

## घुमारवीं स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिम सर्वोदय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में एचपी स्कूल बोर्ड के पूर्व चेयरमैन डॉक्टर सुरेश सोनी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि अमृत लाल कतना व हिमाचल गौरव पुरस्कार से सम्मानित लाकेश चंदेल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बच्चों ने एकल गान, समूह गान, सोलो डांस, पहाड़ी नाटी, पंजाबी डांस पर प्रस्तुतियां दीं। समारोह में बच्चों ने सौंगध है मुझे मिटी की, सत्यम शिवम सुंदरम, पैसा ही पैसा, लुंगी डांस, मेरे घर राम आए हैं, हॉलीवुड डांस, गणपती बप्पा मोरिया, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। इस मौके पर मुख्यातिथि सुरेश सोनी ने अपने-अपने संबोधन में कहा




घुमारवीं स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते स्टूडेंट्स।

कि बच्चों की प्रस्तुतियां देखकर बड़ा हर्ष होता है। प्रयास, कोशिश और मेहनत से ही अच्छे कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं।

बच्चों को एक निश्चित उद्देश्य या गतिविधि के लिए तैयार करने में अध्यापक अहम भूमिका अदा करते हैं।

### गतिविधियों में सम्मानित

आरोही शर्मा, अंशिका, मृदुल शर्मा, अरुण कुमार, अनवीसा महाजन, हर्षिता, रिहान मोहम्मद, जुनैद इकबाल, अक्षरा चंदेल, आकांक्षा, अंजलि, अरुण कुमार, इशिता, कामेश डोगरा, नैतिक, सूर्य चंदेल, दीवान शर्मा, आकर्षित भारद्वाज, वैदिक चंदेल, सारांश ठाकुर।

### शैक्षणिक वर्ग में सम्मानित किए विद्यार्थी

कृतिका धीमान अनिकेत पटियाल, पार्वी शर्मा, प्रतिष्ठा, धन्य शर्मा, समन्वय चंदेल, शानवी, तनिष्क कुमार, शानवी शर्मा, श्रेयांश ठाकुर, शौर्य धर्मानी, कृषभ वशिष्ठ, रितिका शर्मा, सोनाक्षी भौमिक, आरोही शर्मा, अंशिका, चाहत, अक्षरा चंदेल, दिव्यांशी शर्मा, अनमोल, अस्मिता महाजन, रिया परमार, यशस्वी शर्मा, अंशिका कुमारी, सेजल।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का झंडूता दौरा फ्लॉप: विवेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का झंडूता दौरा पूरी तरह से फ्लॉप रहा है। अब जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आएगी।

केंद्र सरकार ने आम जनता को ठगने का कार्य किया है, जिसके चलते जनता में भाजपा के खिलाफ रोष है। यह बात प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने कही। अभी हाल ही में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर झंडूता दौरे पर आए थे, लेकिन उनके कार्यक्रम में नाममात्र लोग ही पहुंच पाए। विवेक कुमार ने कहा कि यह नतीजा केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से आम जनता के साथ किए गए धोखे के चलते सामने आ रहे हैं। केंद्र सरकार के लाभार्थियों को कार्यक्रम में बुलाया गया था, लेकिन नाममात्र लोग भी कार्यक्रम में पहुंचे थे। केंद्र की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के हितों की अनदेखी की है। केंद्र सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के बड़े-बड़े वादे किए थे। दो करोड़ नौकरियां देने की बात कही थी, लेकिन वर्तमान में देश का युवा सड़कों की धूल फांकने को मजबूर हैं।

**केंद्र की सरकार ने हर वर्ग के हितों की अनदेखी की**

## दधोल स्कूल की लड़कियां नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित



नेशनल बास्केटबाल के लिए चयनित दधोल स्कूल की लड़कियां अध्यापकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, दधोल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल की दो लड़कियां नेशनल बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल की दो लड़कियां साक्षी एवं रितिका का चयन राष्ट्रीय बास्केटबाल खेल प्रतियोगिता के लिए अंडर-17 में हुआ है। यह प्रतियोगिता छत्तीगढ़ में चार से सात जनवरी तक चलेंगी। साक्षी ववेली गांव से संबंध रखती है व रितिका सेऊ गांव से संबंध रखती है। यह जानकारी देते हुए पाठशाला प्राधानाचार्य सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि यह पाठशाला इस क्षेत्र के लिए बहुत ही गौरव और हर्ष की बात है कि बच्चे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि आज का युवा नशे की तरफ अपने कदम बढ़ा रहा है।

मगर इस क्षेत्र के बच्चों ने खेल के क्षेत्र को अपना भविष्य चुना है। आगे चलकर ये बच्चे खेलों में देश का प्रतिनिधित्व भी कर सकते हैं ये बहुत ही गौरव की बात है कि दधोल पाठशाला से बच्चे निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## मेधावी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

राहन शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल झंडूता ने अपना बाहरवां पारितोषिक वितरण उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में डॉक्टर नीरज वर्मा, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से शिक्षाविद ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि की भूमिका में प्रकाश ठाकुर मैनेजिंग डायरेक्टर कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट हरनोडा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में पहुंचने पर स्कूल के प्रधानाचार्य आरएल शर्मा, राहन शिक्षा समिति के अध्यक्ष जगरूप सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर जरनैल



झंडूता स्कूल में कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यातिथि।

सिंह, एपीटीए अध्यक्ष किशोरी लाल, समिति मेंबर संजीव कपिल, केवल सिंह, राकेश जोशी, पीटीए मेंबर्स, तथा स्टाफ के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ, शॉल-टोपी तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि द्वारा ज्योति प्रज्वलन के साथ हुई, उसके बच्चों द्वारा लेजियम और शारीरिक शिक्षा से संबंधित कार्यक्रमों की एक विस्तृत कड़ी देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल प्रधानाचार्य की ओर से गत वर्षों की शैक्षणिक उपलब्धियों का जिक्र करने के साथ-साथ इस वर्ष की भी शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक उपलब्धियां का लेखा-जोखा अभिभावकों तथा लोगों के सामने रखा। इसके बाद शैक्षिक विषयों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक मनोरंजन तथा ज्ञानवर्धक श्रृंखला चली, कार्यक्रम की समाप्ति तक इन मनोरंजन कार्यक्रमों का लुत्फ उठाते रहे।

## पेट्रोल चुराकर भाग रहे तीन युवकों को पुलिस ने दबोचा

**घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं के तहत आने वाले गांव बडोटा में पुलिस ने गस्त के दौरान तीन युवकों को बाइक से पेट्रोल चुरा कर भागते हुए दबोचा। पुलिस ने तीनों युवकों को हिरासत में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बडोटा गांव के कुलदीप चंद ने पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज करवाते हुए बताया कि शुक्रवार रात को उसने अपनी बाइक घर से कुछ दूरी पर सड़क किनारे खड़ी की थी। देर रात गांव के ही एक व्यक्ति ने देखा कि एक कार वहां आकर रुकी, जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे।

**पुलिस ने युवकों को हिरासत में लेकर आगामी कार्रवाई की शुरू**

कुलदीप के अनुसार उसने इन युवकों की कार की चाबी निकाल ली, ताकि तीनों युवक गाड़ी सहित वहां से भाग न सके, लेकिन गांव वालों को आते देखकर तीनों युवक वहां से अपनी गाड़ी छोड़कर भाग गए। वहीं, इस दौरान घुमारवीं पुलिस सिल्ह से बडोटा सड़क पर गस्त पर थी। पुलिस ने तीनों युवकों को भागते हुए देख इन पर शक हुआ और पुलिस ने तीनों युवकों को शक के आधार पर पकड़ा। इनकी तलाशी लेने पर इनसे पेट्रोल बरामद हुआ। तीनों युवकों की पहचान पंकज कुमार, अजय कुमार और मुकेश कुमार के रूप में हुई है। वहीं, डीएसपी घुमारवीं ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने बाइक से पेट्रोल चोरी कर रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। युवकों से पूछताछ जारी है तथा मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## फिजूलखर्ची रोकने को वचनवद्ध प्रदेश सरकार : संदीप सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**सरकार अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कर रही काम**

**कांग्रेस संसाधन जुटाने और वित्तीय जिम्मेदारी के प्रति समर्पण भाव से कर रही कार्य**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार फिजूलखर्ची रोकने के लिए वचनवद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पूर्व की भाजपा सरकार ने वितीय अनियमितताएं बरती हैं और वितीय कुप्रबंधन को बढ़ावा दिया है।



संदीप सांख्यान ने कहा कि कांग्रेस सरकार संसाधन जुटाने और वित्तीय जिम्मेदारी के प्रति समर्पण भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने राज्य की वित्तीय चुनौतियों के लिए पिछली भाजपा सरकार के कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उनकी सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

सार्वजनिक धन को बचाने के महत्व पर बल देते हुए कहा कि सरकार राजनीतिक तौर पर मौजूदा बुनियादी अधोसंरचना का समुचित उपयोग सुनिश्चित कर रही है। राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश में फिजूलखर्ची को घटाने की कोशिश में लगी हुई है, जिसका प्रमाण भी सामने आ चुका है और प्रदेश का राजस्व बढाने पर भी बल दिया जा रहा है, ताकि हिमाचल प्रदेश में विकास के कार्यों पर जोर दिया जा सके।

**समीक्षा** बिलासपुर में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत समीक्षा बैठक का किया आयोजन

# 4760 लाभार्थियों में 1886 को लाभ किया प्रदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय के बचत भवन में शनिवार को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत बिलासपुर के 25 गांवों में किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

समीक्षा बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने की। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत सभी लाभार्थियों को लाभ प्रदान करने के लिए खंड स्तर पर समन्वय स्थापित कर अधिकारी सक्रियता के साथ कार्य करें। डीसी आबिद हुसैन सादिक ने आज प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना की जिला स्तरीय अभिसरण समिति की समीक्षा



बिलासपुर में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी आबिद हुसैन सादिक।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 4760 लाभार्थियों में से 1886 लाभार्थियों को आवश्यकता अनुरूप लाभ प्रदान किया गया है, जबकि 2820 लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए प्रयासरत हैं। इस योजना के तहत अभी तक 517 जनत कार्यों में से 301 कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 80 कार्य प्रगति पर हैं शेष कार्यों को आरंभ करने की

### चार करोड़ 80 लाख किए जा रहे व्यय



डीसी ने बताया कि बिलासपुर के 25 पंचायतें, जिनमें बिनौला, बल्ह, बुलाणा, बकरोआ, बाला, बल्ह, सीणा, बेहना जट्टां, भोली, निचली भटेड़, दयोली, डूडियां, पपलोआ, बल्ह सीहणा, हंबोट, कोसरियां, झंडूता, कोठी, हरनोड़ा, ग्वालथाई, कोठीपुरा, ओयल, पनोह, पट्टा, त्यूनखास गांवों में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत चार करोड़ 80 लाख रुपए व्यय किए जा रहे हैं। इन आदर्श गांव में सड़क कनेक्टिविटी, दूर संचार कनेक्टिविटी, आंगनबाड़ी केंद्र, पेयजल सुविधा, जल निकास और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सुविधा उपलब्ध करवाना योजना की प्राथमिकता। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से सभी विभाग को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सूची भेजने के निर्देश दिए।

प्रक्रिया जारी है। इसके अंतर्गत चार करोड़ 80 लाख रुपए की राशि जारी की गई है, जबकि दो करोड़ 68 लाख 67 हजार रुपए की राशि का उपयोग विभिन्न कार्यों के लिए किया गया है उल्लेखनीय है कि इस योजना के तहत 25 गांव का चयन किया गया है।

# 'तुम जो हंसती हो, दिल न मिलते तो' गजलों से मोहा दर्शकों का मन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा संस्कृति भवन में 'शाम-ए-गजल' का आयोजन किया गया। जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में एसडीएम सदर अभिषेक गर्ग (आईएएस) ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। वहीं, इस दौरान एचएएस बबिता धीमान और एनटीपीसी कोलडैम उमेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गजलें प्रस्तुत की। सर्वप्रथम भजन गायक अभिषेक सोनी ने गुरु वंदना प्रस्तुत की। साथ ही उन्होंने बिलासपुर के लोकगीत भी सुनाए। इसके बाद डॉ. मनोहर शर्मा ने तुम जो हंसती हो, दिल न मिलते तो, देखिए दिल कह रहा है व चौधमी की रात थी आदि




संस्कृति भवन में 'शाम-ए-गजल' के आयोजन पर गजल प्रस्तुत करते हुए।

गजलों की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं, गायक जावेद इकबाल ने होंठो से छू लो तुम, प्यार का पहला खत लिखने में, हो जावे जे प्यार, गायक सौरभ वर्मा ने चुपके चुपके रात दिन, हमको किसके गम ने मारा, गुलशन गर्ग ने दिल मत देना, ये मुलाकात फिर नहीं होगी, ए हमसफर व उसके हंसते चेहरे से आदि गजलों को सुनाकर खूब तालियां बटोरी। जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने मुख्यातिथि और सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान मंच संचालन निशांत कपूर ने किया। वहीं, मुख्यातिथि अभिषेक गर्ग ने पहली बार करवाए गए इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी कलाकारों और विभाग को बधाई दी। भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करवाए जाएंगे। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा, डीआरडीए परियोजना अधिकारी यशपाल सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पेयजल योजना की 'राइजिंग मेन' पाइप टूटी

## पानी की किल्लत से शहरवासी परेशान, मरम्मत कार्य में जुटा जल शक्ति विभाग

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर को पेयजल सप्लाई करने वाली पलाही उठाऊ योजना की 'राइजिंग मेन' पाइप टूट गई है। जिस कारण बीती रात से हमीरपुर शहर में पानी की सप्लाई बंद हो गई है, हालांकि जल शक्ति विभाग का पूरा अमला इस 'राइजिंग मेन' को दुरुस्त करने के लिए जुट गया है। पिछले एक सप्ताह से जारी पीने के पानी की किल्लत अब शहर वासियों के लिए परेशानी का सबक बन गई है।

कभी वोल्टेज की कमी का रोना जल शक्ति विभाग रो रहा है, तो कभी किसी और तकनीकी खामी को लेकर पिछले लगभग एक सप्ताह से पीने के पानी की आपूर्ति को लेकर जो स्थिति बनी हुई है, वह शहरवासियों के लिए आक्रोश का कारण बन रही है। इसी वजह से शहर में पेयजल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो चुकी है। शहर के लगभग सभी इलाकों में हालात खराब है केवल वार्ड नंबर 11 की स्थिति ठीक है, जहां दूसरी योजना का पानी पहुंचता है। (अनंत ज्ञान)


धैल खड्ड में पाइपलाइन की मरम्मत करते हुए मजदूर।

### पहले ही थी वोल्टेज की कमी

**वोल्टेज** की कमी तो पहले से ही जारी थी। इस कारण पूरा पानी लिफ्ट नहीं हो पा रहा, लेकिन अब मुख्य पाइपलाइन के टूटने और पिछले कुछ दिनों से उसमें हो रहे रिसाब का कारण भी जल शक्ति विभाग को आज सुबह ही चल पाया है। जब पलाही योजना की सप्लाई हमीरपुर के टैंक में नहीं पहुंच पा रही थी, तो फिर पेट्रोलिंग का काम शुरू हुआ। उसके बाद पता चला कि धैल में पाइपलाइन ही क्रेक हो गई है। अब इसकी खुदाई करके वेल्डिंग का काम शुरू किया गया है। समय कितना लगेगा, इसका पता तो तभी चल पाएगा, जब पानी की सप्लाई बहाल होगी।

### पेयजल आपूर्ति जल्द होगी रिस्टोर

**जल** शक्ति विभाग के जेई रमन शर्मा ने बताया कि पाइप को जोड़ने का काम शुरू हो चुका है और बहुत जल्दी पेयजल आपूर्ति रिस्टोर हो जाएगी।

# नववर्ष के आगमन पर सजा बाबा बालक नाथ का दरबार

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

नववर्ष आगमन के लिए उत्तरी भारत के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 31 दिसंबर और पहली जनवरी नववर्ष के मौके पर दियोटसिद्ध मंदिर 24 घंटे खुला रहेगा। पूरे मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है। बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में गुफा दर्शन के लिए 31 दिसंबर को ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं।

बाबा बालक नाथ के जयकारों के साथ श्रद्धालु पवित्र गुफा के दर्शन करते हैं तथा महंत श्रीश्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरी से भी आशीर्वाद लेते हैं। ऐसे में नववर्ष के मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में शीश नवाते हैं। नववर्ष की संध्या से पूर्व मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर रोहित शर्मा ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त बटालियन की भी तैनाती की गई है। इस बार गुफा के चबूतरे को भी बड़ा कर दिया गया है। इससे श्रद्धालु आसानी से बाबा के दर्शन कर पाएंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 60 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। मंदिर के 26 सुरक्षा कर्मचारी भी सेवाएं देंगे।

मंदिर को पांच सेक्टरों में बांटा गया है तथा हर सेक्टर में एक सेक्टर अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। दिन-रात लंगर की भी सुविधा रहेगी। (अनंत ज्ञान)


बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर को फूलों से यूं सजाया जा रहा।

# छह साल बाद स्टांप ड्यूटी के आदेशों से परेशानी


बैठक की अध्यक्षता करते बबली देवी और उपाध्यक्ष नरेश दर्जी के अलावा अन्य सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

### जिला परिषद हमीरपुर की बैठक में उठे कई सवाल

हमीरपुर जिला परिषद की बैठक में लोगों से जुड़े हुए कई मामले उठे। सदस्य कई मामलों को लेकर काफी असंतुष्ट दिखे। उनका कहना था कि जो कुछ घट रहा है, उसका निवारण करने में देरी हो रही है। जल शक्ति विभाग और पीडब्ल्यूडी से संबंधित भी कई शिकायतें चर्चा में आईं। इसके अलावा राजस्व विभाग को लेकर भी स्टांप ड्यूटी का मामला काफी जोर से उठा।

पंचायत प्रधान पद के लिए चुनाव किसी भी पंचायत से लड़ने का मामला भी उठा। सदस्य बोल रहे थे कि जब विधायक और पंचायत समिति के सदस्य किसी भी वार्ड और विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ सकते हैं, तो फिर पंचायत प्रधान पद के लिए ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता। इसके अलावा राजस्व विभाग में जिन लोगों ने पांच या छह साल पहले जमीन खरीदी थी, उन्हें राजस्व विभाग अब रिकवरी नोटिस भेज कर स्टांप ड्यूटी और जमा करवाने के पत्र भेज रहा है। इस पर सदस्य काफी खिन्न दिखे। हेल्थ सेंटर धमरोल के निर्माण का मामला भी पवन कुमार ने उठाया। उनका कहना था कि बजट होने के बावजूद काम मुकम्मल नहीं हो रहा, जबकि जल शक्ति विभाग को लेकर धनेटा बाजार में सदस्य संजय कुमार ने हैंडपंप लगाने का मामला उठाया। बड़ा इलाके में पानी के कनेक्शन देने के लिए पाइपलाइन डालने की गुजारिश बैठक में की गई। मोरसू सिद्धपुर लिंक रोड को लेकर भी पीडब्ल्यूडी की कारगुजारी पर सवाल उठाए गए। एक सदस्य ने बताया कि बजट में पैसा है उसके बावजूद लिंक रोड का काम शुरू नहीं हो रहा।

# वार्षिक परीक्षाओं को लेकर ब्वॉयज स्कूल में शिक्षा संवाद

**नादौन।** गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी ब्वॉयज स्कूल नादौन में शनिवार को शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों से आगामी वार्षिक परीक्षाओं तथा शिक्षण में माता-पिता की भूमिका व जिम्मेदारी एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति व अन्य प्रतियोगिताओं की तैयारी आदि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वाइस प्रिंसीपल डॉक्टर सतीश कुमार शर्मा ने की। कार्यक्रम में पूर्ण चंद व्यावसायिक शिक्षण में अभिभावकों के साथ व्यावसायिक कोर्सों के बारे में जानकारी दी। स्कूल के प्रवक्ता सुरेंद्र कुमार कालिया ने बच्चों को नशों से दूर रहने की सलाह दी। शिक्षा संवाद की जानकारी देते हुए स्कूल के संस्कृत प्रवक्ता संजीव कुमार शास्त्री ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवक्ता जोगिंद्र सिंह, अश्विनी, सुरेंद्र कुमार, अंबिका, मोनिका, तारा देवी, अंबिका शर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य व अध्यापक अभिभावक संघ के पदाधिकारी तथा बच्चों के 110 अभिभावकों ने भाग लिया।

# डीसी ने दिए जेईई और नीट के आकांक्षी स्टूडेंट्स को टिप्स


डीसी हेमराज बैरवा जेईई और नीट के स्टूडें ट्स को टिप्स देते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

### शिक्षा विभाग के सहयोग से चल रही निशुल्क कक्षाएं

डीसी हेमराज बैरवा की विशेष पहल पर जिला के मेधावी स्टूडेंट्स के लिए आरंभ की गई जेईई और नीट परीक्षा की निशुल्क कोचिंग क्लासिज में शिक्षकों के अलावा स्वयं डीसी भी बच्चों का मार्ग-दर्शन एवं उत्साहवर्द्धन कर रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को डीसी एक बार फिर इन बच्चों के बीच पहुंचे। राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में शनिवार को लगाई गई कोचिंग क्लास में डीसी ने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए।

उन्होंने स्टूडेंटस से कहा कि वे अनुशासन, समर्पण और सुनियोजित ढंग से जेईई और नीट की तैयारी करेंगे तो उन्हें इन प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता अवश्य मिलेगी। बैरवा ने बताया कि अभी 10 जनवरी तक प्रत्येक शुक्रवार और शनिवार को ये कक्षाएं संचालित की जाएंगी। 12वीं की बोर्ड परीक्षा समाप्त होते ही ये कक्षाएं दोबारा आरंभ की जाएंगी। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल, सेंट्रल स्कूल हमीरपुर के प्रिंसिपल सुनील चौहान, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल पूनम चौहान, निशुल्क कोचिंग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मनोहर लाल और अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### केसीसी बैंक ने लगाया जागरूकता शिविर

**भरेड़ी।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की भरेड़ी शाखा ने पंचायत पलपल में वित्तीय जागरूकता शिविर लगाया। शिविर में शाखा प्रबंधक राज कुमार गुलेरिया ने लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री स्वालवन योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं डिजिटल बैंकिंग के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम पंचायत उपप्रधान विजय सोनी, रोशनी देवी, बलबिंद्र सिंह, कश्मीर सिंह, विनय शर्मा, रेखा शर्मा, मोहिंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



शिविर में उपस्थित राजकुमार गुलेरिया व अन्य।

### नादौन में लगाया रक्तदान शिविर

**नादौन।** संयुक्त कार्यालय भवन नादौन की पार्किंग में शनिवार को नादौन केयर फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रक्तदानियों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। एमर्स अकादमी व नादौन केयर फाउंडेशन द्वारा लगाए गए इस शिविर का शुभारंभ बीएमओ केके शर्मा ने किया उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान होता है। रक्तदान करने से कोई नुकसान नहीं होता है, इसलिए रक्तदान के लिए हमेशा तत्पर रहें, ताकि आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सके। उन्होंने रक्तदानियों से आग्रह किया कि वे और लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें। इस रक्तदान शिविर में अभिषेक जंबाल, अक्षित मेहरा,रोहित चौहान, अरुण जंबाल, शुभम कपिल, आशु मेहरा, अक्षित जैन, रजत आनंद, हर्सिल सहित 95 रक्तदानियों ने रक्तदान किया।

### लोकसभा चुनाव को लेकर जुट जाएं कार्यकर्ता

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की लोकसभा की चारों सीटें भाजपा जीतेगी। नवीन शर्मा ने केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित जनसमूह को दी। इस अवसर पर भाजपा जिला बिलासपुर के सचिव राजेश ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब चुनाव का समय आ गया है और हम सब ने देश हित के लिए काम करने वाली मोदी सरकार को फिर से लाना है।

### मेधावी स्टूडेंट दीक्षा को दिया टैबलेट

**हमीरपुर।** गौतम गर्ल्स कॉलेज हमीरपुर की बीएससी तृतीय वर्ष की स्टूडेंट दीक्षा को शैक्षणिक सत्र 2021-22 में टॉप करने पर रामानुजन योजना के तहत टैबलेट प्रदान किया गया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम ने दीक्षा को इस टैबलेट से नवाजा एवं बताया कि हर्ष वर्ष स्टूडेंट्स शिक्षा एवं खेलकूद में उपलब्धि प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉक्टर विजय शर्मा, अध्यापक वर्ग व स्टूडेंट भी मौजूद थे।


स्टूडेंट को टैबलेट देते जगदीश गौतम।

### भोरंज स्कूल में शिक्षा संवाद का आयोजन

**भरेड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में शिक्षा संवाद का सफल आयोजन किया गया। शिक्षा संवाद के इस विशेष सत्र के दौरान बच्चों के अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित की। शिक्षा संवाद के इस विशेष सत्र के दौरान अभिभावकों के साथ स्टूडेंट्स के परीक्षा परिणाम की चर्चा की गई। इसके साथ-साथ आगामी दिनों में कक्षा नवमी से दसवीं की प्री-बोर्ड की परीक्षाओं के बारे में भी चर्चा की गई। शिक्षा संवाद के इस सत्र के दौरान समुदाय में नशे की बढ़ती प्रचलन को लेकर तथा इससे बच्चों को बचाने के बारे में भी विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान भोरंज पूजा देवी, एसएमसी प्रधान सुषमा देवी, कमलेश कुमारी तथा अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

### सीएम के राजनीतिक सलाहकार ने स्टूडेंट्स बांटे पुरस्कार

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने केवल एक साल के कार्यकाल में ही अपने सशक्त एवं दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर देश के चार सबसे मजबूत मुख्यमंत्रियों में जगह बनाकर हिमाचल प्रदेश को गौरवान्वित किया है। यह बात मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने शनिवार को राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल नालटी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए कही। सुनील शर्मा ने कहा कि स्कूल में अतिरिक्त शौचालयों के निर्माण, हैंडपंप में मोटर लगाने तथा मैदान की मरम्मत के लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान करवाया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने शैक्षणिक, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया।


मुख्यातिथि सुनील बिट्टू को सम्मानित करते शिक्षक।

### बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास के कैलेंडर का अनावरण

**बड़सर।** विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने शनिवार को यहां बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास के कैलेंडर का अनावरण किया। इस अवसर पर बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लोगों सहित सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष की बधाई देते हुए इंद्रदत्त लखनपाल ने नए वर्ष 2024 में समस्त प्रदेशवासियों के लिए मंगल कामना की। बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष एवं एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा और न्यास के सदस्य भी उपस्थित थे।

### बैरवा ने किया एफसीआई के गोदाम का निरीक्षण

**हमीरपुर।** डीसी हेमराज बैरवा ने शनिवार शाम को कुठेड़ा स्थित भारतीय खाद्य निगम के गोदाम का निरीक्षण किया। भारतीय खाद्य निगम के इसी गोदाम से जिला भर की नौ आटा मिलों को गेहूं और हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के सभी आठ गोदामों को चावल की आपूर्ति की जाती है। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरित किए जाने वाले खाद्यान्नों की गुणवत्ता एवं उनके भंडारण की स्थिति का जायजा लिया तथा इनसे संबंधित सभी व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग और भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से चावल का सैंपल भी लिया। विभाग और भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों को चावल और अन्य खाद्यान्नों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, इनके नियमित रूप से सैंपल लेने तथा आम लोगों को फोर्टिफाइड खाद्यान्नों के प्रति जागरुक करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अरविंद शर्मा और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।


एफसीआई के गोदाम का निरीक्षण करते डीसी हेमराज बैरवा।

# वर्तमान में बेटियों के लिंगानुपात की दर 967 हुई : चंदेल


मीटिंग की अध्यक्षता करती हुई एसडीएम अपराजिता चंदेल।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

वर्तमान में नादौन ब्लॉक में 290 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से छह माह से छह वर्ष के 6260 बच्चों तथा 1,372 गर्भवती व धात्री महिलाओं को पूरक पोषाहार के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बेटियों के स्वास्थ्य शिक्षा एवं उन्हें अपनी सुरक्षा के बारे में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूक एवं सशक्त किया जा रहा है।

वर्तमान में बेटियों के लिंगानुपात की दर 967 हो गई है। यह बात नादौन की एसडीएम अपराजिता चंदेल ने ब्लॉक स्तर पर विभिन्न योजनाओं के तहत गठित कमेटियों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। सीडीपीओ नादौन के तत्वावधान में आयोजित बैठक में सीडीपीओ संजय गर्ग ने उपस्थित सभी विभागों से आए अधिकारियों व प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

चंदेल ने कहा कि बेटी है अनमोल योजना के तहत 7,99,000 रुपए की राशि से 39 बेटियों के नाम एफडीआर जारी करवाई गई तथा इसी योजना के तहत 8,94,850 रुपए 666 बेटियों को स्कॉलरशिप के रूप में प्रदान किए गए। मदर टेरेसा असहाय मातृ संबल योजना के तहत 250 माताओं के 440 बच्चों को 10,55,041 रुपए की राशि व्यय की गई। इसके पश्चात सीडीपीओ ने समिति को अवगत करवाया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 23 पात्र लड़कियों के विवाह हेतु 11,73,000 रुपए की राशि व्यय की गई। मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत 58 लड़कियों के शुभ विवाह पर 17,98,000 रुपए की राशि जारी की गई। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत 19 बच्चों को पढ़ाई के लिए सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

# अभिभावकों के बाद शिक्षक ही होते हैं बच्चों के मार्गदर्शक : राणा

**सुजानपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ऊटपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सर्वप्रथम मुख्यातिथि ने मां सरस्वती की तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इससे पहले मुख्यातिथि का पाठशाला के प्रधानाचार्य नेक राम एवं स्टाफ सदस्यों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि विधायक राजेंद्र राणा ने स्टूडेंट्स, स्कूल स्टाफ व अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि ऊटपुर पाठशाला क्षेत्र में बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि पाठशाला में पढ़ाई-लिखाई के साथ खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों में भी स्टूडेंट्स की भागीदारी सुनिश्चित की गई है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों के बाद शिक्षक ही बच्चों के असली मार्ग-दर्शक होते हैं। उन्होंने बच्चों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

समारोह में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। प्रधानाचार्य ने कहा कि स्कूल शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ हर पायदान में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है। समारोह में मुख्यातिथि ने बच्चों को 11,000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की तथा स्टूडेंट्स को पुरस्कृत भी किया।


पुरस्कृत स्टूडेंट्स शिक्षकों के साथ विधायक राजेंद्र राणा।

# नशे के खिलाफ मिलजुल कर लड़ें जंग : रांगड़ा


टौणीदेवी स्कूल में नशा मुक्त समाज करने की शपथ लेते अभिभावक व टीचर्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

अगर आप किसी दूसरे के बच्चों को नशा परोस रहे हैं, तो कोई आपके बच्चों को भी परोस रहा होगा, इसलिए अगर हम चाहते हैं कि हमारी पीढ़ी नशे से बर्बाद न हो तो हमें न केवल मिलजुल कर इसकी रोकथाम के लिए प्रयास करना अपितु अपने बच्चों को भी संस्कारवान बनाना होगा।

यह बात टौणीदेवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षा संवाद में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल रजनीश रांगड़ा ने कही। उन्होंने कहा कि आज समाज को परिपक्व होने की आवश्यकता है। कुछ पैसों की खातिर एक पूरी पीढ़ी को अंधकार में न धकेले, किसी दूसरे की जिंदगी खराब कर अपनी बेहतर बनाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि नशामुक्ति की दिशा में किए जा रहे हमारे प्रयास निश्चित तौर पर स्वच्छ समाज की स्थापना के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होंगे।

इस अवसर पर बच्चों द्वारा कविता पाठ, वाद-विवाद के साथ-साथ नववर्ष में समाज को नशा मुक्त करने, नशा न करने तथा नशा छुड़वाने का संकल्प शपथ के माध्यम से सबको दिलाया गया। उन्होंने बताया कि निश्चय प्रोजेक्ट के तहत टौणी देवी स्कूल के स्काउट्स एवं गाइड्स, स्काउट मास्टर सतीश राणा और गाइड कैप्टेन कुसुम लता के मार्ग-दर्शन में पूरे क्षेत्र में अभियान चला रहे हैं जिसमें उन्हें पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, अभिभावकों एवं अन्य लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# उपायुक्त ने की उपराष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों की समीक्षा

**हमीरपुर।** अभी उपराष्ट्रपति के दौरे का विस्तृत एवं फाइनल कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है, लेकिन प्रारंभिक सूचना के अनुसार वह छह जनवरी को दोसड़का के पुलिस मैदान और एनआईटी के सभागार में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में भाग लेंगे। एनआईटी के सभागार में उपराष्ट्रपति इस संस्थान और करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी खरवाड़ के स्टूडेंट्स के साथ संवाद करेंगे। यह बात डीसी हेमराज बैरवा ने शनिवार को यहां हमीर भवन में पुलिस अधिकारियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, एनआईटी हमीरपुर तथा करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के अधिकारियों के साथ बैठक करके उपराष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कही। डीसी ने अधिकारियों को उपराष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के अनुसार सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए।

**बैठक** रेहड़ी-फड़ी का 24 लाख पेंडिंग, दो दर्जन से ज्यादा अवैध रेहड़ी-फड़ी, पर्ची सिस्टम होगा खत्म

# माल रोड बनाने पर व्यापार मंडल सहमत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

मुख्य शहर की सड़क को माल रोड में बदलने के लिए नगर परिषद और व्यापारियों की बैठक कामयाब रही है। इसमें व्यापार मंडल के सदस्य और नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी व अन्य महत्वपूर्ण लोग मौजूद थे। अब नगर परिषद इन सदस्यों के सुझावों को अमलीजामा पहनाने की दिशा में काम शुरू करेगी।

रेहड़ी-फड़ी को लेकर बैठक में यह भी तय हुआ कि शहर को साफ-सुथरा और टिप-टॉप करने के लिए फल-सब्जी बेचने वालों की रेहड़ी-फड़ी को प्रॉपर जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए शहर के अलग-अलग हिस्सों में जोन बनाए जाएंगे, जहां पर यह लोग बिठाए जाएंगे, लेकिन उससे पहले इन्हें वहां सुविधाएं जुटाने के लिए भी इंफ्रास्ट्रक्चर दिया जाएगा। ट्राला यूनियन के पास भी वेंडर्स के लिए यह इंतजाम किया जाएगा। भोटा चौक के पास भी व्यवस्था होगी। दुकानों के आगे सब्जी या फल बेचने वालों को भी अब हटाने का फैसला लिया गया है। दुकानदार इसमें सहयोग करने को सहमत हो गए हैं, ताकि शहर को साफ-सुथरा बनाया जा सके। बैठक में बताया गया कि शहर के सार्वजनिक शौचालयों को बेहतर रूप देने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और बहुत जल्दी इनका काम शुरू हो जाएगा। बैठक में कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर ने बताया कि रेहड़ी-फड़ी वालों से पर्ची सिस्टम के जरिए की जाने वाली वसूली भी बंद की जाएगी। अब यह परंपरागत प्रथा खत्म की जाएगी। एकमुश्त वसूली की जाएगी, ताकि रोजाना वसूली का हिसाब खत्म होगा।


बैठक में मौजूद नगर परिषद के कर्मचारी और व्यापारी।

### दो दर्जन रेहड़ी-फड़ी नाजायज

**शहर** के ऊपरी इलाके में तकरीबन दो दर्जन रेहड़ी-फड़ी नाजायज रूप में चल रही हैं। इन्हें भी हटाने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके अलावा जिन लोगों ने रेहड़ी-फड़ी को सबलेट किया हुआ है, उन पर भी बहुत जल्दी कार्रवाई की गाज गिरने वाली है। इसके लिए नोटिस दिए जाने का सिलसिला सोमवार से जारी हो जाएगा।

### रेहड़ी-फड़ी वालों के 24 लाख पेंडिंग

**रेहड़ी-फड़ी** से वसूली के रूप में तकरीबन 24 लाख रुपए पेंडिंग चल रहे हैं। यहां नगर परिषद की आर्थिक व्यवस्था को मजबूत करने में यह भी एक और रुकावट है। इस पर भी अब काम हो रहा है, ताकि वसूली आसान तरीके से हो पाए।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



बंगाणा में सुबह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए पाठक विक्की, भंबा, अमित, मुन्नू, भारत भूषण, सिन्टू व अन्य।




ऊना बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पढ़ते हमारे पाठक दीपक शर्मा व रमन सैनी।




बंगाणा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए पाठक जितेंद्र कुमार।




अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते पाठक एक्स सूबेदार मेजर शाम लाल

## न्यूज ब्रीफ

### सुमित का ऊना पहुंचने पर हुआ जोरदार स्वागत



गोल्ड मेडल जीतकर लौटे सुमित ठाकुर का स्वागत करते खेल प्रेमी व अन्य

**ऊना।** देश की राजधानी दिल्ली में हुई अंडर-19 स्कूली राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के कुश्ती स्पर्धा में 72 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने वाले सुमित ठाकुर का ऊना पहुंचने पर स्वागत किया गया। खेल छात्रावास ऊना में जिला खेल अधिकारी व जिला एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों ने सुमित का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। सुमित ने अंडर-19 स्कूली राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता के 72 किलोग्राम भार वर्ग की कुश्ती स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में दिल्ली के प्रेम पहलवान को एक तरफा मुकाबले में 10-0 से पराजित किया। शहरी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तिलक राज सैनी ने गोल्ड मेडल जीतकर लौटे सुमित को सम्मानित किया। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी उत्तम डोड, एथलीट कोच राकेश चौधरी, ध्रुव, हितेश सैनी, हॉकी कोच आशीष सेन, वॉलीबाल कोच, तपे राम, बैडमिंटन कोच संजय, जिला कोऑर्डिनेटर दीपक जसवाल व कोच प्रिंस पठानिया ने सुमित को इस जीत के लिए बधाई दी। खेल प्रेमी संदीप बेदी, रमन सैनी समेत स्पोर्ट्स हॉस्टल के सभी खिलाडियों सुमित ठाकुर के सम्मान समारोह में शामिल हुए।

### एड्स पर मुबारिकपुर में होम गार्ड्स ने निकाली रैली



एड्स पर मानव आकृति बनाकर होमगार्ड जवानों ने दिया संदेश।

**मुबारिकपुर।** होमगार्ड जवानों ने एड्स लाइलाज बीमारी के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए मुबारिकपुर में रैली निकाली। यह रिबन रैली होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर मुबारकपुर से शुरू हुई। कमांडेंट मेजर विकास सकलानी के निर्देश अनुसार वाहिनी अधिकारी धीरज शर्मा की अगुआई में क्षेत्र में रैली निकाली गई। रैली मुबारकपुर क्षेत्र में एड्स के प्रति जागरूकता लाने के बाद समाप्त हुई। रैली में होमगार्ड के 100 जवानों व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुबारिकपुर के 25 एनएसएस स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस दौरान सीएचसी अंब से नरेंद्र कंवर ने एड्स रोग लगने के कारणों व बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारी धीरज शर्मा ने जवानों से आह्वान किया कि वे एड्स के जागरूकता अभियान को जन जागरूकता अभियान के रूप में चलाएं और सभी को जागरूक करें।

### अदिति नासिक में राष्ट्रीय युवा उत्सव में लेगी भाग



खड्ड कॉलेज की अदिति अपने चयन पर अध्यापकों के साथ।

**हरोली।** राजकीय महाविद्यालय खड्ड के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वयंसेवी अदिति नासिक (महाराष्ट्र) में आयोजित 27 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेगी। जिला ऊना से केवल अदिति का चयन राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए हुआ है। अदिति का चयन राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय मेगा शिविर में हुआ है। जो कि राजकीय महाविद्यालय बंजार (कुल्लू) में 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों से लगभग 170 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। राजकीय महाविद्यालय खड से अदिति और गुरबक्ष ने राज्य स्तरीय शिविर में भाग लिया। इस शिविर में 10 स्वयंसेवियों का चयन राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए हुआ है, उनमें से अदिति भी एक है। गौरतलब है कि राजकीय महाविद्यालय खड्ड में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का गठन इसी सत्र में हुआ है। जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर अदिति का चयन महाविद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र शर्मा ने अदिति को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्टूडेंट्स को समाज सेवा के लिए ही प्रेरित नहीं करता अपितु नया मंच भी प्रदान करता है। उन्होंने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती सहित नवगठित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यों की प्रशंसा की।

### 25 करोड़ की लागत से निर्मित कौशल विकास केंद्र पालकवाह को संचालित करेगा ट्रिपल आईटी सलोह

# जल्द आरंभ होगा पंडोगा–तयूड़ी पुल का निर्माण कार्य : अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान, हरोली

**हरोली** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 25 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित कौशल विकास केंद्र पालकवाह का संचालन ट्रिपल आईटी सलोह द्वारा किया जाएगा तथा यहां पर विभिन्न व्यवसायों के विषय में पूरे प्रदेशवासियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विधानसभा क्षेत्र के गांव अप्पर पंडोगा में आदर्श पब्लिक हाई स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में उपस्थित स्टूडेंट्स, अभिभावकों तथा अध्यापकों को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार तथा ढांचागत विकास के लिए प्रदेश सरकार अनेक सार्थक कदम उठा रही है तथा गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा में समान अवसर प्रदान करने के लिए हरसंभव मदद मुहैया करवा रही है।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि 52 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पंडोगा–तयूड़ी पुल का निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाएगा तथा इसे रिकॉर्ड अवधि में पूरा किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने विद्यालय के शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया। उन्होंने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के आयोजन के लिए स्कूल प्रशासन को बधाई दी तथा स्कूल की निरंतर उन्नति व बेहतरी के लिए शुभकामनाएं दीं। इससे पूर्व विद्यालय परिसर में पहुंचने पर विद्यालय प्रशासन, स्टूडेंट्स तथा अध्यापकों द्वारा उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इसके पश्चात आदर्श पब्लिक हाई स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने विद्यालय की सालाना रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्थानीय विद्यालय के चेयरमैन अशोक ठाकुर व प्रबंध निदेशक रविंद्र ठाकुर ने भी समारोह में अपने विचार रखे। समारोह में स्थानीय विद्यालय के स्टूडेंट्स ने अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उपमुख्यमंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रोत्साहन के लिए विद्यालय को अपनी ऐच्छिक निधि से 31 हजार देने की घोषणा की। समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, सुरेश धीमान क्षेत्रीय प्रबंधक हिमाचल पथ परिवहन निगम, स्थानीय विद्यालय के प्रबंध निदेशक रविंद्र ठाकुर व प्रधानाचार्य रजनी शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



आदर्श पब्लिक हाई स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले स्टूडेंट्स के साथ डिप्टी सीएम।

## पैरा एथलीट सुनील कुमार ने विधायक सुदर्शन बबलू से की मुलाकात



**अंब।** पैरा एथलीट सुनील कुमार ने शनिवार को विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू से उनके पंजोआ स्थित कार्यालय में मुलाकात की, साथ ही उन्होंने विधायक से आगामी खेल गतिविधियों की तैयारियों के लिए विधायक से सहयोग की अपील की। इस पर विधायक सुदर्शन बबलू ने तुरंत अपनी तरफ से उन्हें 11 हजार रुपए प्रदान किए, साथ ही भविष्य में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## विजय पराशर बने पर्यटन प्रकोष्ठ के संयोजक

अनंत ज्ञान, बंगाणा

**कुटलैहड़** मंडल भाजपा के अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने बताया कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व से चर्चा करने के बाद मंडल कार्यकारिणी का विस्तार व विभिन्न प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियां की गई हैं, जिसमें उपाध्यक्ष राम सिंह, महामंत्री दिलबाग सिंह, प्रेस सचिव अशोक कालिया, पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक जोगिंदर, पर्यटन प्रकोष्ठ विजय पराशर, एक्स सर्विसमैन प्रकोष्ठ संयोजक कैप्टन रणवीर सिंह, सह संयोजक अशोक कुमार, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ संयोजक फरीद खान को नियुक्त किया है।

शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ कां संयोजन हर्ष कौशल, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का संयोजक मास्टर सतीश शर्मा को बनाया गया है। विनोद शर्मा को सह संयोजक बनाया है। प्रशिक्षण प्रकोष्ठ में रिटायर्ड प्रिंसिपल राजेश्वर को संयोजक व शास्त्री कमलदेव को सह संयोजक बनाया है। शर्मा ने कहा कि सहकार प्रकोष्ठ रविंद्र को संयोजक और यातायात प्रकोष्ठ में जगदीश को संयोजक बनाया है। रविंद्र सिंह को सह संयोजक बनाया है। श्रमिक प्रकोष्ठ का संयोजक हकीकत राय को बनाया है। चिकित्सा प्रकोष्ठ का संयोजक डॉ. पंकज डोगरा व सत प्रकाश कालिया को सह संयोजक बनाया है। पंचायतीराज प्रकोष्ठ का संयोजक सुखदेव शर्मा को बनाया है।

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे डीएवी अंबोटा के छह खिलाड़ी

अनंत ज्ञान, गगरेट

**दिल्ली** में आयोजित हो रही डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल अंबोटा के छह स्टूडेंट्स हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए इन खिलाड़ियों द्वारा राज्य स्तर पर हुई प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। स्कूल प्रबंधन को उम्मीद है कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भी ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल का नाम चमकाएंगे। स्कूल के ये छह खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हुए हैं।

डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तहत हंसराज मॉडल स्कूल दिल्ली में आयोजित हो रही बैडमिंटन प्रतियोगिता में एलिजा शर्मा व रिया ठाकुर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी तो रोलर स्केटिंग में सृजन सिंह, बाक्सिंग में एकांश रंजन तथा कबड्डी में समीक्षा ठाकुर व प्राची ठाकुर हिमाचल की ओर से गई टीमों का हिस्सा होंगे। प्रिंसीपल नमित शर्मा ने बताया कि खेलों को बढ़ावा देकर देश के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ी तैयार करने पर भी डीएवी प्रबंधन समिति ने अब विशेष फोकस किया है। उत्कृष्ट खिलाड़ियों पर डीएवी अब विशेष ध्यान देगा, ताकि डीएवी में तैयार हुए खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन कर सकें।

विद्यालय के चेयरमैन अरविंद घई, वाइस चेयरमैन केसी कतना, मैनेजर पी सोफत व प्रिंसिपल नमित शर्मा ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में भाग लेने गए खिलाड़ियों को जीत के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## रेंट एग्रीमेंट के पुनरावलोकन के लिए गठित की कमेटी

**गगरेट।** पंचायत समिति गगरेट की दौलतपुर चौक व गगरेट में स्थित दुकानों की रेंट डीड का पुनरावलोकन करेगी। इसके लिए समिति द्वारा पंचायत समिति चेयरपर्सन की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। यही नहीं, बल्कि ग्राम पंचायतों में खंड विकास कार्यालय के माध्यम से चलाए जा रहे विकास कार्यों की गति जांचने के लिए भी समिति शीघ्र एक कमेटी का गठन करेगी, जो विभिन्न पंचायतों का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण करेगी। शनिवार को खंड विकास कार्यालय में पंचायत समिति के सभागार में आयोजित पंचायत समिति की बैठक में यह निर्णय लिए गए हैं। बैठक की अध्यक्षता समिति की चेयरपर्सन रीजा धीमान के की। कार्यकारी खंड विकास अधिकारी नील कमल, पंचायत निरीक्षक, उपनिरीक्षक व तमाम पंचायत समिति सदस्यों की मौजूदगी में हुई इस बैठक में निर्णय लिया गया कि पंचायत समिति की दौलतपुर चौक व गगरेट में स्थित दुकानों के रेंट एग्रीमेंट अरसे पहले हुए हैं। जिन लोगों के साथ एग्रीमेंट हुए हैं उनमें से कई स्वर्ग सिधार गए हैं। इसलिए तमाम एग्रीमेंट की जांच कर इन्हें नए सिरे से तैयार करवाया जाए।

## ट्रैफिक व नशा निवारण पर स्टूडेंट्स को दिया ज्ञान

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में शनिवार को सड़क सुरक्षा इकाई, पीकॉक ईको क्लब, एनसीसी इकाई, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा स्काउट और गाइड इकाई द्वारा स्कूल में स्टूडेंट्स को ट्रैफिक नियमों तथा नशे के बारे में जागरूक करने को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता चिंतपूर्णी थाना प्रभारी रोहिणी ठाकुर ने की। रोड सेफ्टी तथा नशे को लेकर चिंतपूर्णी थाना प्रभारी रोहिणी ठाकुर ने अपने विचार रखे। उन्होने ट्रैफिक नियमों का पालन करने तथा नशे से मुक्त रहने के लिए अपील की। थाना प्रभारी रोहिणी ठाकुर ने स्टूडेंट्स को नियमों के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष नीलम शर्मा, उपप्रधानाचार्य सुरेंदर सिंह, राकेश कुमार, सुनील कुमार, राजीव कौशल, राजीव कुमार, बलभद्र, ललित मोहन, संजीव कुमार, सुरेश कुमार, पंकज, अच्छरा देवी, मनोज कुमार, सुनील कुमार, रानी, कृष्ण चंद, इंदु बाला आदि मौजूद रहे।

## नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत ट्रेंड किए गए डॉक्टर ने शुरू की काउंसलिंग

अनंत ज्ञान, गगरेट

**नशे** के दलदल में फंसे युवाओं को नशे के भंवर से बाहर निकालने के लिए नशामुक्त ऊना अभियान के तहत ट्रेंड किए गए डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं देना शुरू कर दी हैं। अभी ओपीडी बेस पर काम किया जा रहा है और डॉक्टर नशे से प्रभावित युवाओं के साथ काउंसलिंग कर उन्हें नशे को न कहने के लिए तैयार कर रहे हैं। यह खुलासा शनिवार को नशा मुक्त अभियान के तहत एसडीएम कार्यालय गगरेट में आयोजित ब्लाक टास्क फोर्स की बैठक में हुआ है। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम शशि पाल शर्मा ने की।

ब्लाक टास्क फोर्स की बैठक में एसडीएम शशि पाल शर्मा ने कहा कि नशा मुक्त ऊना अभियान को उपमंडल गगरेट में और भी प्रभावी बनाया जाएगा। उपमंडल गगरेट के अंतर्गत आने वाले कॉलेजों में स्टूडेंट्स को नशे के प्रति सचेत करने के लिए नशामुक्त ऊना अभियान के फ्लेक्स लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह में गगरेट खंड की दस पंचायतों में नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत हर घर दस्तक अभियान चलाया गया। जिसमें अभियान के साथियों ने घर–घर जाकर नशे के विरुद्ध अलख जगाई। अब जनवरी माह में हर घर दस्तक अभियान के तहत ब्लाक टास्क फोर्स के सदस्य भी इस अभियान में शामिल होकर नशे के विरुद्ध अलख जगाएंगे। उन्होंने पंचायत स्तर पर गठित पंचायत टास्क फोर्स को विशेष हिदायत दी कि शिक्षण संस्थानों में गठित की गई स्कूल टास्क फोर्स की बैठक में जरूर भाग लें।

### मानसी ने कराटे में जीता सिल्वर

**चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी की मानसी ने इंटरनेशनल कराटे में भारत को सिल्वर मेडल दिलाया। मानसी राणा ने 27 से 30 दिसंबर 2023 को बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय गोजू रयू कराटे चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। प्रतिभागियों के देश जिम्बाब्वे, बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, ईरान और भारत हैं। मानसी मेडिकल में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा है। महाराणा प्रताप सरकार कॉलेज अंब, मानसी ने भारत अंतर्राष्ट्रीय गोजू रियो चैंपियनशिप का प्रतिनिधित्व किया और रजत पदक प्राप्त किया। मानसी ने इंडिया गोजू-रयू स्पोर्ट्स कराटे डू एसोसिएशन के बैनर तले कराटे कुमाइट 2019 की शुरुआत की और पांच बार ओपन नेशनल कराटे चैंपियनशिप जीती और पदक प्राप्त किए। मानसी ने अंब ब्लॉक को चमकाया। अपर लोहारा पंचायत किन्नू मानसी, टीम कोच आशीष प्रोहित और महराणा प्रताप सरकार को हार्दिक बधाई देती है।

### कंप्यूटर एकाउंटिंग का 30 दिवसीय प्रशिक्षण दो जनवरी से

**ऊना।** आर सेटी के निदेशक संदीप ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना में कंप्यूटर अकाउंटिंग का 30 दिवसीय प्रशिक्षण दो जनवरी से शुरू होने जा रहा है। ऊना जिले के 18 से 45 वर्ष की आयु के इच्छुक उम्मीदवार एक जनवरी तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं। यह प्रशिक्षण निःशुल्क है। उम्मीदवार अपने आधार कार्ड, राशन कार्ड की फोटोकॉपी और तीन पासपोर्ट साइज फोटो के साथ अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क आवास एवं भोजन की भी सुविधा है। प्रशिक्षण पूरा करने के पर उन्हें प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया जाएगा और अपना काम शुरू करने के लिए बैंक ऋण की सुविधा भी दी जाएगी।

### सोलर फेंसिंग की बैटरी चोरी करने पर दो युवक हिरासत में

**गगरेट।** गगरेट कस्बे में सोलर फेंसिंग की बैटरी चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। सोलर फेंसिंग की बैटरी चोरी करते किसान ने कुछ युवाओं को देख लिया, लेकिन वे भागने में सफल रहे, जिसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है। गगरेट क्षेत्र में कई दिनों से बैटरी चोर गिरोह सक्रिय है। कभी ग्राम पंचायत में लगी सोलर लाइटों की बैटरी चोरी हो रही थी तो कभी फसलों को आवारा पशुओं के आतंक से बचाने के लिए किसानों द्वारा लगाई गई सोलर फंसिंग की बैटरी चोरी हो रही थी। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### किशोरी हत्याकांड के आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**गगरेट।** उपमंडल गगरेट के नंगल जरियालां गांव में किशोरी के अपहरण के बाद उसकी हत्या करने का आरोपी चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। शनिवार को उसका पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद उसे अंब न्यायालय में पेश किया गया। यहां से उसे चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार वनगढ़ भेज दिया गया। आरोपी सुनील राणा पुलिस के समक्ष पहले की कबूल कर चुका है कि उसने शराब के नशे में किशोरी का अपहरण करने के बाद हत्या कर डाली। उसके विरुद्ध पुलिस को ऐसा चश्मदीद भी मिला, जिसने अपहरण वाले दिन आरोपी को देखा था। डीएसपी डा. वसुधा सूद ने बताया कि आरोपी को चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया गया है।

### भुट्टो ने पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत, धनेत में 3.15 लाख निर्मित कमरे की रखी आधारशिला

# विधायक ने बंगाणा स्कूल में इंडोर स्टेडियम का किया शिलान्यास

अनंत ज्ञान, बंगाणा।

**डुमखर** में दो करोड़ की लागत से इंडोर स्टेडियम का निर्माण होने जा रहा है। इसकी भूमि चयनित और डीपीआर तैयार की जा रही है। इसको वॉलीबाल, बैडमिंटन, कबड्डी आदि सभी इंडोर खेलों के लिए तैयार किया जाएगा। बहुत जल्द इस स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरू होगा। यह बात विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेत व बंगाणा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही। विधायक भुट्टो ने बंगाणा स्कूल में 43 लाख से निर्मित होने वाले इंडोर स्टेडियम और धनेत स्कूल में 3.15 लाख से बनने वाले कमरे का शिलान्यास किया। विधायक ने बंगाणा व धनेत स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 21–21 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने धनेत स्कूल में इंडोर स्टेडियम दो कमरे, बैडमिंटन कोट, चार दीवारी बनाने की घोषणा की। स्कूल में टॉपर रहे स्टूडेंट्स को लैपटॉप वितरण किए और जरूरत मंद परिवारों को चैक वितरण किए। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र ठाकुर, युवा नेता रणवीर राणा, जिला पार्षद सत्या देवी, एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार, बीडीओ सुरेंद्र जेटली, महासचिव प्रवीण शर्मा, विजय डोगरा, किशोरी हटली, मिंटू दनोह, केसी शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





विधायक ने बंगाणा स्कूल में इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास किया। (दाएं) वार्षिक कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार भुट्टो को सम्मानित करते अध्यापक।

# आईजीएमसी जा रहे हो तो मास्क पहनना न भूलें, भीड़ से बचें

## कोरोना को लेकर प्रशासन हुआ अलर्ट, कोरोना के नए जेएन-1 वेरिएंट को लेकर माइक के माध्यम से किया जा रहा जागरूक

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 को लेकर आईजीएमसी प्रशासन अलर्ट हो गया है।

अब अगर आप आईजीएमसी जा रहे हैं, तो मास्क पहनकर ही जाए। वहीं, ज्यादा भीड़ भी न जुटाएं। प्रशासन अब आईजीएमसी में मरीजों व तीमारदारों को माइक के माध्यम से मास्क पहनने व भीड़ न जुटाने के बारे में जागरूक कर रहा है। माइक के माध्यम से यह जानकारी दी जा रही है कि अस्पताल में आप मास्क पहने। हालांकि अभी देखने को यह मिल रहा है कि आईजीएमसी में अभी कोई भी मास्क नहीं पहन रहा है। ऐसे में प्रशासन भी यही चाह रहा है कि अगर समय से लोगों को अलर्ट किया जाए, तो कोरोना से बच सकते हैं। प्रशासन ने अपने स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। कोरोना का नया वेरियंट जेएन-एक काफी घातक है। ऐसे में आईजीएमसी में प्रशासन ने कोरोना के टेस्ट लेना फिर से शुरू कर दिए हैं। प्रशासन कोरोना को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतना चाहता है।




आईजीएमसी में इलाज करवाने के लिए जाते मरीज(दाएं) पर्ची के लिए लाइनों में खड़े लोग।

### ऑपरेशन थियेटर ले जाने से पहले मरीज का कोरोना टेस्ट भी किया जरूरी

ऐसे में सबसे बड़ा निर्णय पहले ही यह लिया गया कि ऑपरेशन से पहले मरीज का कोरोना टेस्ट होगा। उत्तर भारत के यूपी में कुछ मामले सामने आए हैं, लेकिन अब तक पंजाब, हरियाणा, हिमाचल में नए वेरिएंट का कोई नया मामला सामने नहीं आया है। (अनंत ज्ञान)

### स्वास्थ्य विभाग सतर्क, मेडिकल कॉलेज आईजीएमसी में तैयारियां पूरी

प्रदेश में भी स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है और सूबे के सबसे बड़े अस्पताल और मेडिकल कॉलेज आईजीएमसी में तैयारियां हो गई हैं। शिमला के आईजीएमसी अस्पताल में कोरोना के टेस्ट हो रहे हैं। जिन मरीजों को ऑपरेशन थियेटर ले जाया जाता है। उनकी कोरोना की जांच की जा रही है। हालांकि नए वेरिएंट की टेस्टिंग अब होने लगी है। आईजीएमसी में रोजाना 3000 से 3500 की ओपीडी रहती है। ऐसे में अस्पताल में उनके साथ तीमारदार भी आते हैं। ऐसे में आईजीएमसी में लोगों की एक दिन में कुल संख्या छह से सात हजार के बीच हो जाती है।

### केंद्र से पत्र मिलने के बाद तैयारियां पूरी

आईजीएमसी में मेकशिफ्ट अस्पताल तैयार है और ऑक्सीजन सहित सारे बंदोबस्त किए गए हैं। अब तक कोरोना के नए वेरिएंट का मामला सामने नहीं आया है, लेकिन लोगों को कोरोना से बचने के लिए जो नियम कायदे हैं, उनका पालन करना चाहिए। हमें केंद्र सरकार से पत्र मिला है। हिमाचल में क्रिसमस और न्यू-ईयर पर काफी सैलानी आते हैं। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतनी होगी।
**डॉक्टर राहुल राव, एमएस आईजीएमसी।**

### बुजुर्गों के लिए सबसे ज्यादा घातक

बुजुर्गों के लिए कोरोना का नया वेरिएंट जेएन-1 ज्यादा घातक हो सकता है। पहले से बीमार लोगों को ज्यादा ध्यान रखना होगा। इम्युनिटी स्ट्रांग न होने वाले लोगों को भी सतर्क रहना होगा। अस्पताल में दवाइयां उपलब्ध हैं। बाकि वेरिएंट के मुकाबले नया वेरिएंट कम खतरनाक है। नया वेरिएंट ओमिक्रोन की फैमिली से निकला है।
**डॉ. बलबीर वर्मा, एचओडी मेडिसिन आईजीएमसी।**

---

## हर जगह अनंत ज्ञान




शिमला में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते पाठक।




शिमला में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते पाठक।




शिमला में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते पाठक।




शिमला में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते पाठक।




शिमला में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते पाठक।



सोलन में भाजपा नेता इंद्र सिंह मेहता अपने साथी के साथ अनंत ज्ञान समाचार पत्र की समीक्षा करते हुए।



सोलन नगर निगम के सीनियर असिस्टेंट तेजराम शर्मा दैनिक अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



सोलन के युवा व्यवसायी अनुज गुप्ता दैनिक अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।



संजीव ठाकुर ने भी दैनिक अनंत ज्ञान का आनंद लिया।



महिलाएं भी पीछे नहीं... सोलन की सोनिया दैनिक अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।

---

# म्यूचुअल फंड, शेयर बाजार के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेरवा कॉलेज में वित्तीय साक्षरता और जागरूकता शीर्षक के अंतर्गत एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। एसइबीआई की तरफ से सेमिनार में भाग लेने पहुंचे रोबिल साहनी ने अपने वक्तव्य में बहुत ही बारीकी से छात्रों को म्यूचुअल फंड व शेयर बाजार के बारे में जानकारी प्रदान की।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें अपने पैसों की छोटी-छोटी बचत करके भी म्यूचुअल फंड में सिस्टमेटिक इंवेस्मेंट प्लान एसआईपी के रूप में निवेश करना चाहिए। रोबिल साहनी ने कहा कि म्यूचुअल फंड में तीन प्रकार के प्लान होते है, जिसमें पूंजी निवेश करने पर आप भविष्य के लिए अपने पैसों को न केवल सुरक्षित रखते हैं, बल्कि कई गुना लाभ भी कमा सकते हैं। मुख्यातिथि के नाते कार्यक्रम में पधारे नेरवा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा ने वाणिज्य विभाग द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम की सराहना की व छात्रों को इसमें रुचि लेने के लिए प्रेरित किया।



सेमिनार में मौजूद लोग।

# सोलन अस्पताल में बुखार, जुकाम और खांसी के मरीजों का होगा कोविड टेस्ट

## अस्पताल प्रबंधन का फैसला, बढ़ाई जाएगी मरीजों की सैंपलिंग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

कोविड-19 के नए वेरिएंट जेएन-1 के बढ़ते खतरे को देखते हुए सोलन अस्पताल प्रबंधन सतर्क हो गया है। अस्पताल प्रशासन ने इसको लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिसके तहत अब अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले खांसी, बलगम, बुखार, जुकाम के मरीजों के कोविड टेस्ट करवाना जरूरी किया गया है। इन दिनों ठंड के कारण अस्पताल में बड़ी संख्या में वायरल के मरीज पहुंच रहे हैं। सोलन एमएस ने इस बारे में आदेश जारी किए हैं। बीमारी के खतरे को देखते हुए वह खुद भी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। हालांकि राहत वाली बात यह है कि फिलहाल हिमाचल प्रदेश में इस नए वेरिएंट का कोई भी मामला सामने नहीं आया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग किसी भी सूरत में इसे हलके नहीं लेना चाहता। इसी को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

अस्पताल प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि जब भी कोई मरीज खांसी, बलगम, बुखार, जुकाम के आते हैं, तो उनका कोविड टेस्ट भी किया जाए। इसके अलावा अस्पताल में आने वाले मरीज व तीमारदार से मास्क लगाने का भी आग्रह किया जा रहा है।
**-डॉ. एसएल वर्मा, एमएस, सोलन हॉस्पिटल**

**यह है चिंता का सबब :** जिला सोलन में फिलहाल कोरोना वायरस का कोई भी मामला नहीं है, लेकिन हर वर्ष जनवरी माह से अप्रैल तक कोरोना वायरस के मामले तेजी से सामने आने लगते हैं। इसी को लेकर भी स्वास्थ्य विभाग चिंता में है। हालांकि पिछले महीने अस्पताल में एक मामला कोविड पॉजिटिव आने से सभी को पिछले वर्ष की भी याद आनी शुरू हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

# विक्रमादित्य ने नवाजे टुटू स्कूल के मेधावी, स्वयं भी डाली नाटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण, युवा सेवाएं व खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण उपमंडल के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टुटू में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना एवं शिक्षण संस्थानों को सुदृढ़ करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसी दृष्टि से प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र में सरकार ने राजीव गांधी मॉडल स्कूल बनाने का निर्णय लिया है। प्रदेश आज गंभीर वित्तीय परिस्थिति से गुजर रहा है। विकट वित्तीय परिस्थिति से निपटने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से खर्चों में कटौती एवं आमदनी बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि यह प्रदेश आत्मनिर्भर बन सके। सड़कें हमारी भाग्य रेखाएं हैं। प्रदेश में एक समय 250 किलोमीटर सड़कें हुआ करती थीं, वहीं, आज के दौर में प्रदेश में 40 हजार स्क्वेयर किलोमीटर से अधिक सड़कों का जाल बिछ चुका है। इसी क्रम को आगे बढ़ाना हमारा दायित्व है।



विक्रमादित्य सिंह टुटू स्कूल में नाटी डालते हुए।

# 'चुड़ी लानी रा हिंयो रें' गाने पर झूमे दर्शक

## विंटर कार्निवाल: छठा दिन रहा जिला चंबा और शिमला के कलाकारों के नाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला विंटर कार्निवाल के छठे दिन जिला चंबा और शिमला के सांस्कृतिक दलों ने लोगों का मनोरंजन किया।

चंबा से नाग सांस्कृतिक दल सामरा ने गद्दी नृत्य और शिमला से शिवरंजनी सांस्कृतिक दल बलग ने नाटी की शानदार प्रस्तुति दी। रिज पर चुड़ी लानी रा हिंयो रे पहाड़ी गाने पर दर्शक झूम उठे। इसके अतिरिक्त शिमला का झूरी गायन, दयालु राम व जगदेई ने मुसादा गायन, किशोर कुमार व भूपेश शर्मा ने गजल, लोक गायिका रौशनी शर्मा व इशांत शर्मा ने गायन की प्रस्तुति दी, जिसका लोगों ने खूब आनंद उठाया।




### ये प्रस्तुतियां होंगी खास

आज राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला की छात्राएं प्रस्तुत करेगीं नाटक मुकदर का सिकंदर अलेक्जेंडर, मंडी कॉलेज के छात्र प्रस्तुत करेंगे नाटक चारुमित्रा, राजकीय कॉलेज करसोग के छात्र प्रस्तुत करेंगे नाटक फॉलन ऐंजलस।



कार्यक्रम में चंबा नृत्य प्रस्तुत करते हुए।

# पीरन स्कूल में निपुण मेले पर स्टूडेंट्स ने किया नृत्य



पीरन स्कूल में निपुण मेले पर बच्चे व अध्यापक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के तहत पीरन स्कूल में शनिवार को निपुण मेले का आयोजन किया गया, जिसमें पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों ने पेंटिंग, खेलकूद, नृत्य और बौद्धिक विकास संबंधी विषय पर बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सीएचटी विषमा ने बताया कि निपुण मेले में अनेक स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें भाषा विकास, बौद्धिक विकास, गणित, शारीरिक विकास और बच्चों का कोना स्टाल लगाए गए। इस मौके पर अभिभावकों से लिखित रूप में फीड बेक भी गई। शिक्षक खजान सिंह वर्मा ने बताया कि निपुण मेले का उद्देश्य बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को बढ़ावा देना है, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

# दवा विक्रेता संघ की पहल को सराहा

**अनंत ज्ञान, सोलन**

टीबी जैसी घातक बीमारी के उन्मूलन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला सोलन दवा विक्रेता संघ ने सार्थक पहल की है। जिला के दवा विक्रेताओं ने अपनी सभी दुकानों में दवाई देने के लिए एक विशेष लिफाफा बनाया है। इस लिफाफे में टीबी लक्षण, बचाव और उन्मूलन की जानकारी दी गई है। यह लिफाफा दवाओं के साथ लोगों को दिया जा रहा है।

इसका लाभ यह है कि लिफाफे के माध्यम से लोगों के घर- घर तक टीबी के बारे में जानकारी पहुंचेगी। जिला सोलन दवा विक्रेता संघ की इस पहल की केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सराहना की है। हाल ही में टीबी उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक्स (ट्वीटर) में पोस्ट डाली है। इसमें जिला सोलन दवा विक्रेता संघ की पहल का जिक्र किया गया है। बाकायदा फोटो में मेडिसिन सेंटर सोलन का लिफाफा भी अंकित है। इस प्रोत्साहन के लिए जिला सोलन दवा विक्रेता संघ ने स्वास्थ्य मंत्रालय का आभार व्यक्त किया है। जिला सोलन दवा विक्रेता संघ ने टीबी उन्मूलन की जागरूकता और बचाव को लेकर एक पोस्टर भी बनाया है, जिसका डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सूद और महासचिव विपुल शर्मा की मौजूदगी में विमोचन किया।



सोलन दवा विक्रेता संघ के पोस्टर को लॉन्च करते सोलन के डीसी मनमोहन शर्मा।

स्वास्थ्य विभाग सोलन की तरफ अपील थी कि टीबी को रोकथाम के लिए लोगों को और अधिक जागरूक करना होगा। इसी कड़ी में जिला सोलन दवा विक्रेता संघ आगे आया है।
**-वीरेंद्र सूद, अध्यक्ष, जिला सोलन दवा विक्रेता संघ।**

टीबी एक घातक बीमारी है, जिससे लोगों को सतर्क होना होगा। इसी कड़ी में संघ ने अपनी सभी केमिस्ट दुकानों से दवा बेचने के लिए लगने वाले लिफाफे में टीबी का संदेश लिखा है।
**डॉ. अजय सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सोलन।**

# तरसेम चौधरी बने दूरसंचार समिति के सदस्य

**सोलन।** दून भाजपा के युवा नेता तरसेम चौधरी को केंद्र सरकार के दूरसंचार विभाग में अहम जिम्मेदारी मिली है। उनको जिला सोलन टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है। तरसेम चौधरी लगभग दो दशक से भाजपा से जुड़े हुए हैं और उनको पूरा परिवार पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाता है। उनकी पत्नी बद्दी शहर से पार्षद भी रह चुकी हैं और वह स्वयं शहरी भाजपा अध्यक्ष व दून भाजपा में प्रवक्ता रह चुके हैं। उनको सोलन मंडल में टेलीफोन एडवाइजरी कमेटी सदस्य बनाए जाने पर मंडल अध्यक्ष मान सिंह मेहता व मंडल महामंत्री संजीव ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप का आभार जताया है।

**ज्ञापन** नशे को रोकने के लिए कुलसचिव के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

# वर्तमान में तेजी से बढ़ रहा नशे का चलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने प्रदेश में बढ़ रहे नशा माफिया को रोकने के लिए विश्वविद्यालय के कुलसचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा कि जिस तरह से वर्तमान समय में प्रदेश में नशा माफिया सक्रिय हो गया है और प्रदेश के जवानों को कब्जे में ले रहा है, यह एक चिंतनीय विषय है। प्रदेश में बढ़ते नशा माफिया के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए। गौरव ने कहा कि पिछले कुछ समय में नशे के कई मामले सामने आए हैं। हाल ही में एनआईटी हमीरपुर में चिट्टे की ओवरडोज से एक छात्र की मौत हो गई।

वर्तमान समय में नशे का चलन तेजी से बढ़ रहा है, जिससे यहां के युवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। हिमाचल के गांवों, शहरों और शिक्षण संस्थानों में नशे की लत अपनी जड़ें जमा चुकी है, जिसके चलते प्रदेश में आए दिन कई दुर्घटनाएं और आपराधिक गतिविधियां देखने को मिल रही हैं।



नशे को रोकने के लिए कुलसचिव के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

### युवाओं का नशे में संलिप्त होना चिंताजनक

हिमाचल के युवाओं का नशे में संलिप्त होना चिंताजनक विषय है और विद्यार्थी परिषद पूरे प्रदेश में बढ़ती नशाखोरी को रोकने के लिए एक समिति का गठन करने जा रही है। इस समिति के विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के साथ-साथ युवक मंडल, महिला मंडल, राजनीतिक एवं अन्य विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को शामिल किया जाएगा। राज्य सरकार भी यदि ऐसी कोई समिति बनाती है, तो एबीवीपी नशे के जहर को रोकने के लिए राज्य सरकार से कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होगी। एबीवीपी यह मांग करती है कि प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में बढ़ते नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# छठी कक्षा में अनन्या 93 फीसदी अंक लेकर प्रथम



ब्यूलिया स्कूल में शिक्षक संवाद कार्यक्रम के दौरान हिस्सा लेते विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

ब्यूलिया स्कूल में स्कूल शिक्षा संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान समस्त अभिभावकों एवं संरक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ,आरटीई एक्ट 2009, इनरोलमेंट एंड रिटेंशन, क्वाालिटी एजुकेशन, तथा विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति के बारे चर्चा हुई।

इस सभा में छठी से आठवीं कक्षा के परिणाम घोषित किए गए एवं बच्चों के रिपोर्ट कार्ड भी वितरित किए गए, जिसमें छठी कक्षा में अनन्या ने 93 फीसदी ए ग्रेड के साथ, सातवीं कक्षा की धविना ने 92 फीसदी, आठवीं कक्षा की भावना 82 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने अभिभावकों को बताया कि बच्चों में इस शैक्षणिक वर्ष में काफी सुधार देखने को मिला है। शीतकालीन अवकाश एक जनवरी से 12 फरवरी तक होने निश्चित हुआ है तथा मार्च में बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जानी हैं। इस दौरान उन्होंने अध्यापकों को निर्देश जारी किए कि छठी से आठवीं तक के बच्चों को वर्कशीट का कार्य शीत ऋतु के लिए दिया जाए।

# लगातार छठे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 620 .44 अरब डॉलर पर पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में 4.471 अरब डॉलर बढ़कर 620.441 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 22 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.471 अरब डॉलर बढ़कर 620.441 अरब डॉलर रहा है। यह किसी एक हफ्ते में हुई सर्वाधिक वृद्धि है। आरबीआई के मुताबिक इस साल विदेशी मुद्रा भंडार में 57.634 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

आंकड़ों के मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.898 अरब डॉलर बढ़कर 549.747 अरब डॉलर हो गई। हालांकि,

**4.47 अरब डॉलर बढ़कर**
**620.44 अरब डॉलर पर हुआ देश का विदेशी मुद्रा भंडार**



स्वर्ण भंडार का मूल्य 10.7 करोड़ डॉलर घटकर 47.474 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह विशेष आहरण अधिकार मात्र 40 लाख डॉलर बढ़कर 18.327 अरब डॉलर रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 12.9 करोड़ डॉलर घटकर 4.894 अरब डॉलर रह गया।

### पंजाब के लोगों को पीएम मोदी ने दिया न्यू ईयर गिफ्ट,अमृतसर से सुबह आठ और दिल्ली से दोपहर सवा तीन बजे चलेगी ट्रेनें

# साढ़े पांच घंटे में अमृतसर से दिल्ली पहुंचाएगी वंदे भारत

**एजेंसी, अमृतसर**

पंजाब से दिल्ली तक अब साढ़े पांच घंटे में पहुंच जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए अमृतसर से दिल्ली जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर पंजाब के लोगों को न्यू ईयर का गिफ्ट दिया है।

वंदे भारत सेमी हाई स्पीड ट्रेन 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकती है। ये ट्रेन दिल्ली से अमृतर तक चलने वाली शताब्दी एक्प्रेस से भी तेज होगी। जहां शताब्दी छह घंटे से अधिक समय लेती है, वहीं वंदे भारत एक्सप्रेस उससे भी कम समय लेगी। अमृतसर-दिल्ली जंक्शन वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह आठ बजे अमृतसर स्टेशन से रवाना होगी और साढ़े पांच घंटे में सफर पूरा कर दिल्ली जंक्शन पहुंचेगी। रास्ते में ट्रेन ब्यास, जालंधर कैंट, फगवाड़ा, लुधियाना और अंबाला कैंट स्टेशनों पर रुकेगी। उसी दिन विपरीत दिशा में, ट्रेन संख्या 20487 दिल्ली-अमृतसर वंदे भारत एक्सप्रेस दोपहर 3:15 बजे दिल्ली जंक्शन से रवाना होगी और रात 8:45 बजे अमृतसर पहुंचेगी। यात्री नए साल से इस ट्रेन सर्विस का लाभ उठा सकेंगे। ये ट्रेन छह जनवरी से शुरू की जाएगी, जो केवल शुक्रवार को छोड़कर हफ्ते छह दिन चलेगी। हालांकि, ट्रेन का किराया क्या होगा, इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है।







## वॉल स्ट्रीट रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**न्यूयॉर्क**। वॉल स्ट्रीट 2023 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। एक साल में निवेशकों को डर था कि ब्याज दरें बढ़ने से अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी। हालांकि, एक लचीला नौकरी बाजार, मजबूत उपभोक्ता खर्च और मुद्रास्फीति में नरमी ने निवेशकों का विश्वास ऊंचा रखा, इससे सभी तीन सूचकांकों को दोहरे अंकों में बढ़त हासिल करने में मदद मिली। एसएंडपी 500, अमेरिकी शेयर बाजार का सबसे बड़ा पैमाना शुक्रवार को को 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ, इससे यह रिकॉर्ड-उच्च समापन से केवल 30 अंक दूर रह गया। इस साल इसमें 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे 2023 धमाके के साथ समाप्त हुआ। इसने लगातार नौवीं साप्ताहिक बढ़त दर्ज की, जो जनवरी 2004 के बाद सबसे लंबी अवधि है।

## वर्ल्ड न्यूज

### नौकरी का झांसा देकर बाप-बेटा ने ठगे सवा दो लाख रुपए

**जींद**। शहर थाना पुलिस ने नौकरी लगवाने तथा मोटे ब्याज का झांसा देकर दो लाख बीस हजार रुपए की राशि ठग ली। पुलिस ने शनिवार को बाप व बेटा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शर्मा नगर निवासी संतराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव धनाना निवासी रितिक तथा उसके पिता हरि राम ने उनके पौते प्रियांशु को 70 हजार वेतन पर नौकरी लगवाने की बात कही। इसके लिए अढाई लाख रुपए देने पर महीना 30 हजार ब्याज देने की बात कही। रितिक उसके पौते का जयपुर ले गया। जहां पर उसे 15 दिनों तक रखा। कंपनी की तरफ से प्रियांशु को कोई वेतन नहीं मिला और अढ़ाई लाख रुपए भी हड़प लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रिटायर्ड कर्मचारी के घर से लाखों के गहने व नकदी चोरी

**हिसार**। बालसमंद क्षेत्र के भिवानी रोहिल्ला गांव में चोरों ने शुक्रवार रात को एचएयू के रिटायर्ड कर्मचारी के घर से लाखों के गहने व नकदी चुरा ली। घटना के समय मकान मालिक व मालकिन अपने बेटे से मिलने रोहतक गए हुए थे। रिटायर्ड कर्मी रामकुमार शर्मा के बेटे प्रवीन ने बताया कि चोर करीब साढ़े तीन लाख के सोना-चांदी के गहने चुराकर ले गए। घर में रखे 40 हजार रुपए भी साथ ले गए। फिलहाल, बालसमंद चौकी पुलिस ने मामला जर्द कर लिया है।

### अपहरण के आरोप की गुहार पर ढुल-मुल रवैया, एसएसपी तलब

**चंडीगढ़**। प्रेम विवाह के बाद ससुराल वालों पर पत्नी के अपहरण का आरोप लगाते हुए पति ने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट से गुहार लगाई है। इस मामले में हाई कोर्ट ने पंजाब सरकार से जवाब मांगा था, लेकिन पुलिस के ढुल-मुल रवैए पर अब संगरूर के एसएसपी को तलब कर लिया है। याचिका दाखिल करते हुए युवक ने हाई कोर्ट को बताया कि उसने 20 नवंबर को प्रेम विवाह किया था। यह विवाह दोनों ने परिवार के खिलाफ जाकर किया था और इसी के चलते परिवार वालों से जान का खतरा बताते हुए हाई कोर्ट में सुरक्षा से जुड़ी याचिका दाखिल की थी। हाई कोर्ट ने अगली सुनवाई पर संगरूर के एसएसपी को हाजिर होने का आदेश दिया है।

### हेरोइन तस्करी मामले में अमृतपाल को न्यायिक हिरासत में भेजा

**चंडीगढ़**। अफगानिस्तान से 700 करोड़ से अधिक की हेरोइन तस्करी करने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने तरनतारन निवासी एवं आईलेट्स सेंटर संचालक अमृतपाल सिंह को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एनआईए ने इस मामले में आरोपी आईलेट्स सेंटर संचालक अमृतपाल सिंह को 15 दिसंबर को तरनतारन जिले के कस्बा चोहला साहिब के गांव करमूवाल से गिरफ्तार किया था। उससे इस मामले में काफी पूछताछ की गई है। अप्रैल 2022 में कस्टम विभाग ने अमृतसर में 102 किलोग्राम हेरोइन की खेप पकड़ी थी।

### खिलौना पिस्तौल दिखाकर लूटने वाले दो किए काबू

**अमृतसर**। सदर पुलिस ने खिलौना पिस्तौल के साथ लूट की वारदात अंजाम देने वाले दो युवकों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से खिलौना पिस्तौल, दो मोबाइल फोन और एक्टिवा स्कूटर बरामद किया है। पुलिस ने 27 दिसंबर को गऊशाला के निकट हुई लूट की वारदात के बाद कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी सहायक पुलिस कमिश्नर (नार्थ) वरिंदर सिंह खोसा ने दी।

# अंतरराज्यीय एटीएम लूट गिरोह के दो सदस्य हरियाणा से दबोचे

## पुलिस टीम को हरियाणा के मेवात में 14 दिन तक डेरा डालने पर मिली सफलता

**एजेंसी, हरिद्वार**

**जनपद** हरिद्वार के रुड़की क्षेत्र स्थित ढंढेरा में एसबीआई एटीएम में रखी नकदी को चोरी कर ले जाने के मामले में पुलिस ने हरियाणा के नूंह से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से नकदी भी बरामद की है, जबकि चार आरोपी अभी भी फरार बताए गए हैं। एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल ने बताया कि यह घटना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी। पुलिस की चार अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया था। पुलिस टीम को हरियाणा के मेवात में 14 दिन तक डेरा डालने पर सफलता मिली।

एसएसपी ने बताया कि जांच में वारदात को एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो में सवार लगभग पांच व्यक्तियों के घटना को अंजाम देने की बात सामने आई। पहचान छिपाने के लिए दो अलग-अलग राज्यों के किसी अन्य स्कॉर्पियो वाहनों के फर्जी नंबर प्लेटों का प्रयोग किया था। स्कॉर्पियो पर पुलिस से बचने और भ्रमित करने के लिए मूल स्वरूप में अलग-अलग निशान बनाए गए थे, जिनको घटना के बाद पुलिस को भ्रमित करने के लिए अलग-अलग राज्यों में हटाए गए थे। पुलिस टीमें सीसीटीवी फुटेज चेक करते हुए पंचगांव मानेसर हरियाणा पहुंचे। एक दुकान पर सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को घटना में संलिप्त एक बदमाश स्कॉर्पियो से उतरते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम ने आसपास के सभी थाना क्षेत्रों में मुखबिरों को दिखाकर शिनाख्त के प्रयास किए। शिनाख्त सलमान पुत्र जाकिर हसन निवासी ग्राम कलिया की थाना तावडू जिला नूंह हरियाणा के रूप में हुई।



### गिरोह पर 15 से अधिक मुकदमे दर्ज

आरोपी सलमान से पूछताछ करने पर उसने घटना में साथी रफीक उर्फ बच्ची, सहुद, खालिद, शौकत का संलिप्त होना बताया, जिनकी आपराधिक पृष्ठभूमि के संबंध में पता किया तो इन सभी के विरुद्ध एटीएम कटिंग व अन्य वारदात के 15 से भी अधिक मुकदमे विभिन्न राज्यों में पंजीकृत हैं। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन के स्वामी साबिर को गोपालगढ़ राजस्थान से वाहन स्कॉर्पियो के साथ गिरफ्तार कर लिया, जबकि घटना में संलिप्त अन्य आरोपित फरार हैं।

### कई राज्य में वारदातों को दिया अंजाम

पुलिस टीम ने आरोपी की आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी की तो उक्त व्यक्ति के अपने गिरोह के साथियों के साथ मिलकर अलग-अलग राज्यों में एटीएम कटिंग के कई वारदात को पूर्व में अंजाम दिए जाने की बात सामने आई, जिनकी गिरफ्तारी के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान व हरियाणा की पुलिस टीम एटीएम कटिंग व अन्य वारदात में की जा रही थी। पकड़े गए आरोपियों के नाम सलमान पुत्र जाकिर हसन 32 वर्ष निवासी ग्राम कलियाकी थाना तावडू जिला नूंह हरियाणा व साबिर पुत्र रूदार निवासी ग्राम भोजपुर थाना गोपालगढ़ जिला डींग राजस्थान हैं।

## ड्रग्स मामले में एसआईटी के सामने पेश हुए पूर्व अकाली मंत्री मजीठिया

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पूर्व अकाली मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की ड्रग्स मामले में एसआईटी के सामने पेश हुए। ड्रग्स केस में स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) के बारादरी स्थित एडीजीपी मुखविंदर सिंह छीना के



ऑफिस में दाखिल होने से पहले उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार के दबाव में एसआईटी व सिट इंचार्ज काम कर रहे हैं।

एडीजीपी छीना की रिटायरमेंट वाले लेटर की कॉपी दिखाते हुए बिक्र म सिंह मजीठिया ने कहा कि एक तरफ रिटायरमेंट की पार्टी को लेकर समय रखा है, वहीं दूसरी तरफ उन्हें पेशी पर बुलाया है। मजीठिया ने कहा कि एडीजीपी छीना कौन से दबाव में आकर काम कर रहे हैं, इसका जवाब दें। बिक्रम सिंह मजीठिया ने कहा कि एसआईटी ने उनसे सात घंटे तक 18 दिसंबर को पूछताछ की। उन्होंने अधिकारियों को बताया था कि वह शहीद जोड़ मेल के दिनों में किसी भी हालत में पेश नहीं हो सकते हैं। बावजूद इसके सिट ने 27 दिसंबर की तारीख को उन्हें पेश होने के लिए बुलाया था। बिक्रम सिंह मजीठिया के खिलाफ जांच कर रही एसआईटी ने पहला नोटिस पर 18 दिसंबर को पेश होने के लिए जारी किया था।

पेशी पर मजीठिया अपने समर्थन की बड़ी संख्या के साथ एडीजीपी ऑफिस के बाहर पहुंचे थे। ससुराल मजीठिया से करीब सात घंटे तक सिट के अधिकारियों ने पूछताछ की थी और इस दौरान उनके समर्थक बाहर दिनभर इंतजार करते रहे। पेशी से बाहर आते ही मजीठिया ने सरकार के खिलाफ अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा था कि अब वह सीएम की हस्ताक्षर नोटिस पर होने के बाद ही पेश होंगे।

**24 मार्च, 2024 तक परियोजना हो जाएगी पूरीः जय कुमार शर्मा**

## यमुनानगर में बेरहम मां ने नवजात को फेंका सड़क पर

**यमुनानगर**। एक बेरहम मां ने अपने नवजात जिंदा शिशु को पॉलिथीन में लपेटकर शुक्रवार की रात को अंधेरे में सड़क के किनारे फेंक दिया। पुलिस ने नवजात शिशु को नागरिक अस्पताल के निक्कू वार्ड में दाखिल करवाया, जहां अब नवजात शिशु पूरी तरह से स्वस्थ है। फिलहाल पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

वर्कशॉप रोड पर आईटीआई के नजदीक के दुकानदारों ने बताया कि कल रात को आठ बजे के करीब जब वे लोग दुकान के बाहर खड़े थे, तो एक कुत्ता अपने मुंह में पॉलिथीन को घसीट कर लाया और उसके मुंह में खून लगा हुआ था। शक होने पर दुकानदारों ने पॉलिथीन को खोल कर



देखा तो उसमें एक नवजात शिशु लिपटा हुआ था और उसकी सांसे चल रही थी। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने नवजात शिशु को नागरिक अस्पताल के निक्कू वार्ड में दाखिल करवाया। चाइल्ड हेल्पलाइन की डायरेक्टर अंजू बाजपेई ने बताया कि कल रात नौ बजे के करीब थाना गांधीनगर से सूचना मिलने पर वह अस्पताल पहुंची। नवजात शिशु पूरी तरह से स्वस्थ है।

## विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने का एजेंट पर लगाया आरोप

**हरिद्वार**। विदेश में नौकरी करने गए बेटे को वापस बुलाने और विदेश भेजने वाले एजेंट से ढाई लाख की रकम वापस दिलाने की मांग करते हुए एक महिला ने शिकायती पत्र देकर पुलिस उपाध्यक्ष से न्याय की गुहार लगाई है। सुल्तानपुर आदमपुर की जुल्फाना का आरोप है कि विदेश में नौकरी दिलाने वाले एजेंट शमीम उर्फ बुच्चा निवासी सुलतानपुर आदमपुर ने 25 जून,को उसके बेटे मोहम्मद शाहनवाज अली पुत्र स्व. इलियास को सऊदी अरब में नौकरी दिलाने की बात कहकर उससे लगभग ढाई लाख ले लिए और सऊदी अरब में भेज दिया। जहां एग्रीमेंट के हिसाब के अनुरूप काम न देकर किसी ठेकेदार के अंतर्गत काम करवाया जा रहा है। महिला का आरोप है कि उसके पुत्र को बंधक बनाकर बिना मजदूरी के ग्राइंडर मशीनों पर 16-16 घंटे काम कराया जा रहा है। महिला की तहरीर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज ठाकुर ने लक्सर कोतवाली को जांच के आदेश दे दिए हैं।

## अवैध माइनिंग और पुलिस के साथ बदसलूकी करने पर पूर्व विधायक जोगिंदर पाल गिरफ्तार

### कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी विधायक को पुलिस रिमांड पर भेजा

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

हलका भोआ के पूर्व विधायक और कांग्रेसी नेता जोगिंदर पाल को पुलिस ने अवैध माइनिंग मामले और माइनिंग अधिकारियों के साथ बदसलूकी करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, पुलिस ने मौके से एक टिप्पर और एक पोकलेन मशीन भी बरामद की है।

जानकारी के अनुसार, माइनिंग ऑफिसर माइनिंग विभाग के जूनियर इंजीनियर कम माइनिंग इंस्पेक्टर संदीप सिंह को कीड़ी क्षेत्र में अवैध माइनिंग की सूचना मिली थी। इसके तुरंत बाद माइनिंग अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कार्रवाई की। विधायक भी मौके पर मौजूद मिले। माइनिंग अधिकारियों व पूर्व विधायक के बीच विवाद शुरू हो गया। माइनिंग अधिकारियों ने सरकारी काम में बाधा डालने की सूचना लोकल पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच पूर्व विधायक जोगिंदर पाल को उसके एक अन्य साथी सुरजीत सिंह उर्फ लाड़ी के साथ अवैध माइनिंग और सरकारी काम में रुकावट डालने के चलते गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से एक पोकलेन मशीन और एक टिप्पर भी बरामद किया है। पूर्व विधायक जोगिंदर पाल को मेडिकल करवाने के लिए सिविल हॉस्पिटल पठानकोट लाया गया।

### पूर्व विधायक के समर्थन में नारेबाजी

वहीं, पूर्व विधायक ने कहा कि वे जमानत होने के बाद इस मामले की जानकारी देंगे। जोगिंदर पाल के समर्थन में बड़ी संख्या में उनके परिवार जन एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता सिविल अस्पताल पर पहुंचे और उनके समर्थन में नारेबाजी की। एसपी दिलजिंद सिंह ढिल्लों ने बताया कि पूर्व विधायक के खिलाफ कर्मचारियों से बदसलूकी और अवैध माइनिंग का मामला दर्ज किया है। शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से पुलिस रिमांड पर भेजा है।

## लगातार छठे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 620 .44 अरब डॉलर पर पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लगातार** छठे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा दर्ज हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में 4.471 अरब डॉलर बढ़कर 620.441 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, 22 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.471 अरब डॉलर बढ़कर 620.441 अरब डॉलर रहा है। यह किसी एक हफ्ते में हुई सर्वाधिक वृद्धि है। आरबीआई के मुताबिक, इस साल विदेशी मुद्रा भंडार में 57.634 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.898 अरब डॉलर बढ़कर 549.747 अरब डॉलर हो गई। हालांकि, स्वर्ण भंडार का मूल्य 10.7 करोड़ डॉलर घटकर 47.474 अरब डॉलर रह गया।

**देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर बढ़कर 620.44 अरब डॉलर पर**

**2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर था**

उल्लेखनीय है कि अक्तूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार उछलकर 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। इस तरह 620 अरब डॉलर के मौजूदा स्तर पर विदेशी मुद्रा भंडार अपने शिखर से केवल 25 अरब डॉलर दूर रह गया है।

## पुंछ में मारे गए तीन नागरिकों के घर जा रहीं महबूबा मुफ्ती को पुलिस ने रोका

**पुंछ**। पुंछ में मारे गए तीन नागरिकों के परिजनों से मिलने जा रही पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती को पुलिस ने बाफलियाज में सुरक्षा कारणों से रोक दिया।

पुलिस के रोके जाने से नाराज महबूबा मुफ्ती पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वहीं धरने पर बैठ गईं। 21 दिसंबर को पुंछ के सुरनकोट इलाके में आतंकवादियों द्वारा सेना के दो वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में चार सैनिक शहीद हो गए थे। सेना ने तीन नागरिकों को पूछताछ के लिए उठाया था, लेकिन अगले दिन तीनों मृत पाए गए। वहीं, मुफ्ती ने कहा कि मुझे नहीं पता कि प्रशासन मुझसे इतना क्यों डरता है। मुझे अनुमति नहीं दी जा रही है।

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(31 दिसंबर, 2023)

**विक्रमी संवत** : 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास** : पौष, **शुभ मुहूर्तः** अभीजित सुबह 12:03 -12:44 दोपहर तक, **तिथि** : चतुर्थी 11:58 सुबह तक, **नक्षत्र** : मघा (पूर्ण रात्रि), **पक्ष** : कृष्ण,
**राहुकाल** : 04:16-05:16 सुबह तक।

### व्रत त्योहार

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आज रात रहेगी कार्यक्रमों धूम। रात 12 बजते ही लोग करेंगे अंग्रेजी नव वर्ष का स्वागत।

सूर्योदय : 07 :13
सूर्यास्त : 05 :34

**मेष** : मेष राशि वालों के कार्यों में विघ्न आने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में कुछ उथल-पुथल की स्थिति रहेगी। मन अस्थिरता से भरा रहने का योग है। यात्रा में आज आपको असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

**वृषभ** : आज की गई यात्रा से आपको लाभ के अवसर मिलेंगे। विरोधी परास्त होंगे। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का साथ मिलेगा। रुके हुए कार्य भी पूर्ण होने के योग हैं। अधूरी इच्छाओं की भी पूर्ति होने के योग हैं।

**मिथुन** : आज आपके जीवन में उतार-चढ़ाव और बाधाओं के बावजूद भी आपको धनलाभ होने का योग है। इसके अलावा आज आप जो भी कार्य करेंगे, उसका प्रतिफल आने वाले समय में मिलेगा।

**कर्क** : आज आपके प्रभाव और कार्यक्षेत्र में मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि का योग बन रहा है। विशिष्ट लोगों से संपर्क बनने के भी अवसर सामने आएंगे। आज के दिन सुखद यात्रा का भी योग बन रहा है।

**सिंहः** आज अगर आपको यात्रा करनी पड़े तो सोच-समझकर ही करें। अन्यथा हो सकता है कि असुविधा का सामना करना पड़े। खानपान में भी आज सावधानी बरतने की जरूरत है। अन्यथा तबियत बिगड़ सकती है।

**कन्या** : आज आपके मन में सकारात्मक विचार आएंगे। इससे प्रत्येक कार्य में आपको सफलता प्राप्त होने का योग बन रहा है। शत्रु भी परास्त होंगे। मित्र और परिवार के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**तुला** : आज आपको कार्यक्षेत्र के चलते आस-पास की यात्रा करना पड़े। यह आपके लिए सुखद भी हो सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। परिवार के वरिष्ठों का सहयोग और आशीर्वाद मिलने से भी प्रसन्नता का योग है।

**वृष्चिकः** आज आपको प्रेम संबंधों में निराशा लगने के आसार हैं। इसके अलावा हो सकता है कि आपको किसी वजह से निराशा हो। लेकिन मन को शांत रखें और भविष्य की चिंता न करें।

**धनुः** आज किसी शुभ समाचार के मिलने से मन प्रसन्न होगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने का भी योग है। इसके अलावा नए अवसरों की कुछ संभावनाएं भी दस्तक दे रही हैं।

**मकर** : आज कार्यक्षेत्र में वृद्धि के योग हैं। आप जो भी कार्य सोचेंगे वह पूरा कर सकते हैं। लेकिन जरूरी है कि कार्य को पूरी मेहनत और लगन से करें। नौकरी में उच्चाधिकारी का समर्थन मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**कुंभ** : आज किसी से वाद-विवाद करने से बचें। अन्यथा खुद का ही नुकसान कर बैठेंगे। आज व्यय अधिक और आय कम की भी स्थिति नजर आ रही है। सोच-समझकर व्यय करना बेहतर होगा।

**मीन** : आज के दिन सफलता और विफलता दोनों का ही सामना करना पड़ सकता है। लेकिन परेशान न हों, ईश्वर और माता-पिता का स्मरण करें, आपको सफलता मिलेगी। विरोधी आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**प्रोजेक्ट** 132 करोड़ की लागत से पानी की निकासी के लिए बनाए जाएंगे 15 से अधिक चेक डैम

# जापान के साथ पहाड़ों में होने वाले भू-स्खलन को रोकेगी उत्तराखंड सरकार

**एजेंसी, ऋषिकेश**

**उत्तराखंड** सरकार जापान के साथ पहाड़ों में होने वाले भू-स्खलन को रोकेगी। जापान सरकार की कंपनी जाइका ने भारत सरकार के निर्देश पर उत्तराखंड सरकार के वन विभाग की टीम के साथ संपूर्ण उत्तराखंड में 132 करोड़ रुपए और नरेंद्र नगर वन प्रभाग में 9.5 करोड़ की लागत से पहाड़ों में हो रहे भू-स्खलन के साथ पानी की सुचारु निकासी के लिए बनाए जा रहे चेक डैम का निरीक्षण किया।

उत्तराखंड सरकार के चीफ इंजीनियर जय कुमार शर्मा ने बताया कि यह योजना वर्ष 2018 में प्रारंभ हो गई थी, जिसका दो वर्ष में सर्वे किया गया। इसके बाद अभी तक 50 फीसद काम पूरा हो चुका है और यह काम मार्च 2024 तक 90 फीसद पूरा हो जाएगा। उन्हें उम्मीद है कि वर्षा काल से पूर्व इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा, जिस पर तेजी के साथ काम किया जा रहा है। इस योजना के पूर्ण होने के बाद पहाड़ों से बड़े-बड़े पत्थरों का गिरना तो रुक ही जाएगा। साथ ही पानी का रिसाव भी कम होगा, जिसके लिए चेक डैम बनाए जा रहे हैं। इस प्रकार की परियोजना पूरे उत्तराखंड में चल रही है, जिसमें सात स्थानों पर काम हो रहा है। इसके अंतर्गत ऋषिकेश के निकट नरेंद्र नगर वन प्रभाग के नीरगढ़, रुद्रप्रयाग के जवाडी, कुमाऊं मंडल के भवाली केनिकट (पाडली )रायपुर ,जोखला (कालसी), उत्तरकाशी के पास मल्ला (लखनपुर के पास परियोजना चल रही है। पहाड़ों से होने वाले भू-संखलन को रोकने के लिए जापान की तकनीकी के आधार पर ईरोजन कंट्रोल मैट भी लगाई जा रही है।



उत्तराखंड की वन विभाग की टीम के साथ जापान की जाइका कंपनी के अधिकारी।

**24 मार्च, 2024 तक परियोजना हो जाएगी पूरीः जय कुमार शर्मा**

इसके बाद बड़े पत्थर सड़क पर नहीं आएंगे और दुर्घटनाओं से भी बचा जा सकेगा। इस योजना के अंतर्गत ग्रुप 15 से अधिक चेक डैम बनाए जाएंगे, क्योंकि पूरी तरह जापानी तकनीकी के आधार पर होंगे। स्थलीय निरीक्षण के दौरान जापानी टीम के प्रमुख ईजीमा, होताका ओकी डैम प्रोजेक्ट मैनेजर के अतिरिक्त नरेंद्र नगर कंजरवेटर धर्म सिंह मीणा, डीएफओ अमित कंवर, डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर कोको रोजे, विवेक जोशी , वन अधिकारी वीर बहादुर सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## इंडिया ओपन में घरेलू बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए मुश्किल ड्रॉ

**नई दिल्ली।** एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सहित भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ियों को अगले महीने होने वाले इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मुश्किल ड्रॉ मिला है, जिसमें वे घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेंगे। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ अंतिम पड़ाव में है और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी 16 से 21 जनवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम में होने वाले योनेक्स सनराइज इंडिया ओपन से महत्वपूर्ण अंक जुटाने की कोशिश करेंगे। एशियाड स्वर्ण पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी तथा कांस्य पदक विजेता प्रणय विश्व रैंकिंग में अपना स्थान मजबूत करने की कोशिश करेंगे, जबकि किदाम्बी श्रीकांत, सेन और प्रियांशु राजावत ओलंपिक में दूसरे भारतीय स्थान के लिए प्रयास करेंगे। ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियमों के अनुसार दो भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी ओलंपिक में भाग ले सकते हैं, अगर दोनों ही 30 अप्रैल तक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया के अंत में शीर्ष 16 रैंकिंग में शामिल रहेंगे।

# ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बनी सविता



**एजेंसी, बेंगलुरु**

**अनुभवी** गोलकीपर सविता पूनिया 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर में भारत की 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की कप्तान होंगी, जबकि वंदना कटारिया उपकप्तान रहेंगी।

टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमें पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

भारतीय महिला टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पेरिस ओलंपिक के हमारे सफर में एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हमें अपेक्षाओं पर खरे उतरकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है।

उन्होंने कहा कि काफी सोच विचार के बाद हमने संतुलित टीम चुनी है। सविता और वंदना अपने करियर में कई बार भारी दबाव में खेल चुके हैं। वे बतौर कप्तान और उपकप्तान दूसरों का मार्गदर्शन कर सकते हैं।

सविता ने हाल ही में एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार जीता, जबकि वंदना 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनी।

भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ रखा गया है, जबकि जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य ग्रुप ए में हैं। भारत 13 जनवरी को अमेरिका से पहला मैच खेलेगा। इसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और 16 जनवरी को इटली से खेलना है।

- वंदना कटारिया बनी उपकप्तान, 13 से शुरू होगा टूर्नामेंट
- भारत पहले मुकाबले में अमेरिका से करेगा दो-दो हाथ
- भारत न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ पूल बी में है शामिल

### भारतीय हॉकी टीम इंडिया

**गोलकीपर :** सविता पूनिया (कप्तान), बिछू देवी खारीबाम
**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका।
**मिडफील्डर :** निशा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, नवनीत कौर, सलीमा टेटे, सोनिका, ज्योति, ब्यूटी डुंगडुंग।
**फॉरवर्ड :** लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया।

# ऑस्ट्रेलिया वुमंस टीम ने भारत को 3 रन से हराया

- लीचफिल्ड और एलिस पेरी के जमाए अर्धशतक
- वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई
- भारत से दीप्ती शर्मा ने झटके पांच विकेट
- ऋचा घोष 96 रन बनाकर शतक से चूकी



**एजेंस मुंबई**

ऑस्ट्रेलिया वुमंस टीम ने दूसरे वनडे मैच में भारत को 3 रन से हरा दिया। इसे साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 3 वनडे मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से जीत हासिल की थी।

शनिवार को मुंबई के वानखेडे स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 258 रन बनाए। जवाब नें भारतीय टीम 50 ओवर में 8 विकेट खो कर 255 रन ही बना सकी। फीब लीचफिल्ड (63), एलिस पेरी (50) ने अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, एनाबेल सदरलैंड को 3 विकेट मिले।

भारत की ओर से दीप्ती शर्मा ने 5 विकेट लिए। उन्होंने एलिस पेरी को श्रेयांका पाटिल के हाथों कैच कराया। इसके बाद बेथ मूनी को एलबीडब्ल्यू और ताहिलीया मैक्ग्रा को बोल्ड किया। वहीं, एनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वेयरहम दीप्ती की बॉल पर कैच थमा बैठी। पूजा वस्त्राकर, श्रेयांका पाटिल और स्नेह राणा को एक-एक विकेट मिला।

ऋचा घोष 96 रन बना कर शतक चूक गई।

साउथ अफ्रीका से हार के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान का टीम इंडिया पर तंज

# टैलेंट बहुत लेकिन टीम नहीं जीतती कोई भी ट्रॉफी : वॉन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**साउथ** अफ्रीका दौरे पर सेंचुरियन में खेले गए पहले टेस्ट में भारत को एक पारी और 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही टीम इंडिया का साउथ अफ्रीका में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने का सपना चकनाचूर हो गया।



भारतीय टीम के साउथ अफ्रीका से पहले टेस्ट में हार के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम अपनी प्रतिभा और मौजूद संसाधनों के मुताबिक परिणाम हासिल नहीं कर पाई है। वॉन ने कहा कि भारत पिछले दशक में कोई आईसीसी ट्रॉफी हासिल नहीं कर सका, जिससे उसका प्रदर्शन खास नहीं रहा।

वॉन ने मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट के दौरान एक स्पोर्ट्स चैनल पर चर्चा के दौरान पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्क वॉ के एक सवाल क्या आपको लगता है कि भारत क्रिकेट के मामले में दुनिया की सबसे कम उपलब्धि हासिल करने वाली टीम में से एक है? इस पर जवाब देते हुए वॉन ने कहा कि हाल के समय में भारतीय टीम ने ज्यादा कुछ नहीं जीता है। मुझे लगता है कि उनकी टीम कम उपलब्धि हासिल करने वाली टीम है। वे कुछ भी नहीं जीतते हैं। उन्होंने आखिरी बार कब कोई टूर्नामेंट जीता था? उनके पास जो प्रतिभा मौजूद है, उसके हिसाब से उन्हें और अधिक हासिल करना चाहिए था। वॉन ने माना किया भारत के ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीतने के प्रयास शानदार थे, लेकिन वर्ल्ड कप में फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करने में वह विफल रही। उन्होंने कहा, 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में दो बार जीत हासिल की, जो शानदार है, लेकिन पिछले कुछ वर्ल्ड कप में वे कहीं भी नहीं हैं, पिछले कुछ टी-20 वर्ल्ड कप में वे कहीं नहीं है।



## केप टाउन में एक भी टेस्ट नहीं जीत सकी टीम इंडिया

**केप टाउन।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला 3 जनवरी से केप टाउन में खेला जाएगा। केप टाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर भारत ने 6 टेस्ट खेले और एक में भी टीम को जीत नहीं मिली, जबकि साउथ अफ्रीका ने इस ग्राउंड पर 24 मैच खेले और उन्हें 45.8 फीसदी यानी 10 मुकाबलों में जीत मिली। न्यूलैंड्स स्टेडियम में सबसे सफल विदेशी टीम ऑस्ट्रेलिया है, टीम ने यहां 71 फीसदी टेस्ट जीते। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को भी इस मैदान पर सफलता मिल चुकी है, लेकिन एशिया की कोई भी टीम यहां एक भी मैच नहीं जीत सकी। केप टाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर अब तक 59 टेस्ट मैच खेले गए। 23 बार पहले बैटिंग और 25 बार पहले गेंदबाजी करने वाली टीम को जीत मिली। इस मैदान पर महज 11 ही टेस्ट ड्रॉ रहे। केप टाउन में बहुत कम टेस्ट ड्रॉ रहते हैं। साल 2000 के बाद से यहां 28 टेस्ट खेले गए और 23 में नतीजे आए। महज 5 टेस्ट ड्रॉ रहे।

# नेट पर बल्लेबाजी करते शार्दुल ठाकुर के कंधे में चोट लगी

**एजेंसी, सेंचुरियन**



**भारतीय** टीम को शनिवार को झटका लगा जब गेंदबाज आल राउंडर शार्दुल ठाकुर को नेट पर बल्लेबाजी करते हुए कंधे में चोट लग गई।

ऐसी संभावना है कि वह तीन जनवरी से केपटाउन में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे, लेकिन उनकी चोट की गंभीरता स्कैन से पता चल पाएगी, अगर इसकी जरूरत पड़ेगी।

इस समय यह पुष्टि नहीं हो सकी कि उनकी चोट के लिए स्कैन की जरूरत है या नहीं।

लेकिन ठाकुर को काफी परेशानी हो रही थी और वह नेट सत्र के दौरान गेंदबाजी भी नहीं कर सके। ठाकुर थ्रोडाउन नेट में सबसे पहले पहुंचने वाले खिलाड़ी थे और जब वह बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ से थ्रोडाउन से गेंद का सामना कर रहे थे तो उनके बाएं कंधे में गेंद लग गई। यह नेट सत्र शुरू होने के 15 मिनट के बाद हुआ। ठाकुर शॉर्ट गेंद का बचाव नहीं कर सके जैसा वह पहले टेस्ट की दूसरी पारी के दौरान हुआ था। वह गेंद लगते ही दर्द से चिल्ला उठे, लेकिन मुंबई के इस आल राउंडर ने नेट पर बल्लेबाजी जारी रखी। बल्लेबाजी खत्म करने के बाद फिजियो ने उनके कंधे के चारों ओर आइस पैक लगाया और उन्होंने फिर नेट में कोई अभ्यास नहीं किया।

यह हल्की चोट हो सकती है, लेकिन यह देखना होगा कि चोट कितनी जल्दी ठीक होती है। ठाकुर ने पहले टेस्ट में महज 19 ओवर में 100 से ज्यादा रन दिए थे और वह बल्लेबाजी में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

## दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कोएत्जी भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर

**सेंचुरियन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज पेट के निचले हिस्से में दर्द के कारण केपटाउन में तीन जनवरी से भारत के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल सकेंगे। 23 वर्ष के इस गेंदबाज को पहले टेस्ट के दौरान दर्द उठा और बढ़ता गया। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक्स पर लिखा कि तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। पहले टेस्ट के दौरान उनके पेट के निचले हिस्से में दर्द उठा था। कोएत्जी दूसरी पारी में पांच ओवर ही डाल सके, जिसमें उन्होने 28 रन दिए। भारत को पहले मैच में एक पारी और 32 रन से पराजय झेलनी पड़ी थी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने उनके विकल्प की घोषणा नहीं की है। उनकी जगह लुंगी एंगिडि या वियान मूल्डर को उतारा जा सकता है।

# कुसल मेंडिस को वनडे टीम की कमान

## टी-20 में श्रीलंका टीम के वानिंदु हसरंगा होंगे कप्तान

**एजेंसी, कोलंबो**

**श्रीलंका** क्रिकेट ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अगले साल होने वाली लिमिटेड ओवर की घरेलू सीरीज के लिए नए कप्तान की नियुक्ति की है। तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए टीम की कमान कुसल मेंडिस को सौंपी गई है, जबकि तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए वानिंदु हसरंगा टीम के कप्तान होंगे। वहीं चरिथ असलांका को दोनों ही फॉर्मेट में उपकप्तान बनाया गया है। जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज के लिए घोषित टीम में नियमित कप्तान दसुन शनाका को भी जगह दी गई है। जिम्बाब्वे अगले साल जनवरी में श्रीलंका के दौरे पर आ रहा है। इस दौरे में जिम्बाब्वे 6 जनवरी से तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलेगा और 14 जनवरी से तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी।



### हसरंगा की चोट के बाद टीम में वापसी

**वानिंदु** हसरंगा की करीब 5 महीने के बाद चोट से टीम में वापसी हुई है। हसरंगा जुलाई-अगस्त में खेले गए श्रीलंका प्रीमियर लीग के दौरान चोटिल हो गए थे, जिसकी वजह से उन्हें फाइनल से भी बाहर होना पड़ा था। उनकी थाई में खिंचाव आ गया था। वह वनडे एशिया कप और भारत में हुए वनडे वर्ल्ड कप से भी टीम से बाहर थे।

# वॉर्नर चयनकर्ता नहीं, टेस्ट में ग्रीन से करा सकते हैं आगाज : कोच मैकडोनाल्ड



**एजेंसी, मेलबर्न**

**डेविड** वॉर्नर पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में तीन जनवरी से होने वाले तीसरे टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। टेस्ट क्रिकेट में पारी की शुरुआत के लिए वॉर्नर के बाद कई नामों पर विचार चल रहा है। हैरिस, ग्रीन, मैट रेनशॉ और कैमरन बेनक्रॉफ्ट के नाम दौड़ में हैं।मैकडोनाल्ड ने कहा कि डेविड चयनकर्ता नहीं है। पिछली बार उसने मैट रेनशॉ का नाम लिया था और शायद अगला नाम कैम बेनक्रॉफ्ट और फिर कैमरन ग्रीन का होगा।उन्होंने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि लेकिन यह अच्छी बात है कि वह किसी साथी खिलाड़ी का यूं समर्थन कर रहे हैं। उससे उसकी राय पूछी गई थी और हमें खुशी है कि उसने राय दी। ऑस्ट्रेलिया को अब वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलना है और कोच ने कहा कि उससे पहले फैसला ले लिया जाएगा।मैकडोनाल्ड ने यह भी कहा कि यूएई में आईएलटी 20 खेलने के लिए वॉर्नर फरवरी के आखिर में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी-20 नहीं खेलेंगे।

# नेट अभ्यास में रोहित का फोकस मुकेश पर

## रविंद्र जडेजा ने भी किया जमकर अभ्यास

**एजेंसी, सेंचुरियन**



**पहले** टेस्ट में मिली हार के बाद भारतीय टीम के लिए सुपरस्पोर्ट पार्क पर शनिवार को अभ्यास सत्र वैकल्पिक था, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने जमकर पसीना बहाया।

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में रोहित को आउट किया था। यहां दो घंटे तक हुए अभ्यास सत्र में रोहित ने बतौर कप्तान और बल्लेबाज भाग ।

रोहित का फोकस तेज गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंदों का सामना करने पर था, जिन्होंने 45 मिनट तक सिर्फ भारतीय कप्तान को गेंदबाजी की। फिट होकर लौटे रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने भी उसी नेट में अभ्यास किया। थ्रोडाउन विशेषज्ञ दयानंद गरानी ने भी रोहित को आफ स्टंप पर गेंद डाली।

अभ्यास के दौरान रोहित ने मुकेश से कहा कि हवा में अंदर आ रहा है पर कोशिश कर एंगल से अंदर लाने का।

बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने जब उनसे पूछा कि तू इस नेट पे आएगा, तो उन्होंने कहा कि नहीं यही पर और दस मिनट बल्लेबाजी करूंगा। रोहित ने मुकेश को अतिरिक्त समय दिया और कुछ टिप्स भी दिए। घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले मुकेश पिछले तीन साल में दो बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंची बंगाल टीम के इस प्रदर्शन के सूत्रधारों में रहे हैं। पहले टेस्ट में नाकाम रहे तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को फिर मौका मिलता है, तो यह हैरानी की बात होगी। प्रसिद्ध ने नेट पर किसी बल्लेबाज को गेंदबाजी नहीं की और वह सही लैंग्थ तलाशने के लिए मेहनत करते रहे। गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने अकेले उन पर 75 मिनट दिए।

वहीं रविंद्र जडेजा ने काफी समय गेंदबाजी और बल्लेबाजी की और वह पूरी तरह फिट दिखे। उन्होंने अश्विन के साथ करीब 45 मिनट गेंदबाजी की।

# लगा नहीं था कि विश्व कप खेल सकूंगा : केएल राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सर्जरी** के बाद रिहैबिलिटेशन और भारत में इस साल हुए वनडे विश्व कप में प्रदर्शन के बारे में राहुल ने स्टार स्पोर्ट्स की 'बिलीव' सीरिज में कहा कि वापसी कर दबाव तो था, लेकिन मैं उस समय जीवन के सबसे खराब दौर से गुजर रहा था मानो कुछ और मायने नहीं रखता था।

उन्होंने कहा कि इसके आगे सब कुछ छोटा लग रहा था। सर्जरी के बाद पहले तीन चार सप्ताह तो मैं चल भी नहीं पा रहा था। मैं वॉकर का सहारा लेकर चलने लगा तो भी मुझे लगता था कि विश्व कप नहीं खेल सकूंगा। सर्जरी मई में हुई और सर्जन ने कहा कि पांच महीने वापसी नहीं कर सकूंगा। निश्चित तौर पर सीधे विश्व कप खेलने तो नहीं जा सकता था। कुछ मैचों का अभ्यास जरूरी था, लेकिन मैंने सोचा कि इसके बारे में सोचकर तनाव नहीं लेना है, जो होगा देखा जाएगा। राहुल ने कहा कि आप साल भर कितना भी अच्छा खेलें, लेकिन 10-15 साल बाद जब हम रिटायर होंगे तो हमारे करियर को रनों या विकेटों या द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में मिली जीत से याद नहीं रखा जाएगा। हमें विश्व कप से याद रखा जाएगा।

### विश्व कप के अपने पहले ही मैच में बनाए थे 97 रन

**विश्व** कप के अपने पहले ही मैच में भारत को खराब शुरुआत से निकालते हुए उन्होंने 97 रन की पारी खेली। नीदरलैंड के खिलाफ उन्होंने सिर्फ 62 गेंद में शतक जमाया। पूरे टूर्नामेंट में 11 मैचों में 452 रन बनाने के अलावा उन्होंने विकेट के पीछे 15 कैच भी लिए।

### 2019 में हमने सोचा नहीं था कि हम खिताब नहीं जीतेंगे

**विश्व** कप 2019 में भारत को सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने हराया था। उस टूर्नामेंट के बारे में राहुल ने कहा कि हम सभी उस विश्व कप में आत्मविश्वास से भरे थे और हमने सोचा नहीं था कि हम खिताब नहीं जीतेंगे। पहले दौर में हमने कुछ शानदार जीत दर्ज की। कुछ मैचों में खराब प्रदर्शन भी रहा, लेकिन हमने जीत के रास्ते बनाए। उन्होंने कहा कि हमें लगा ही नहीं कि हम हार सकते हैं, क्योंकि हम हर चुनौती का सामना करने में कामयाब रहे थे। हम हार के लिए तैयार नहीं थे, इसलिए सेमीफाइनल में हार से सभी स्तब्ध थे। सेमीफाइनल में जब रविंद्र जडेजा और महेंद्र सिंह धोनी खेल रहे थे, तो लगा कि कोई चमत्कार होगा और हम जीत जाएंगे। उन्होंने कहा कि लेकिन ऐसा नहीं हुआ।



# सबरीमाला में भीड़ से अव्यवस्था!



**तिरुवनंतपुरुम।** भगवान अयप्पा को समर्पित प्रसिद्ध हिंदू मंदिर सबरीमाला में इस साल भारी संख्या में लोग आ रहे हैं। इस बीच, विपक्षी कांग्रेस ने सबरीमाला मुद्दे पर सरकार की आलोचना की और उस पर मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

## 15-20 घंटे लोगों की कतार..., कांग्रेस ने सरकार पर लगाया ढिलाई का आरोप

विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने कहा कि सबरीमाला तीर्थयात्रा में अभूतपूर्व घटनाएं हो रही हैं। इसके अलावा, उन्होंने मकरविलक्कू तीर्थयात्रा के दौरान भक्तों के लिए अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

## धोखाधड़ी मामले में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व मैनेजर को पांच साल कैद

**नई दिल्ली।** बैंक के धन की हेराफेरी मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो के विशेष न्यायाधीश, चेन्नई (तमिलनाडु) की अदालत ने शुक्रवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के तत्कालीन प्रबंधक के. भास्कर राव को 10.76 लाख रुपए के जुर्माने के साथ पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उनकी पत्नी शैलजा को 37,000 रुपए के जुर्माने के साथ तीन साल की सजा सुनाई है। जांच के बाद सीबीआई ने नौ अगस्त, 2010 को आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। ट्रायल कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। सीबीआई ने 31 जून, 2009 को आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप लगाया गया था कि वर्ष 2007-09 के दौरान यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, सोकार्पेट शाखा, चेन्नई में प्रबंधक के रूप में और शाखा के अग्रिम विभाग की देखभाल करते हुए उन्होंने बैंक के साथ धोखाधड़ी की और बैंक के धन की हेराफेरी की।



# डोनाल्ड ट्रंप को एक और झटका, कैपिटल हिल हिंसा मामले में भी नहीं मिली राहत

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में अमेरिका के राज्य मेन में उन्हें चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित करार दे दिया गया है, वहीं अब कैपिटल हिल में हुई हिंसा के मामले में भी उनके खिलाफ मुकदमा चलने का रास्ता साफ हो गया है। बता दें कि अमेरिका की अदालत ने कैपिटल हिल हिंसा मामले में ट्रंप को इम्यूनिटी देने से इनकार कर दिया है। छह जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल (संसद) पर ट्रंप समर्थकों ने हमला किया था। इस हमले में एक पुलिसकर्मी समेत पांच लोगों की मौत हुई थी और कई अन्य पुलिसकर्मी घायल हुए थे। कई पुलिसकर्मियों ने इस मामले में ट्रंप के खिलाफ मुकदमा दायर किया था।



### क्या है कैपिटल हिल हिंसा मामला

**साल** 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हार हुई थी। ट्रंप ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाया था। इसके बाद ट्रंप समर्थकों ने कैपिटल हिल का घेराव कर वहां तोड़-फोड़ की थी। इस हिंसा में एक पुलिसकर्मी समेत पांच लोगों की मौत हुई थी। इस मामले की जांच में ट्रंप को भीड़ को भड़काने का दोषी पाया गया है और उनके खिलाफ आपराधिक मामला चलाने की सिफारिश की गई थी।

## वर्ल्ड न्यूज

### कनाडाई सिख महिला पर हत्या का आरोप, जांच शुरू

**टोरंटो।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक महिला की 'संदिग्ध' मौत के मामले में 28 वर्षीय एक सिख महिला पर हत्या का आरोप लगाया गया है।इस महीने की शुरुआत में ब्रिटिश कोलंबिया के निचले मुख्यभूमि क्षेत्र के शहर डेल्टा में एक महिला का शव मिलने के एक दिन बाद प्रीति टीना कौर पनेसर को हिरासत में ले लिया गया था। डेल्टा पुलिस ने मृतका का नाम, उम्र या उसके बारे में कोई अन्य पहचान संबंधी विवरण साझा नहीं किया, सिवाय इसके कि उसका पनेसर के साथ एक अनिर्दिष्ट 'पारिवारिक संबंध' है।

### तीर्थयात्रियों के तीन वाहनों पर चढ़ा ट्रक, पांच लोगों की मौत, 19 घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु में आधीरात बाद हुए सड़क हादसे में पांच तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। यह हादसा रात 12:20 बजे तिरुचि-रामेश्वरम राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। पुलिस के मुताबिक इस राजमार्ग पर पुदुकोट्टई जिले के नमनसमुथिरम थाना क्षेत्र में एक चाय की दुकान के पास सड़क के किनारे तीन वाहन खड़े थे। तीनों में तीर्थयात्री बैठे थे। अचानक एक तेज रफ्तार ट्रक ने तीनों वाहनों को चपेट में ले लिया। घायलों को पुदुकोट्टई सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया है।

### इसराइली दूतावास विस्फोट मामले में अज्ञात लोगों पर एफआईआर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में इसराइली दूतावास के पास हुए विस्फोट मामले में दिल्ली पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक पुलिस अधिकारी की शिकायत पर तुगलक रोड पुलिस थाने में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा तीन (जीवन या संपत्ति को खतरे में डालने वाला विस्फोट करने का दंड) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित इसराइल के दूतावास के पास मंगलवार शाम को एक विस्फोट हुआ था। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ था।

### पाकिस्तान में आतंकियों ने लड़कियों का स्कूल फूंका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों ने लक्की मारवत जिले के बन्नू के कोटका मांबती बराकजई इलाके में लड़कियों के सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूल में विज्ञान प्रयोगशाला और वहां रखे उपकरणों में आग लगा दी। यह स्कूल मिरयान तहसील में है। रिपोर्ट के अनुसार प्रयोगशाला और स्टाफ रूम के साथ-साथ फर्नीचर और अन्य वस्तुएं नष्ट हो गईं। स्कूल के गेट पर एक धमकी भरा पत्र चिपका गए हैं। इसमें स्कूल को खोलने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई है। क्षेत्र के सभी स्कूल शीतकालीन अवकाश के कारण बंद हैं।



### कर्नाटक के शिक्षा मंत्री चेक बाउंस केस में दोषी करार

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा को चेक बाउंस केस में दोषी ठहराया गया है। स्पेशल कोर्ट ने 6.96 करोड़ का फाइन लगाया है। 2011 में मधु बंगारप्पा आकाश ऑडियो कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर थे। उस समय उन्होंने 6.60 करोड़ रुपए का एक चेक राजेश एक्सपोर्ट्स के नाम दिया था। चेक बाउंस होने पर राजेश एक्सपोर्ट्स ने केस दर्ज करवाया था। कोर्ट ने कहा है कि जुर्माना न भरने की स्थिति में मंत्री मधु बंगारप्पा को छह महीने की साधारण कैद भुगतनी होगी। इस घटनाक्रम के बाद बीजेपी ने उनके इस्तीफे की मांग की है।

# राजस्थान सरकार कैबिनेट का विस्तार, 22 मंत्रियों ने ली शपथ

## 12 कैबिनेट और 10 राज्य मंत्री बने, चुनाव से पहले टीटी को बनाया मंत्री

**एजेंसी, जयपुर**




राजस्थान में शनिवार को भजन लाल सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। राजधानी जयपुर में राजभवन में हुए शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने कुल 21 विधायकों और एक प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इनमें 12 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), 5 राज्य मंत्री हैं।

सांसद पद छोड़कर विधायक बने किरोड़ीलाल मीणा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ कैबिनेट मंत्री बनाए गए हैं। शनिवार सुबह सीएम भजनलाल शर्मा ने राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की थी। राज्यवर्धन सिंह राठौड़, डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा के साथ-साथ गजेंद्र सिंह खिमसर, बाबूलाल खराड़ी, जोगाराम पटेल, जोराराम कुमावत, सुरेश सिंह रावत और मदन दिलावर ने मंत्री पद की शपथ ली। सबसे पहले सवाई माधोपुर से विधायक किरोड़ीलाल मीणा ने शपथ ली।

दूसरे कैबिनेट मंत्री के रूप में गजेंद्र सिंह खींवसर ने शपथ ली। तीसरे कैबिनेट मंत्री के रूप में राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने शपथ ली। कुल 22 मंत्रियों को इस कार्यक्रम शपथ दिलाई गई। राज्य में भजनलाल शर्मा सरकार के अस्तित्व में आने के बाद कैबिनेट विस्तार में कई दिन लग गए। 15 दिसंबर को भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जबकि उनके साथ दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा उपमुख्यमंत्री बने।

### पांच जनवरी को चुनाव, प्रत्याशी को बनाया मंत्री

**सबसे** खास यह है कि भाजपा ने श्रीकरणपुर सीट से प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह टीटी को मंत्री बनाया है। यह राजस्थान में पहला मामला है, जब चलते चुनाव के बीच किसी प्रत्याशी को मंत्री बनाया गया हो। श्रीकरणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण चुनाव कैंसिल हो गए थे। यहां 5 जनवरी को वोटिंग होनी है। नियमानुसार कोई भी वयस्क भारतीय नागरिक बिना विधायक बने छह महीने तक मंत्री बना रह सकता है।

# भारत में कोविड-19 के 743 नए मामले, सात लोगों की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 743 नए मामले सामने आए हैं। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या 3,997 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण से सात लोगों की मौत हुई है।

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में कोविड-19 से केरल में तीन, कर्नाटक में दो जबकि छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में एक-एक मरीज की मौत हुई है। ठंड और कोरोना वायरस के नए उपस्वरूप के कारण हाल के दिनों में संक्रमण के मामलों में तेजी आई है। इससे पहले पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दहाई अंक तक पहुंच गई थी।

वर्ष 2020 की शुरुआत से अब तक लगभग चार वर्षों में देश भर में कोरोना वायरस से लगभग साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए तथा इससे 5.3 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, अब तक संक्रमण से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4.4 करोड़ हो गई है। स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, देश में कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 220.67 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

**24** घंटे में कोविड-19 के 743 नए मामले सामने आए हैं।

**2020** की शुरुआत से अब तक चार वर्षों में देश भर में कोरोना से साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं।



# नड्डा ने श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिलों के 200 साल पूरे होने की स्मृति में जारी किया डाक टिकट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने श्रीलंका में विस्थापित भारतीय मूल के तमिलों द्वारा वर्षों तक किए गए संघर्षों को याद करते हुए कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत ने एक नई आशावादी और सकारात्मक यात्रा शुरू की।

नड्डा ने कहा कि वर्ष 2017 में, नरेंद्र मोदी जाफना का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने और उन्हें पक्के मकान देने का वादा किया, वादे को पूरा भी किया और तभी हमारे लोगों को श्रीलंका में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला।



भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विस्थापित भारतीय मूल के तमिलों के वर्षों के संघर्ष को किया याद

भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जेपी नड्डा ने श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिलों के 200 साल पूरे होने की स्मृति में डाक टिकट जारी करते हुए कहा कि यह बहुत बड़े ऐतिहासिक अवसर और खुशी की बात है।

आज, हम वर्ष 1823 को याद कर रहे हैं और इसे भारतीय मूल के तमिलों के डाक टिकट के साथ मना रहे हैं, जो 200 साल पहले श्रीलंका गए थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने अपने फायदे के लिए हमारे तमिल लोगों के श्रीलंका में प्रवास को प्रोत्साहित किया। इसने विस्थापित लोगों को वहां के खेतों में काम करवाकर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के ब्रिटिशर्स के उद्देश्य को पूरा किया। विस्थापित भारतीय मूल के तमिलों ने वहां वर्षों तक संघर्ष किया। उन्हें मानवीय गरिमा, स्वास्थ्य और आजीविका की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

# दुनिया में सबसे लंबी समुद्र के नीचे की सड़क सुरंग का शील्ड टनलिंग ऑपरेशन शुरू

**बीजिंग।** दुनिया में सबसे लंबी समुद्र के नीचे की सड़क सुरंग यानी चीन के शानतोंग प्रांत के छिंगताओ शहर स्थित च्याओचो खाड़ी की दूसरी सुरंग का शील्ड टनलिंग ऑपरेशन 30 दिसंबर को शुरू हुआ। अनुमान है कि सुरंग का निर्माण दिसंबर 2027 में पूरा होने के बाद इस पर यातायात शुरू होगा।

बताया जाता है कि इस बार ढाल की खुदाई की दूरी 3,255 मीटर है। च्याओचो खाड़ी के समुद्र तल की भूवैज्ञानिक स्थिति जटिल है। निर्माण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई उन्नत प्रौद्योगिकियों का प्रयोग किया गया। सुरंग पर यातायात शुरू होने के बाद च्याओचो खाड़ी के पूर्व और पश्चिम तटों के बीच मिश्रित विकास बढ़ाया जाएगा जिससे च्याओतोंग प्रायद्वीप के शहरों की प्रतिस्पर्धा शक्ति उन्नत होगी।



# 100 अरब डॉलर हासिल करने वाली दुनिया की पहली महिला बनीं फ्रांस्वा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फ्रांस्वा बेटनकोर्ट मेयर्स 100 अरब डॉलर की संपत्ति अर्जित करने वाली दुनिया की पहली महिला और 12वीं सबसे अमीर व्यक्ति बन गई हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, वीरवार को उनकी संपत्ति बढ़कर 100.1 बिलियन डॉलर हो गई। उन्होंने यह मील का पत्थर तब हासिल किया जब उनके दादा की ओर से स्थापित सौंदर्य उत्पाद बनाने वाली कंपनी लॉरियल के शेयर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए। स्टॉक के लिए 1998 के बाद से यह साल सबसे अच्छा रहा।



संपत्ति में बढ़त के बावजूद बेटनकोर्ट मेयर्स की संपत्ति अब भी फ्रांसीसी हमवतन बर्नार्ड अर्नाल्ट जो एलवीएमएच मोएट हेनेसी लुई वीटॉन एसई के संस्थापक हैं से काफी कम हैं। अर्नाल्ट 179 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ वैश्विक रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं।

# लोक सेना हिंद ने जन लोकपाल विधेयक पर केजरीवाल को घेरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोक सेना हिंद के अध्यक्ष डॉ. मुनीश रायजादा ने आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जन लोकपाल विधेयक को लेकर बड़ा हमला किया है। अन्ना हजारे के आंदोलन में केजरीवाल व अन्य के साथ सक्रिय हिस्सा लेने वाले डॉ. रायजादा कभी आम आदमी पार्टी के मजबूत समर्थक रहे हैं। डॉ. रायजादा के नेतृत्व में लोक सेना हिंद ने राजीव चौक में मेट्रो के गेट नंबर छह के बाहर शुक्रवार दोपहर से शाम तक जन लोकपाल विधेयक की बरसी मनाई। डॉ. रायजादा ने दिल्ली के मुद्दों को फलक पर लाने के लिए राजनीतिक दल के रूप में लोक सेना हिंद का गठन किया है। राजीव चौक में यह कार्यक्रम आम लोगों के बीच कौतूहल का विषय रहा।



डॉ. रायजादा का कहना है कि केजरीवाल ने 2013 में रामलीला मैदान में अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान यह वचन दिया था कि अगर आम आदमी पार्टी की सरकार सत्ता में आई तो जन लोकपाल विधेयक को पास कर उसका क्रियान्वयन किया जाएगा।

# 'एक्स' से बाल यौन उत्पीड़क बाहर 11 मिलियन खातों पर चला चाबुक

**वाशिंगटन।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' ने दावा किया है कि उसने साल 2023 में बाल यौन शोषण नीतियों का उल्लंघन करने वाले अकाउंट्स को निलंबित करने के मोर्चे पर पूर्ववर्ती ट्विटर को पीछे छोड़ दिया है। 'एक्स सेफ्टी' में 28 दिसंबर को यह तुलनात्मक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल जनवरी और नवंबर के बीच उसकी नीति का उल्लंघन करने वाले 11 मिलियन से अधिक खातों को स्थायी रूप से निलंबित कर दिया। ट्विटर ने 2022 में लगभग 2.3 मिलियन खातों को निलंबित किया था। उल्लेखनीय है कि 'एक्स' दुनिया के सबसे अमीर शख्स टेस्ला और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क के स्वामित्व वाला लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफार्म है। एक्स ने यह भी कहा है कि उसने 2023 की पहली छमाही में नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन साइबर टिपलाइन को 430,000 रिपोर्ट भेजीं, जबकि ट्विटर ने 2022 के दौरान 98,000 से अधिक रिपोर्ट भेजीं।

## फ्रांस से विमान वापसी का मामला

### 18 लोगों के बयान दर्ज, पूछताछ में कबूला निकारागुआ से अवैध रूप से जाने वाले थे अमेरिका

# अमेरिका जाने के लिए 1.25 करोड़ तक में हुई थी डील

**एजेंसी, अहमदाबाद**

रोमानिया के लीजेंड एयरलाइंस कंपनी के विमान एयरबस ए-340 को मानव तस्करी के संदेह में फ्रांस के वैट्री एयरपोर्ट पर चार दिनों तक रोककर रखा गया था। इस विमान में कुल 303 भारतीय यात्री सवार थे। उनमें से 276 यात्री 26 दिसंबर को मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड हुए थे। बाकी के 27 यात्री फ्रांस में ही रह गए क्योंकि उन्होंने वहां शरण के लिए आवेदन किया था। विमान में सवार भारतीय यात्रियों में से एक तिहाई गुजराती थे।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

गुजरात के रहने वाले उन 21 लोगों ने सीआईडी क्राइम ब्रांच की पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं जो उस जहाज में सवार थे, जिसे मानव तस्करी के मामले में फ्रांस ने वापस मुंबई भेज दिया था। पुलिस ने इनमें से 18 लोगों के बयान दर्ज किए। ये सभी मेहसाणा, पाटण और गांधीनगर के बताए गए हैं। यात्रियों से पूछताछ में पता चला है कि वे सभी निकारागुआ से अवैध रूप से अमेरिका जाने वाले थे। फ्रांस ने इस विमान को न सिर्फ अपने हवाईअड्डे पर रोका, बल्कि मानव तस्करी की आशंका जताते हुए सभी यात्रियों को बैरंग भारत वापस कर दिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि अमेरिका पहुंचने के लिए एजेंटों के साथ बड़ी डील की गई थी। अवैध रूप से अमेरिका पहुंचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से 40 लाख रुपए से लेकर 1.25 करोड़ रुपए की सौदेबाजी की गई थी।

### सीआईडी ने जांच के लिए गठित की चार टीमें

**सीआईडी** क्राइम ने बताया कि इनके पास टूरिस्ट वीजा था, लेकिन ये सभी अमेरिका में नौकरी के लिए जाने वाले थे। अमेरिका में इन यात्रियों को कैसे प्रवेश मिलना था, इस गैरकानूनी काम में इनका साथ कौन दे रहा था, ये पता लगाने के लिए जांच अभी चल रही है। गुजरात की सीआईडी क्राइम ने मानव तस्करी के इस मामले की जांच के लिए चार टीमें गठित की हैं।



### पंजाब सरकार ने जांच के लिए एसआईटी की गठित

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देश पर जांच ब्यूरो के निदेशक एलके यादव ने निकारागुआ मानव तस्करी मामले में शामिल अपराधों की जांच के लिए शनिवार को चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। एसआईटी का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक (जांच) रणधीर कुमार कर रहे हैं, जबकि तीन सदस्यों में सहायक पुलिस आयुक्त जसरूप कौर बाथ और पुलिस उपाधीक्षक बलकार सिंह संधू और दलबीर सिंह सिद्धू शामिल हैं। एसआईटी को जल्द से जल्द अंतिम रिपोर्ट सक्षम अदालत में सौंपने को कहा गया है। एसआईटी मामले की जांच में सहायता के लिए किसी अन्य अधिकारी या अधिकारी को भी शामिल कर सकती है।

# इसराइली महिलाओं के साथ की गई दरिंदगी की दास्तां आई सामने

**एजेंसी, वाशिंगटन**

इस साल सात अक्तूबर को हमास ने हमले के समय इसराइली महिलाओं को चुन-चुन कर निशाना बनाया। उनके साथ दरिंदगी की सारी हदें पार कर दीं। द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खोजी रपट में अमानवीयता की रोंगटे खड़े कर देने वाली दास्तां देश-दुनिया के सामने रखी है।

दक्षिणी इसराइल में अपनी लापता दोस्त की तलाश कर रही एक महिला के शूट किए गए वीडियो का भी अपनी रिपोर्ट में जिक्र किया है। इसमें हमास की अमानवीयता का सामना करने काली पोशाक वाली एक महिला का जिक्र है। इस वीडियो पर इसराइली पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उनका मानना है कि सुश्री (...) के साथ बलात्कार किया गया था। हमास के आतंकवादियों ने गाजा सीमा पर सैन्य ठिकानों और किबुत्जिम में महिलाओं के साथ क्रूरता की।



वीडियो फुटेज, तस्वीरों, मोबाइल फोन के जीपीएस डेटा, गवाहों, चिकित्साकर्मियों, सैनिकों और परामर्शदाताओं सहित 150 से अधिक लोगों के साक्षात्कार पर तैयार की है। साथ ही कम से कम सात स्थानों पर पड़ताल की जहां इसराइली महिलाओं और लड़कियों का यौन उत्पीड़न किया गया। साथ ही उनके शरीर को क्षत-विक्षत कर दिया गया।

# चीनी जासूसी गुब्बारे ने संचार के लिए अमेरिकी इंटरनेट का किया इस्तेमाल

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी अधिकारी ने खुलासा किया कि चीनी जासूसी गुब्बारा, जिसने 2023 की शुरुआत में संयुक्त राज्य अमेरिका को पार किया था, ने नेविगेशन और स्थान से संबंधित आवधिक डेटा को चीन वापस भेजने के लिए एक अमेरिकी इंटरनेट सेवा प्रदाता का उपयोग किया था, सीएनएन ने बताया।

यह कनेक्शन उन साधनों में से एक के रूप में उभरा जिसके द्वारा अमेरिकी खुफिया एजेंसियां गुब्बारे के स्थान को ट्रैक करने और उसके पारगमन के दौरान महत्वपूर्ण जानकारी इकट्ठा करने में सक्षम थीं। हालांकि विशिष्ट इंटरनेट सेवा प्रदाता की पहचान अज्ञात है, सीएनएन को सूचित किया गया कि गुब्बारे में अमेरिका पार करते समय बीजिंग के साथ संचार करने की क्षमता थी।

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099, ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com, फोन नंबर : 01892-299098, 98168-75517